राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com




# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 54, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली रविवार 10 सितम्बर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

**मुख्य अपडेट**

एनडीएमसी को नयी दिल्ली में 100 से कम एक्यूआई रखने में मिली सफलता .... पेज 03

रायबरेली : वकीलों की हड़ताल जारी, लोक अदालत का किया बहिष्कार .... पेज 05

रोहना बोपन्ना और मैथ्यू एब्डेन की जोड़ी अमेरिकी ओपन के फाइनल में हारी .... पेज 07

## मोरक्को में 7.2 तीव्रता का भूकंप, 1,037 की मौत

### कई इमारतें ढहीं; ये इस इलाके में आया 120 साल का सबसे ताकतवर भूकंप

रबात/माराकेश। अफ्रीकी देश मोरक्को में भूकंप से अब तक 1,037 लोगों की मौत हो चुकी है। 672 लोग जख्मी हुए हैं। मोरक्को जियोलॉजिकल सेंटर ने बताया कि भूकंप की तीव्रता 7.2 थी। यह शुक्रवार की देर रात आया। हालांकि स जियोलॉजिकल सर्वे ने इसकी तीव्रता 6.8 बताई है। साथ ही कहा कि ये इस इलाके में 120 साल में आया सबसे ताकतवर भूकंप है।

मोरक्को के स्टेट टेलीविजन ने बताया कि भूकंप की वजह से कई इमारतें ढह गईं हैं। सोशल मीडिया पर भूकंप से जुड़े कई वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं, जिसमें लोग भागते हुए नजर आ रहे हैं।



भूकंप का एपिसेंटर एटलस पर्वत के पास इघिल नाम का गांव बताया जा रहा है, जो माराकेश शहर से 70 किलोमीटर की दूरी पर है। भूकंप की गहराई जमीन से 18.5 किलोमीटर नीचे थी। पुर्तगाल और अल्जीरिया तक भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप से इमारतें मलबे में तब्दील हो गईं।

NESCO की विश्व धरोहर स्थल ऐतिहासिक माराकेश में पर्यटकों का ध्यान खींचने वाली लाल दीवारों के कुछ हिस्से भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक उत्तरी अफ्रीका में भूकंप काफी दुर्लभ है। इससे पहले 1960 में अगादिर के पास 5.8 तीव्रता का भूकंप आया था। तब हजारों लोगों की मौत हो गई थी।

#### भारत, ब्रिटेन, अमेरिका मदद करेंगे

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोरक्को में आए भूकंप पर दुख जताया है। उन्होंने कहा- हम इस दुख की घड़ी में मोरक्को के साथ हैं। हम हर संभव मदद देने को तैयार हैं। अमेरिकी प्रेसिडेंट जो बाइडेन और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने भी मोरक्को को हर संभव मदद देने की बात कही है।

**जी20 इवेंट**



नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन बांग्लादेश की प्रधान मंत्री शेख हसीना और उनकी बेटी साइमा वाजेद के साथ सेल्फी के लिए पोज देते हुए।

## भारत की बड़ी कामयाबी

### नई दिल्ली लीडर्स घोषणा पत्र को मंजूरी




भारत की जी20 अध्यक्षता के लिए शनिवार को एक बड़ी जीत सामने आई। सदस्य देशों के बीच सबकी सहमित से नई दिल्ली लीडर्स समिट डिक्लेरेशन को अपनाया लिया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत मंडपम में शिखर सम्मेलन के दूसरे सत्र को संबोधित करते हुए इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा, अभी-अभी अच्छी खबर मिली है कि हमारी टीमों की कड़ी मेहनत और आपके सहयोग के कारण नई दिल्ली जी20 लीडर्स शिखर सम्मेलन घोषणा पर आम सहमति बन गई है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, यह मेरा प्रस्ताव है कि इस जी20 घोषणापत्र को अपनाया जाए। सदस्यों की मंजूरी के बाद मोदी ने घोषणा की कि इसे स्वीकार कर लिया गया है। उन्होंने कहा, इस अवसर पर मैं अपने मंत्रियों, शेरपा और सभी अधिकारियों को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत से इसे संभव बनाया। राजनयिक सूत्रों के अनुसार, यूक्रेन संघर्ष से संबंधित पैराग्राफ पर आम सहमति नहीं बन पाई थी। इसके कारण भारत ने शुक्रवार को सकारात्मक नतीजे निकालने के प्रयास में भू-राजनीतिक संबंधी पैराग्राफ के बिना ही सदस्य देशों के बीच शिखर सम्मेलन घोषणा पत्र का मसौदा बांटा था।

#### अमिताभ कांत ने बताया कि नई दिल्ली घोषणा पत्र किन चीजों पर फोकस करता है...

- मजबूत, दीर्घकालीक, संतुलित और समावेशी विकास।
- सतत विकास लक्ष्यों पर आगे बढ़ने में तेजी लाना।
- दीर्घकालीक भविष्य के लिए हरित विकास समझौता।
- 21वीं सदी के लिए बहुपक्षीय संस्थाएं।
- बहुपक्षवाद को पुर्नजीवित करने पर जोर।

#### दुनिया में शांति और समृद्धि के लिए मजबूत अपील

भारत के जी20 शेरपा अमिताभ कांत ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में कहा, नई दिल्ली लीडर्स डिक्लेरेशन को जी20 इंडिया लीडर्स समिट में आधिकारिक तौर पर अपना लिया गया है।

आज के युग को मानव-केंद्रित वैश्वीकरण के स्वर्ण युग के रूप में चिह्नित किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की जी20 की अध्यक्षता ने इस लक्ष्य की दिशा में अथक प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि सभी विकासात्मक और भू-राजनीतिक मुद्दों पर शत-प्रतिशत सर्वसम्मति के साथ यह ऐतिहासिक और पथप्रदर्शक जी20 घोषणापत्र है। नए भू-राजनीतिक पैराग्राफ आज की दुनिया में लोगों, शांति और समृद्धि के लिए एक मजबूत आह्वान हैं। यह आज की दुनिया में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व को प्रदर्शित करता है।

## वैश्विक लाभ के लिए एआई के उपयोग पर सहमति

नयी दिल्ली। भारत की अध्यक्षता में जी-20 देशों के राष्ट्राध्यक्ष आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) का अधिक अच्छे, वैश्विक आर्थिक विकास और डिजिटल विस्तार के लिए जिम्मेदारी से उपयोग पर सहमत हो गये हैं।



जी-20 नयी दिल्ली घोषणापत्र में इसको शामिल किया गया है। घोषणापत्र में महत्वपूर्ण नैतिक और नियामक विचारों को ध्यान में रखते हुए अधिक अच्छे, वैश्विक आर्थिक विकास और डिजिटल विस्तार के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के जिम्मेदार दोहन को रेखांकित किया गया। इसमें एआई की तीव्र प्रगति और समृद्धि लाने और वैश्विक डिजिटल अर्थव्यवस्था का विस्तार करने की इसकी क्षमता को मान्यता दी गई। हालाँकि, इसका प्राथमिक ध्यान वैश्विक चुनौतियों को जिम्मेदारी से, समावेशी और एक मजबूत मानव-केंद्रित दृष्टिकोण के साथ संबोधित करने के लिए एआई का उपयोग करने पर रहता है जो व्यक्तियों के अधिकारों और सुरक्षा की रक्षा करता है।

इसमें मानवाधिकारों की रक्षा करने, एआई प्रणालियों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और एआई निर्णय लेने की प्रक्रियाओं के लिए स्पष्टीकरण प्रदान करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। इसके अलावा, यह एआई एल्गोरिदम में निष्पक्षता, एआई डेवलपर्स के लिए जवाबदेही और एआई प्रौद्योगिकियों की सुरक्षा और विश्वसनीयता की गारंटी के लिए नियामक ढांचे की स्थापना का आह्वान किया गया है।

### अफ्रीकी संघ जी 20 समूह में शामिल

**नयी दिल्ली।** अफ्रीकी संघ को औपचारिक रूप से जी 20 समूह में स्थाई सदस्य के रूप में शामिल कर लिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को यहां प्रगति मैदान के भारत मंडपम में आयोजित दो दिवसीय जी 20 सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए इसकी घोषणा की। अफ्रीकी संघ को जी 20 समूह में शामिल करने का एजेंडा सम्मेलन की प्राथमिकताओं में शामिल था और इसीलिए प्रधानमंत्री ने अपने उद्घाटन भाषण में सबसे पहले इसका ऐलान किया। मोदी ने कहा, आप सबकी सहमति से, आगे की कार्यवाही शुरू करने से पहले, मैं अफ्रीकन यूनियन के अध्यक्ष को जी-20 के स्थाई सदस्य के रूप में अपना स्थान ग्रहण करने के लिए आमंत्रित करता हूँ। उन्होंने कहा , भारत की जी-20 अध्यक्षता, देश के भीतर तथा देश के बाहर, समावेश और सबका साथ का प्रतीक बन गई है। भारत में यह पीपल्स जी -20 बन गया। करोड़ों भारतीय इससे जुड़े। देश के 60 से ज़्यादा शहरों में 200 से ज्यादा अधिक बैठकें हुईं।

### नारी सशक्तीकरण पर नया समूह गठित होगा

नयी दिल्ली। जी- 20 की भारतीय अध्यक्षता में लैंगिक समानता और नारी सशक्तीकरण पर बल देते हुए जी- 20 में नया महिला सशक्तीकरण समूह गठित करने की घोषणा की गई है। जी-20 शिखर सम्मेलन के पहले दिन शनिवार को विदेश मंत्री जयशंकर, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और शेरपा अमिताभ कांत ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि जी- 20 के नयी दिल्ली घोषणापत्र में लैंगिक समानता और नारी सशक्तीकरण के माध्यम से महिलाओं के नेतृत्व में विकास पर बल दिया गया है। जी-20 नेताओं ने लैंगिक समानता की पुष्टि की है और महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में प्रभावी समान और सार्थक भूमिका देने की बात कही है। कांत ने कहा कि जी-20 की बैठकों में महिलाओं की भागीदारी पर जोर दिया गया है। उन्होंने स्वीकार किया है कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से वैश्विक चुनौतियों से निपटा जा सकता है और अर्थव्यवस्था को गति दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि जी-20 में महिला मंत्री समूह की सहायता के लिए महिला कार्यकारी समूह का गठन किया जाएगा।

## जी 20 शिखर सम्मेलन : भारत-मिडिल ईस्ट-यूरोप कॉरिडोर का हुआ ऐलान

नयी दिल्ली। जी-20 शिखर सम्मेलन में यहां शनिवार को भारत (एशिया), पश्चिम एशिया और यूरोप के बंदरगाहों को जोड़ने वाले एक रेल मार्ग नेटवर्क के एक साथ एक आर्थिक गलियारे के विकास की घोषणा की गयी जिसके लिए अमेरिका और अन्य भागीदार देशों से मदद मिलेगी।

इस परियोजना के तहत बिजली, समुद्री केवल, स्वच्छ ऊर्जा और इंटरनेट सुविधाओं के ढांचे का भी विकास करने का संकल्प करते हुए इसमें शामिल देशों ने कहा है कि इससे आर्थिक गतिविधियों और रोजगार के अच्छे अवसरों का विस्तार होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे बड़ी संभावनाओं वाली पहल बताया है जो साझा प्रगति और नवाचार का प्रतीक बन सकती है। बुनियादी ढांचे के विकास की इस वृहद परियोजना को भारत ,पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा कहा गया है और इसे इस क्षेत्र में चीन की बेल्डट और रोड ( अंतरराष्ट्रीय सम्पर्क मार्गों के विकास की पहल) के समानांतर पहल के रूप में देखा जा रहा है। भारत और अन्य देश चीन की बेल्ट-रोड परियोजना को कम्यूनिस्ट देश की ओर से अपारदर्शी तरीके से देशों पर थोपी जाने वाली परियोजना के रूप में आलोचना करते रहे है।



भारत ने इसको अपनी क्षेत्रीय संप्रभुता का उल्लंघन करते हुए इसका विरोध किया है क्यों की इसके तहत विकसित की जा रही चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा परियोजना पाकिस्तानी कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर से जा रही है।

भारत ,पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा परियोजना के विकास के लिए अमेरिका, भारत, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, फ्रांस, जर्मनी, इटली और यूरोपीय संघ के शीर्ष नेताओं ने मिल कर काम करने की अपील की है।इसके लिए एक समझौता ज्ञापन की घोषणा की गयी है। प्रस्तावित गलियारे से दो महाद्वीपों (एशिया, यूरोप)में परिवहन एवं यातायात सम्पर्क और आर्थिक एकीकरण में वृद्धि के जरिए आर्थिक विकास को प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। नेताओं ने कहा हे कि इससे दुनिया में स्वस्थ एवं समावेशी आर्थिक विकास के नए द्वार खुलेंगे।

एक बयान में इन देशों ने कहा,हमारा लक्ष्य भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे के माध्यम से यूरोप,पश्चिम एशिया और एशिया के बंदरगाहों को जोड़ते हुए एक रेलवे सम्पर्क सुविधा के एक नए युग की शुरुआत करना है।

अमेरिका के राष्ट्रपति कार्यालय के एक अधिकारी ने कहा,अमेरिका और हमारे साझेदार दोनों महाद्वीपों को वाणिज्यिक केंद्रों से जोड़ने और स्वच्छ ऊर्जा के विकास और निर्यात को प्रोत्साहित करने में सहायक बनना चाहते हैं।''

इस वृहद परियोजना के तहत बिजली की विश्वसनीय सुविधा का विस्तार करने ,समुद्री केबल बिछाने और ऊर्जा ग्रिड और दूरसंचार लाइनों को जोड़ने; उन्नत स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकी के नवाचार की क्षमता बढ़ाने और नागरिकों को सुरक्षित तथा मजबूत इंटरनेट सुविधा से जोड़ने का संकल्प है।

इस परियोजना के माध्यम से पूरे गलियारे से जुड़े क्षेत्रों में व्यापार और विनिर्माण को बढ़ावा देने और खाद्य सुरक्षा और आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने के भी विचार हैं।

इससे निजी क्षेत्र में निवेश को प्रोत्सन मिलने और लोगों को अच्छे और गुणवत्तापूर्ण काम और सेवाओं के अवसरों का विस्तार होने की आशा है।

## जी-20 में मोदी की छवि चमकाने को असलियत पर डाला पर्दा : कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि राजधानी दिल्ली में चल रहे जी-20 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि चमकाने के लिए असलियत पर पर्दा डालने का काम हुआ है और इसके लिए हजारों झुग्गी वालों को बेघर किया गया है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि जी-20 का उद्देश्य सकारात्मक पहल के लिए विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं का एक मंच पर आना है। इसका उद्देश्य वैश्विक समस्याओं से सहयोगात्मक ढंग से निपटना है।

उन्होंने कहा कि सरकार का जोर सिर्फ इस बात पर है कि किसी भी तरह से प्रधानमंत्री की छवि को चमकाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जाए। दिल्ली की जनता के हालत की असलियत जी-20 सम्मेलन में नजर नहीं आए, इसके लिए झुग्गियों को या तो ढक दिया गया है या ध्वस्त कर दिया गया है।



सरकार की इस कार्रवाई से दिल्ली के हज़ारों लोग बेघर हो गए और उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यह काम सिर्फ़ प्रधानमंत्री की छवि को चमकाने के लिए किया गया है। इसी तरह से दिल्ली की सड़कों पर आवारा पशुओं को हटाने और अन्यत्र पहुंचाने के लिए उनके साथ बेरहमी की गई है। उन्हें पकड़ते समय उनके साथ बेरहमी बरती गयी है।

जी-20 का नारा 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' है, लेकिन मोदी असल में 'एक व्यक्ति, एक सरकार, एक पूंजीपति' के सिद्धांत पर विश्वास करते हैं।

कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि मोदी सिर्फ उपदेश देने पर विश्वास करते हैं। उनका कहना था कि पहले जी-20 शिखर सम्मेलनों में भ्रष्टाचार और मनी-लॉन्ड्रिंग पर लगाम लगाने के लिए मोदी अंतरराष्ट्रीय समुदाय को उपदेश देते रहते है।

## पंजाब में 105 करोड़ की हेरोइन पकड़ी : तस्कर भी गिरफ्तार

### पाकिस्तान से आई खेप को ट्रॉली में छिपा कर ले जा रहा था

अमृतसर। पाकिस्तानी तस्करों द्वारा भारतीय सीमा में हेरोइन की तस्करी लगातार जारी है। इस बीच पंजाब पुलिस भी लगातार पाक तस्करों की कोशिश को नाकामयाब कर रही है। पंजाब पुलिस के स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सैल फाजिल्का ने 105 करोड़ की खेप को जब्त करने में सफलता हासिल की है, जबकि एक भारतीय तस्कर भी गिरफ्त में आया है।

#### 15 किलो हेरोइन बरामद

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि सीमा पार से मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले नेटवर्क के खिलाफ खुफिया अभियान के तहत SSOC फाजिल्का ने एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। तस्कर से पुलिस ने 15 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है। भारतीय तस्कर इस खेप को भूसे से भरी ट्रॉली में छिपा कर ले जा रहा था। डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि बॉर्डर पार से चल रही हेरोइन तस्करी की चेन को लगातार पंजाब पुलिस तोड़ने में लगी हुई है।



पिछले 45 दिनों में SSOC फाजिल्का ने 147 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है। एनडीपीसी एक्ट के तहत पुलिस स्टेशन सदर फाजिल्का में मामला दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं, पकड़े गए आरोपी से पूछताछ जारी है। जल्द ही आरोपी से पाकिस्तानी तस्करों और आगे खेप कहां पहुंचानी थी, के बारे में पूछताछ की जा रही है।

**स्कैम**

### बेटे नारा लोकेश को भी सीआईडी ने हिरासत में लिया; दो साल पहले एफआईआर हुई थी

## स्किल डेवलपमेंट स्कैम : आंध्र के पूर्व सीएम चंद्रबाबू नायडू अरेस्ट

नंदयाल। आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू को स्किल डेवलपमेंट स्कैम में शनिवार सुबह 6 बजे नंदयाल शहर से गिरफ्तार कर लिया गया। आपराधिक जांच विभाग ने उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया था। मामला लगभग 550 करोड़ रुपए घोटाले से जुड़ा हुआ है।

चंद्रबाबू को तब गिरफ्तार किया जब वे नंदयाल शहर में एक जनसभा को संबोधित करने के बाद एक बस में आराम कर रहे थे। सीआईडी अधिकारी और नंदयाल जिला पुलिस, कुर्नूल रेंज डीआईजी रघुरामी रेड्डी की अगुआई में तड़के 3 बजे उस कैंप साइट पर पहुंचे जहां नायडू ठहरे हुए थे। वहां पहुंचकर उन्होंने नायडू को गिरफ्तार करने की कोशिश की, लेकिन पार्टी समर्थकों ने उन्हें रोक लिया। पुलिस और पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प भी हुई। जब कार्यकर्ता नहीं माने तो पुलिस ने कुछ को हिरासत में ले लिया।



वहीं चंद्रबाबू नायडू की रिहाई के लिए प्रार्थना करने उनकी पत्नी नारा भुवनेश्वरी मंदिर पहुंची। उन्होंने कहा कि चंद्रबाबू नायडू अपने परिवार के लिए नहीं, राज्य की जनता की आजादी के लिए लड़ रहे हैं। मैं चाहती हूं कि वह इस लड़ाई में जीतें।

#### विजयवाड़ा के कोर्ट में नायडू की पेशी होगी

गिरफ्तारी के बाद उन्हें मेडिकल जांच के लिए नंदयाल अस्पताल ले जाया जाना था, लेकिन उनके मना करने के बाद कैंप साइट पर ही उनका मेडिकल चेकअप किया गया। यहां से उन्हें विजयवाड़ा ले जाया गया है। जहां उन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा।

#### चंद्रबाबू के बेटे पारा लोकेश को पुलिस ने हिरासत में लिया


वहीं, आंध्र प्रदेश पुलिस ने चंद्रबाबू के बेटे पारा लोकेश को ईस्ट गोदावरी जिले से हिरासत में लिया है। लोकेश यहां पदयात्रा कर रहे थे। उन्हें विजयवाड़ा नहीं जाने दिया गया।

#### सीबीआई ने 2021 में एफआईआर दर्ज की थी

सीबीआई ने 9 दिसंबर, 2021 को स्किल डेवलपमेंट घोटाले मामले में स्न्नङ्कक्रदर्ज की थी। इसमें 25 लोगों को आरोपी बनाया गया था। हालांकि, इस एफआईआर में नायडू का नाम नहीं था। इस साल मार्च में ष्टङ्खस्न ने स्किल डेवलपमेंट घोटाले की जांच शुरू की थी। सीबीआई का दावा है कि जांच में जो बातें सामने आई हैं, उनके आधार पर चंद्रबाबू को गिरफ्तार किया गया है।

## मध्यप्रदेश में नहीं चलेगा कांग्रेस का झूठ : शर्मा

भारतीय जनता पार्टी की मध्यप्रदेश इकाई के अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने आज कहा कि कांग्रेस हार के डर से बौखलाकर झूठ फैला रही है और ये प्रदेश में नहीं चलेगा। शर्मा ने संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि कांग्रेस एक राष्ट्रीय न्यूज चैनल की खबर को एडिट करके झूठ परोस रही है। उससे स्पष्ट है कि कांग्रेस हार के डर से बौखला गई है। भाजपा का हर कार्यकर्ता इनके झूठ का जवाब देने के लिए प्रत्येक बूथ पर सजग प्रहरी बनकर खड़ा है और कमलनाथ तथा दिग्विजय सिंह का झूठ मध्यप्रदेश में नहीं चलेगा।





## शार्ट न्यूज

### 50 किग्रा हेरोइन खेप मामला: तस्कर की निशादेही पर 12 किग्रा और हेरोइन बरामद

जालंधर। पंजाब में नशे के खिलाफ चल रहे युद्ध को उस समय बड़ी सफलता मिली जब पंजाब पुलिस ने गिरफ्तार ड्रग तस्कर मलकियत काली द्वारा बताए गए दो स्थानों (प्रत्येक 6 किलो) से 12 किग्रा हेरोइन का अतिरिक्त हिस्सा बरामद किया। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शनिवार को यहां बताया कि यह घटनाक्रम जालंधर ग्रामीण पुलिस द्वारा ड्रग तस्कर मलकियत काली को गिरफ्तार करने के दो दिन बाद आया है, जिसके पास से नौ किलोग्राम हेरोइन बरामद हुई है, जिससे केवल 48 घंटों में कुल हेरोइन बरामदगी 21 किलोग्राम हो गई है। यह बरामदगी 50 किलोग्राम हेरोइन की खेप की एक और किश्त है, जिसे ड्रग तस्कर काली के निर्देश पर पाकिस्तान से तीन तैराकों द्वारा लाया गया था। पुलिस टीमों ने कम से कम पांच ड्रग तस्करों को गिरफ्तार करने के बाद 43.5 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है, जिसमें एक तैराक जोगा सिंह भी शामिल है, जबकि शेष दो तैराकों की तलाश जारी है, जिनकी पहचान गुरदीप सिंह उर्फ रंगी और गुरविंदर सिंह उर्फ मश्तांगी के रूप में की गई है। एसएसपी जालंधर ग्रामीण मुखविंदर सिंह भुल्लर ने कहा कि पूछताछ के दौरान, आरोपी मलकियत काली ने खुलासा किया कि सौदे के अनुसार, किराए के तैराकों को एक करोड़ रुपये (दो लाख रुपये प्रति किलोग्राम) का भुगतान किया जाना था।

### हिमाचल में दसवीं के छात्र ने की आत्महत्या

शिमला। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के चायली गांव में दसवीं कक्षा के छात्र ने कथित रूप से आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि छात्र अपने नानके में रह रहा था। जिसने बीती रात को नजदीक जंगल में आत्महत्या कर ली है। पुलिस को अभी तक कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है और जांच शुरू हो गई है। शिमला में आत्महत्या के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। पिछले आठ महीनों में 36 से ज्यादा लोग आत्महत्या कर चुके हैं। आत्महत्या करने वालों में ज्यादातर युवा शामिल हैं। युवा वर्ग में आत्महत्या की बढ़ती प्रवृत्ति चिंताजनक है। आत्महत्या करने वालों में पुरुषों की संख्या ज्यादा है। ताजा आत्महत्या का मामला चायली समर हिल से सामने आया है। जहाँ लक्ष्य पुत्र राजपाल कश्यप गांव चायली डाकघर चायली उम्र करीब 16 साल ने रस्सी से घर के नजदीक जंगल में फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। शुक्रवार शाम उसकी परिजनों के साथ किसी बात को लेकर बहस हुई और उनकी डांट से नाराज होकर वह घर से चला गया। परिजनों ने बालूगंज थाने में बेटे की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने देर रात लक्ष्य की तलाश शुरू की। उसके मोबाइल की लोकेशन को ट्रेस करते हुए पुलिस की टीम चायली गांव से सटे घने जंगल में पहुंची। जंगल में लक्ष्य का शव पेड़ से लटका मिला इस मामले में सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है।

### गहलोत इन्दिरा रसोई योजना-ग्रामीण की रविवार को टोंक के झिलाय से करेंगे शुरूआत

जयपुर। राजस्थान में 'कोई भूखा ना सोए' की संकल्पना को साकार करने के लिए राज्य सरकार ने एक कदम और बढ़ाते हुए अब शहरों की तरह इन्दिरा रसोई योजना-ग्रामीण की शुरूआत करेगी और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत रविवार को टोंक जिले झिलाय से इसका शुभारंभ करेंगे। गहलोत रविवार को टोंक जिले के निवाई स्थित झिलाय से दोपहर बारह बजे योजना का शुभारम्भ करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विभिन्न जिलों में संचालित इन्दिरा रसोइयों के लाभार्थियों से संवाद भी करेंगे। रविवार को झिलाय में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी की जनसभा भी होगी। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के नगरीय निकायों में करीब 1000 इन्दिरा रसोइयां के सफल संचालन के बाद उपयोगिता को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्र में भी 1000 रसोइयां प्रारम्भ करने की बजट 2023-24 में घोषणा की थी। इस योजना में वर्षभर में 1000 रसोइयों से ग्रामीण क्षेत्र में जरूरतमंदों को करीब सात करोड़ 30 लाख भोजन थालियां परोसने का लक्ष्य रखा गया है। गहलोत ने जयपुर में गत 18 अगस्त को सखी सम्मेलन के दौरान ग्रामीण कस्बों में 1000 इन्दिरा रसोइयों का संचालन राजीविका के माध्यम से कराने की घोषणा की थी। अब पांच हजार से अधिक आबादी वाले ग्रामीण कस्बों में रविवार से योजना को प्रारम्भ किया जा रहा है। इससे ग्रामीण महिलाओं के आजीविका उपार्जन के अवसर बढ़ेंगे।

### हेमंत सरकार की नीयत साफ नहीं, नीति ऐसी बनाते हैं जो न्यायालय में फंस जाए: मरांडी

रांची। भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का राज्य सरकार पर हमला लगातार तेज होता जा रहा। मरांडी की संकल्प यात्रा आज हजारीबाग पहुंची। हजारीबाग जिला स्कूल मैदान में विधानसभा क्षेत्र की विशाल संकल्प सभा को संबोधित करते हुए मरांडी ने हेमंत सरकार के सत्ता संपोषित भ्रष्टाचार,अपराध ,लूट एवम वादा खिलाफी को उजागर किया। मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार की न नीति साफ है और न नीयत। यह सरकार जनता को दिग्भ्रमित कर रही है।उन्होंने कहा कि पिछले पौने चार वर्षों से मुख्यमंत्री झूठा प्रचार कर रहे है। यह सरकार स्थानीय नीति और नियोजन नीति के नाम पर युवाओं को सिर्फ बहला रही है।सरकार ऐसी ही नीति बनाती है जो न्यायालय में जाकर फंस जाए।हेमंत सरकार ने पिछड़े वर्ग को भी धोखा दिया ।पंचायत चुनाव में पिछड़ों को आरक्षण से वंचित किया।और अब निकाय चुनाव केलिए ट्रिपल टेस्ट का कोई काम शुरू नही हुआ। पिछड़ा वर्ग आयोग भी फंक्शन में नही।उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार से विकास की उम्मीद बेमानी है। यह सरकार जनता की सेवा केलिए नही बनी।

### झारखंड राज्य के प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों को दिया चुनाव प्रबंधन प्रशिक्षण

**रांची।** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार की पहल और निर्देश पर भारतीय प्रशासनिक सेवा 2022 बैच के 6 प्रशिक्षु पदाधिकारियों के प्रशिक्षण के लिए निर्वाचन मामलों से संबंधित एक-दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय स्थित सभागार में आज आयोजित इस एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रशिक्षु पदाधिकारियों को चुनाव से संबंधित विभिन्न विषयों पर सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यशाला के आरंभ में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सभी प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों को निर्वाचन कार्य की महत्ता के बारे में बताया एवं निर्वाचन कार्यों के कुशल प्रबंधन को लेकर भारत निर्वाचन आयोग की ओर से लोक प्रशासकों से जो अपेक्षाएं हैं उनके बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कुमार ने न केवल अपने प्रशासकीय अनुभव को प्रशिक्षु अधिकारियों के बीच साझा किया बल्कि उन्हें भविष्य में बेहतर चुनाव प्रबंधन के लिए शुभकामनाएं भी दीं। इस चुनाव प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रशिक्षु पदाधिकारियों को निर्वाचन संबंधी जिन क्रियाकलापों के बारे में पीपीटी के माध्यम से अवगत कराया गया उनमें विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024, इलेक्ट्रॉनिक मतदाता सूची, जिला चुनाव प्रबंधन योजना, वल्नरेबिलिटी मैपिंग, ईआरओ नेट, आईटी टूल आदि शामिल हैं।

### मध्यप्रदेश के छह जिलों में तेज वर्षा के आसार

भोपाल। मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम व छिंदवाड़ा जिले में हुई अच्छी बारिश के बीच राज्य में अगले चौबीस घंटों के दौरान छह जिलों में कहीं-कहीं तेज वर्षा और कई स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा के आसार हैं। प्रदेश के नर्मदापुरम, छिंदवाड़ा, दमोह, बैतूल जिले में हल्की से मध्यम वर्षा आज सुबह से लेकर शाम के बीच दर्ज की गई, वहीं नौगांव, सागर, रतलाम उमरिया, पचमढ़ी, सीधी, उज्जैन, गुना, सिवनी, शिवपुरी, ग्वालियर, खजुराहो, भोपाल, इंदौर, धार, मलाजखंड, मंडला व सतना जिले में कहीं-कहीं हल्की वर्षा हुई। भोपाल मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक पी के साहा के अनुसार राज्य के दतिया, मुरैना, भिंड, टीकमगढ़, छतरपुर व निवाड़ी जिले में कहीं-कहीं भारी वर्षा की संभावना है। इन स्थानों पर अनुमान है कि 115 मिमि से लेकर 204 मिमि के बीच वर्षा हो सकती है। इसके अलावा श्योपुरकला, भोपाल, धार, गुना, रायसेन, इंदौर, राजगढ़, ग्वालियर, हरदा, विदिशा, रतलाम, सीधी, मंडला, डिंडौरी, देवास, सिवनी, मंदसौर और कटनी जिले में मध्यम से भारी वर्षा का अनुमान है।

# चंद्रबाबू कौशल विकास घोटाले में नंबर 1 आरोपी

विजयवाड़ा। आंध्र प्रदेश अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) के अतिरिक्त महानिदेशक एन संजय ने कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री और तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू करोड़ों रुपये के कौशल विकास घोटाले में आरोपी नंबर एक हैं।



संजय ने कहा कि राज्य भर में 3000 करोड़ रुपये की लागत से छह उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने के लिए सीमेंस कंपनी के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किये गये थे। उन्होंने कहा कि उत्कृष्टता केंद्रों के लिए 58 करोड़ रुपये की लागत से सॉफ्टवेयर खरीदा गया।

उन्होंने कहा, हालाँकि आवश्यक सॉफ्टवेयर 58 करोड़ रुपये की लागत से खरीदा गया था, बाद में इसमें कई गुना बढ़ोतरी की गई जिसमें भारी धनराशि की हेराफेरी की गई।

सीआईडी प्रमुख ने शनिवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि तत्कालीन नायडू के नेतृत्व वाली तेदेपा सरकार ने वित्त विभाग की आपत्तियों को नजरअंदाज करते हुए डिजाइनटेक कंपनी को उसके हिस्से के रूप में 371 करोड़ रुपये जारी किए थे। उन्होंने कहा कि राज्य मंत्रिमंडल ने भी इस परियोजना को मंजूरी नहीं दी। उन्होंने कहा कि जांच कौशल विकास निगम के प्रमुख और आरोपी कंपनियों को मुख्य आरोपी बनाकर शुरू हुई। उन्होंने बताया कि जांच से पता चला कि पूरी योजना के पीछे मुख्य साजिशकर्ता और शेल कंपनियों के माध्यम से सरकार से निजी कंपनियों में सार्वजनिक धन के हस्तांतरण की साजिश चंद्रबाबू नायडू की थी।

संजय ने यह भी कहा कि कौशल विकास घोटाले के दो आरोपी डिजाइनटेक कंपनी के मनोज पारदासानी और एक अन्य पेंड्याला श्रीनिवास, जो उस समय श्री नायडू के निजी सहायक (पीए) थे जो विदेश भाग गए।

### उत्तराखंड: पच्चीस हजार का ईनामी अपराधी गिरफ्तार

नैनीताल। उत्तराखंड की लालकुआं पुलिस ने 25 हजार रुपये के ईनामी अपराधी को महाराष्ट्र के पुणे से गिरफ्तार कर लिया है। उसके दो साथियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। मिली जानकारी के अनुसार दीपक रावत उर्फ दीपू टूटन निवासी रावतनगर द्वितीय बिन्दुखता ने अपने दो अन्य साथियों के साथ लालकुआं बंगाली कालोनी निवासी संजय कुमार का कीमती मोबाइल फोन झटप लिया था। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर दो आरोपियों अजय आर्य उर्फ कंटर और अभिषेक उपाध्याय उर्फ शूटर को गिरफ्तार कर लिया था। मुख्य सरगना दीपक तभी से फरार था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अदालत से गैर जमानती वारंट भी जारी कर दिया लेकिन आरोपी हाथ नहीं आया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 25000 रुपये का इनाम घोषित कर दिया।

# जद (एस) भाजपा की बी-टीम : सिद्दारमैया

हुबली। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने शनिवार को कहा कि जनतादल (सेक्युलर) के भारतीय जनता पार्टी की बी-टीम होने संबंधी उनका बयान अगले लोकसभा चुनाव के लिए दोनों दलों के गठबंधन की खबरों से सही साबित हो गया है।

सिद्दारमैया ने यहां हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा,जब भी मैं जद(एस) को भाजपा की बी-टीम कहता था तो उसके नेता मुझ पर अपना गुस्सा जाहिर करते थे। अब वे भाजपा के साथ गठबंधन कर रहे हैं। उनकी पार्टी के नाम में 'सेक्युलर' शब्द है जबकि वे सांप्रदायिक ताकतों के साथ जुड़ रहे हैं।

पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा की ओर से एक बयान जारी करने का जिक्र करते हुए कि भाजपा-जद(एस) गठबंधन उनके नेता जीटी देवेगौड़ा के माध्यम से राज्य में पार्टी के अस्तित्व को बचाने के



लिए था , सिद्दारमैया ने कहा कि जद(एस) की कोई विचारधारा नहीं है और सत्ता हासिल करने के लिए गठबंधन किया गया है।

महादायी परियोजना पर उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार से वन एवं पर्यावरण मंजूरी मिलते ही सरकार इसे शुरू कर देगी। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी के उस बयान पर जिसमें मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाले वन्यजीव बोर्ड को केंद्र को प्रस्ताव भेजने के लिए कहा गया था सिद्दारमैया ने सवाल किया कि कर्नाटक में पिछली भाजपा सरकार ने पिछले तीन वर्षों में ऐसा क्यों नहीं किया।

### सैन्य अस्पताल में चिकित्सा सम्मेलन , युद्ध स्वास्थ्य देखभाल की नवीनतम प्रगति पर चर्चा


श्रीनगर। जम्मू कश्मीर में सेना के प्रतिष्ठित 92 बेस अस्पताल में दो दिवसीय चिकित्सा सम्मेलन में युद्ध और आघात चिकित्सा के क्षेत्र से सशस्त्र बलों के विचारशील अधिकारियों और शिक्षाविदों, पेशेवरों और विशेषज्ञों ने युद्ध स्वास्थ्य देखभाल में नवीनतम प्रगति पर चर्चा की। सेना ने कहा कि 15 कोर के तत्वावधान में श्रीनगर के बादामी बाग छावनी में 92 बेस अस्पताल ने कारगिल विजय दिवस रजत जयंती महोत्सव 2023-24 के हिस्से के रूप में सीआई ऑप्स में कॉम्बैट ट्रॉमा- बदलते प्रतिमान पर दो दिवसीय सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन 15 कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने लेफ्टिनेंट जनरल वी साबिद सैयद, कमांडेंट एएमसी सेंटर एंड कॉलेज और प्रोफेसर एमसी मिश्रा, पूर्व निदेशक एम्स, एमेरिटस प्रोफेसर की उपस्थिति में जेपीएन एपेक्स ट्रॉमा सेंटर, एम्स नयी दिल्ली में किया। उद्घाटन सत्र में सामरिक युद्ध हताहत देखभाल पर पैनल चर्चा हुई। इसके बाद प्रोफेसर एमसी मिश्रा ने उन्नत आघात जीवन समर्थन पर प्रकाश डालते हुए एक अत्याधुनिक प्रस्तुति दी। सेना ने कहा कि इस कार्यक्रम में सशस्त्र बलों के विचारशील अधिकारियों और शिक्षाविदों, सम्मानित पेशेवरों और युद्ध और आघात चिकित्सा के क्षेत्र के विशेषज्ञों को चर्चा करने, ज्ञान साझा करने और युद्ध स्वास्थ्य देखभाल में नवीनतम प्रगति का प्रदर्शन करने के लिए एक साथ लाया गया।

# जम्मू कश्मीर स्कूल बोर्ड के पक्ष में फैसला

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय ने केंद्र शासित प्रदेश के विद्यालयों के लिए पाठ्यपुस्तकें निर्धारित करने की जम्मू कश्मीर बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन के पक्ष में फैसला सुनाया है।

न्यायमूर्ति संजय धर ने जेके प्राइवेट स्कूल यूनाइटेड फ्रंट की ओर से दायर याचिका को खारिज करते हुए कहा कि यह जम्मू कश्मीर स्कूल बोर्ड का अधिकार है कि वह संबद्ध स्कूलों के लिए केवल उन्हीं पुस्तकों का उपयोग करना अनिवार्य बनाए, जो उनके द्वारा निर्धारित और प्रकाशित की गई हैं।

न्यायालय ने कहा कि निजी स्कूलों और अन्य प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित पाठ्य पुस्तकों को निर्धारित करने के लिए बोर्ड को बाध्य करने का कोई





अधिकार है। जेके प्राइवेट स्कूल यूनाइटेड फ्रंट ने 26 अगस्त, 2022 को जारी एक सरकारी अधिसूचना को चुनौती दी थी।

जिसमें यह सुनिश्चित किया गया था कि पहले चरण में, जम्मू-कश्मीर बोस द्वारा प्रकाशित पाठ्य पुस्तकों को आगामी शैक्षणिक सत्र से कक्षा छह से आठ तक के लिए केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के सभी निजी स्कूलों द्वारा लागू और निर्धारित किया जाए। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि बोर्ड को पाठ्यपुस्तकें निर्धारित करने की शक्ति प्राप्त है, लेकिन यह प्रावधान स्कूलों में अपने छात्रों के लिए बोर्ड द्वारा पाठ्य पुस्तकें निर्धारित करना अनिवार्य नहीं बनाता है। प्रतिवादी बोर्ड ने अपने जवाब में कहा कि कक्षा एक से 12वीं तक पाठ्यचर्या, पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तकों का विकास करना उनके अधिकार में आता है और 1975 के अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार, बोर्ड के पास प्रारंभिक शिक्षा और उच्च माध्यमिक शिक्षा नीति से संबंधित मामलों पर सरकार को सलाह देने की शक्ति है।

सरकारी वकील ने कहा कि स्कूल बोर्ड के पास जम्मू और श्रीनगर में अपने संभागीय कार्यालयों में एक अच्छी तरह से स्थापित पाठ्यक्रम विकास और अनुसंधान विंग है और इस कार्य को प्रभावी ढंग से देखने के लिए योग्य शिक्षक हैं।

# पत्रकार बताकर वसूली करने वाले दो लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने मध्य कश्मीर के गंदेरबल जिले में पत्रकार बताकर वसूली करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने शनिवार को यहां बताया कि गिरफ्तार किये दोनों लोगों के नाम सोहेल मकबूल और कैसर फारूक हैं।

उन्होंने बताया कि सर्फ़ा गुंड गंदेरबल के गुलज़ार अहमद कसाना ने शुक्रवार को पुलिस थाना गुंड को एक लिखित शिकायत दी थी जिसमें कहा गया कि दो अज्ञात व्यक्ति स्वयं को पत्रकार बताते हुए उनके आवास पर पहुंचे और उनसे पांच हजार रुपये की रिश्वत की मांग की।

उन्होंने बताया कि कसाना एक घर



का निर्माण कर रहा है और दो स्वयंभू फर्जी पत्रकारों ने उससे 500 रुपये नगद ले लिए और शेष राशि 4500 रुपये दो दिन बाद देने को कहा।

शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया, इसके अलावा, दोनों ने पीड़ित से कहा कि यदि वह उक्त राशि का भुगतान नहीं करेगा तो वे उसका घर तोड़ देंगे।

पुलिस ने बताया कि गंदेरबल पुलिस दल ने बाद में दोनों लोगों को ब्लैकमेलिंग और जबरन वसूली के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि कई दिनों से शिकायत मिल रही थी कि गुंड के सार्वजनिक इलाके में स्कूटर पर कुछ लड़के हाथ में मोबाइल फोन और कैमरा लेकर लोगों को ब्लैकमेल कर उनसे वसूली कर रहे हैं।

पुलिस ने आम जनता से अनुरोध किया है कि वे ब्लैकमेलिंग का शिकार न हों और ऐसे अपराधों की सूचना तुरंत पुलिस को दें ताकि भविष्य में भी अपराधियों को समय रहते पकड़ा जा सके।

### पर्यटकों को आकर्षित करेंगी गवरी नृत्य की प्रस्तुतियां

**उदयपुर।** माणिक्य लाल वर्मा आदिम जाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान, उदयपुर (राज.) द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी उदयपुर शहर के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर मेवाड़ का प्रमुख पारम्परिक जनजातीय नृत्य नाटिका गवरी का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए गवरी दल मुखिया 12 सितम्बर तक आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। संस्थान निदेशक डॉ. तरू सुराणा ने बताया कि संस्थान की ओर से पारम्परिक जनजाति कला एवं संस्कृति के संरक्षण एवं कलाकारों को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष शहर के प्रमुख स्थलों पर गवरी नृत्य का मंचन कराया जाता रहा है। इस वर्ष सहेलियों की बाड़ी, गणगौर घाट एवं भारतीय लोक कला मण्डल में गवरी नृत्यों की प्रस्तुतियां करवायी जाएंगी।

# सेना द्वारा 58वां असल उतर दिवस पर समारोह का आयोजन

**जालंधर।** गोल्डन एरो डिवीजन के तत्वावधान में अग्निबाण ब्रिगेड द्वारा 1965 की लड़ाई में परमवीर चक्र (मरणोपरांत) वीर नायक अब्दुल हामिद की 58वीं शहादत वर्षगांठ के अवसर पर असल उतर गांव के पास शहीद स्मारक पर समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर अग्निबाण ब्रिगेड के कमांडर ब्रिगेडियर विक्रम चंदेल द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई और उसके बाद बहादुर शहीद के विश्राम स्थल पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

समारोह का समापन बिगुलरों द्वारा बजाए गए लास्ट पोस्ट की धुन और शहीद के लिए दो मिनट के मौन के साथ हुआ। वीर नायक अब्दुल हामिद, परमवीर चक्र (मरणोपरांत) की बेटी नजबुन निशा अन्य रिश्तेदारों के साथ इस शहीदी समारोह की गवाह बनीं। सिविल प्रशासनिक अधिकारियों, क्षेत्र के सेना के उच्चाधिकारियों ने स्थानीय लोगों को मातृभूमि के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीर नायकों को याद करते हुए और उन्हें भारतीय सेना में शामिल होने के लिए प्रेरित किया।

असल उतर की लड़ाई 1965 के भारत-पाक युद्ध के दौरान लड़ी गई, सबसे बड़ी टैंक आधारित लड़ाईयों में से एक थी।

यह 08 सितंबर से 10 सितंबर 1965 तक लड़ी गई थी, जब पाकिस्तानी सेना के टैंक और पैदल सेना ने भारतीय क्षेत्र में खेमकरण के शहरी क्षेत्रों की ओर हमला किया था।

# लोक अदालत में पांच वर्ष पुराने 19 लंबित मामलों का निष्पादन

**जालंधर।** राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण, पंजाब राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के अनुसार और श्री के कुशल मार्गदर्शन के तहत निर्भो सिंह गिल, एल.डी. जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष डीएलएसए जालंधर द्वारा शनिवार को न्यायिक न्यायालय परिसर, जालंधर, फिल्लौर और नकोदर में लोक अदालतें आयोजित की गई। उक्त लोक अदालत में सभी प्रकार के सिविल मामले, वैवाहिक मामले, एमएसीटी मामले, समझौता योग्य मामले, ट्रैफिक चालान और पीएसपीसीएल के प्री-लिटिगेटिव मामले, बैंक मामले, बीएसएनएल और राजस्व मामले आदि उठाए गए। निर्भो सिंह गिल, एल.डी. जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष डीएलएसए जालंधर ने बताया कि जालंधर में 18 बेंचों का गठन किया गया है, और फिल्लौर और नकोदर में दो-दो बेंचों का गठन किया गया है। लोक अदालत में कुल 46981 मामले आये और 44539 मामलों का निपटारा समझौते के आधार पर किया गया। लोक अदालत में 65 करोड़ 53 लाख 77 हजार 238 रूपये का एक मामला पारित किया गया। निर्भो सिंह गिल, एल.डी. जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष डीएलएसए जालंधर ने जालंधर में गठित बेंचों का निरीक्षण किया। उन्होने बताया कि आम जनता को असुविधा से बचाने के लिए ट्रैफिक चालान का विवरण जालंधर कोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किया गया है।


### प्रियंका रविवार को टोंक जिले में करेगी जनसभा को संबोधित

जयपुर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रियंका गांधी रविवार को राजस्थान दौरे पर आयेंगी जहां वह टोंक जिले में एक जनसभा को सम्बोधित करेंगी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि प्रियंका गांधी टोंक जिले में निवाई क्षेत्र के झिलाए गांव में सुबह दस बजे विवेकानन्द मॉडल स्कूल के प्रांगण में जनसभा को सम्बोधित करेंगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत , पार्टी के राजस्थान प्रभारी सुखजिन्द्र सिंह रंधावा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा भी जनसभा को संबोधित करेंगे।

# इसरो ने चंद्रयान-2 के ऑर्बिटर से ली गई सीएच-3 लैंडर की तस्वीरें जारी की

चेन्नई। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार को चंद्रयान-2 ऑर्बिटर पर लगे दोहरे ड्यूल फ्रीक्वेंसी सिंथेटिक एपर्चर रडार (डीएफएसएआर) उपकरण के जरिए ली गयी चंद्रयान-3 लैंडर की तस्वीरें जारी कीं।

ये तस्वीरें छह सितंबर को चंद्रयान -2 ऑर्बिटर द्वारा खिंची की गई थीं। गौतलब है कि एसएआर उपकरण आवृत्ति बैंड में माइक्रोवेव प्रसारित करता है और सतह से बिखरे हुए समान प्राप्त करता है। रडार होने के कारण यह सौर प्रकाश के बिना भी तस्वीरें खींच सकता है। यह लक्ष्य केंद्र की दूरी और भौतिक विशेषताएँ दोनों बता सकता है। इसलिए, एसएआर का उपयोग





पृथ्वी और अन्य खगोलीय पिंडों की रिमोट सेंसिंग के लिए किया जाता है।

वहीं, डीएफएसएआर चंद्रयान-2 ऑर्बिटर पर एक प्रमुख वैज्ञानिक उपकरण है। यह एल-और एस-बैंड में माइक्रोवेव का उपयोग करता है। यह अत्याधुनिक उपकरण वर्तमान में किसी भी ग्रहीय मिशन पर सर्वोत्तम रिज़ॉल्यूशन वाली पोलारिमेट्रिक छवियां प्रदान कर रहा है।

लंबी रडार वेवलेंथ डीएफएसएआर को कुछ मीटर तक चंद्र उपसतह केंद्र का पता लगाने में सक्षम बनाती है। डीएफएसएआर पिछले चार वर्षों से चंद्र सतह की इमेजिंग करके उच्च गुणवत्ता वाले डेटा प्रसारित कर रहा है, जिसका मुख्य ध्यान चंद्र ध्रुवीय विज्ञान पर है।

इसरो ने कहा, चंद्रयान -2 डीएफएसएआर के उच्च रिज़ॉल्यूशन पोलारिमेट्रिक मोड ने 6 सितंबर, 2023 को विक्रम लैंडर की छवि ली। लैंडर उच्च तीव्रता के उछाल बिखरने के कारण महत्वपूर्ण है, जो लंबवत उन्मुख मानव निर्मित संरचनाओं की विशेषता है।

# केंद्र संस्कृति विभाग 17 सितंबर को 'तेलंगाना मुक्ति दिवस' मनाएगा

हैदराबाद। केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री एवं तेलंगाना प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जी किशन रेड्डी ने शनिवार को कहा कि केंद्रीय संस्कृति विभाग 17 सितंबर को यहां परेड ग्राउंड में भव्यता के साथ 'राज्य मुक्ति दिवस' मनाएगा।

रेड्डी ने मीडिया को बताया कि निज़ाम के निरंकुश शासन से हैदराबाद की मुक्ति के उपलक्ष्य में 17 सितंबर को राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। उन्होंने



खेद व्यक्त किया कि इस दिन के ऐतिहासिक महत्व के बावजूद, पिछले 75 वर्षों से तेलंगाना में आधिकारिक तौर पर तेलंगाना मुक्ति दिवस नहीं मनाया गया है। भाजपा पिछले 25 वर्षों से, तेलंगाना मुक्ति समारोह की आधिकारिक मान्यता और आयोजन की मांग कर रही थीं।

रेड्डी ने बताया कि पिछली कांग्रेस सरकार और वर्तमान बीआरएस सरकार सहित लगातार सरकारों ने इन समारोहों के आयोजन में बहुत कम रुचि दिखाई है।

उन्होंने कहा कि भाजपा इस मुद्दे के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर अटल है। पिछले साल, आज़ादी अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में भाजपा ने सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा तिरंगा झंडा फहराने की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर केंद्र सरकार के तत्वावधान में आधिकारिक तौर पर तेलंगाना मुक्ति समारोह का आयोजन किया था। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हैदराबाद में इन समारोहों की अध्यक्षता की।

### भूसे से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली में से 15 किग्रा हेरोइन बरामद, एक व्यक्ति गिरफ़्तार

फाजिल्का। पंजाब पुलिस के स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एस.एस.ओ.सी.) फाजिल्का ने नशा तस्करी की बड़ी कोशिश को नाकाम करते हुए शनिवारको एक तस्कर को 15 किलोग्राम हेरोइन (10 पैकेट), जो भूसे से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली में छिपाकर रखी हुई थी, समेत गिरफ़्तार किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि पकड़े गए नशा तस्कर की पहचान प्रीतम सिंह निवासी गाँव मोहार जमशेर, ज़िला फाजिल्का के तौर पर हुई है। हेरोइन बरामद करने के अलावा पुलिस टीमों ने उसका सोनालिका ट्रैक्टर और ट्रॉली भी ज़ब्त कर ली है। एस.एस.ओ.सी. फाजिल्का द्वारा पिछले 45 दिनों में की गई यह पाँचवी बड़ी हेरोइन की बरामदगी है, जिसके साथ अब तक की कुल रिकवरी 145 किलोग्राम हो गई है।

## शार्ट न्यूज

### भारत में श्वेत क्रांति के जनक डॉ. वर्गीज कुरियन को उनकी 11वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित किए



अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महासचिव दयानंद वत्स ने आज संघ के मुख्यालय बरवाला में सहकारिता आंदोलन के शिखर पुरुष डॉ. वर्गीज कुरियन की 11वीं पुण्यतिथि पर उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। अपने संबोधन में श्री वत्स ने कहा कि डॉ. वर्गीज कुरियन भारत में श्वेत क्रांति के जनक थे। उन्होंने भारत में डेयरी उद्योग की स्थापना कर लाखों लोगों को कृषि आधारित लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान किए। दुग्ध उत्पादन में आज भारत की आत्मनिर्भरता का श्रेय डॉ. कुरियन को ही जाता है। उनका सादगी भरा व्यक्तित्व ओर कर्मप्रधान कृतित्व हमारी युवा पीढी के लिए हमेशा प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा। आज उनके ही अथक संघर्षों की बदौलत अमूल दूध पीता है भारत सारा।

### नोएडा में बंद पड़े टेंट के गोदाम में लगी आग

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा के खैरपुर गांव में बंद पड़े टेंट के गोदाम में भीषण आग लग गई। यह आग इतनी भीषण थी कि पूरे गोदाम को इसने अपनी आगोश में ले लिया और दूर से ही इसकी लपटें दिखाई दे रही थी। सूचना के बाद दमकल विभाग की टीम और पुलिस मौके पर पहुंची। दमकल की 10 गाड़ियों की मदद से इस आग पर करीब 3 घंटे में काबू पाया गया। ईकोटेक 3 थाना क्षेत्र के अंतर्गत खैरपुर गुर्जर गांव के पास ही एक टेंट का गोदाम है, जो कि बंद पड़ा हुआ है। दमकल विभाग को शुक्रवार रात 9 बजकर 22 मिनट पर सूचना मिली कि टेंट के गोदाम में आग लग गई है। सूचना के तुरंत बाद दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। यह टेंट का गोदाम था, जिसमें काफी टेंट के कपड़े व लकड़ी का सामान था। इस वजह से आग और भीषण होती चली गई। इसके बाद आसपास की दमकल की गाड़ियों को बुलाया गया। इस दौरान करीब 10 दमकल की गाड़ियों द्वारा इस आग पर काबू पाने की कोशिश की जाने लगी। करीब 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। गनीमत यह रही कि आग में कोई भी हताहत नहीं हुआ है क्योंकि गोदाम में जिस समय आग लगी उस समय वहां पर कोई मौजूद नहीं था। लेकिन इस आग से लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। अभी तक आग लगने की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है।

### गाजियाबाद में इलैक्ट्रॉनिक्स कंपनी में भीषण आग

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एरिया साइट-4 में शनिवार शाम को एक बड़ा हादसा हो गया। यहां एक इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी में भीषण आग लग गई है। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की 15 गाड़ियां मौके पर पहुंची। यहां काम करने वाले सभी कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया, तीन कंपनियां आपस में जुड़ी हुई हैं। आग लगने की शुरुआत इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी से हुई, जो एसआरसी इंपेक्स के नाम से है। ये कंपनी करीब तीन मंजिला थी, जो बहुत जल्द आग की चपेट में आ गई। इसके बाद आग ने बराबर वाली मेडिकल कंपनी को भी चपेट में ले लिया। समय रहते फायर फाइटर्स मौके पर पहुंच गए और मेडिकल कंपनी को बचा लिया गया है। अब बराबर में स्थिति तीसरी कंपनी पर फायर फाइटिंग की जा रही है, ताकि वहां तक आग न पहुंच सके। सीएफओ ने बताया कि गाजियाबाद की 12 और नोएडा की 3 दमकल गाड़ियां मौके पर हैं। अभी आग बुझाने के प्रयास किए जा रहे हैं। फिलहाल इस अग्निकांड में किसी तरह की जनहानि की सूचना नहीं है। भीषण अग्निकांड से इंडस्ट्रियल एरिया में अफरा-तफरी का माहौल है।

### औद्योगिक प्लॉटों के आवंटन के लिए नहीं बना रोडमैप, स्कीम अटकी

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण के औद्योगिक विभाग के प्लॉट की स्कीम अटक गई है। आवंटन के लिए बनाए जाने वाले रोडमैप के अभाव में स्कीम लांच नहीं हो पा रही है। इससे पहले शासन ने नोएडा प्राधिकरण में औद्योगिक प्लॉटों के आवंटन के लिए ई-नीलामी का सहारा लेने पर रोक लगाई थी। इसके लिए बोर्ड बैठक के माध्यम से रोडमैप तैयार करने को कहा गया था। बोर्ड में इसका प्रस्ताव रखने के बाद प्राधिकरण एक कदम भी आगे नहीं बढ़ा। नोएडा प्राधिकरण को शासन के आदेशों के अनुरूप रोडमैप तैयार कर हर बिंदु के लिए गाइडलाइन बनानी होगी। जिसके आधार पर प्राधिकरण आगे की स्कीमों को लांच कर प्लॉटों का आवंटन कर सकेगा। प्राधिकरण ने इससे पहले शहर के 18 प्लॉटों को स्कीम के लिए चिह्नित किया है। दरअसल शासन ने तीनों प्राधिकरण की अप्रैल 2022 की नीति पर रोक लगा दी गई थी। आदेश में अप्रैल 2022 से पहले की नीति पर ही औद्योगिक प्लॉटों का आवंटन होने की बात कही गई थी। अब तीनों प्राधिकरणों में 04, 05 और 26 अप्रैल से पहले की स्थिति को बहाल कर दिया गया। अब पहले की नीति के आधार पर ही औद्योगिक प्लॉटों का आवंटन होगा। इससे पहले नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण में दिनांक 04, 05 और 26 अप्रैल 2022 की बोर्ड बैठकों में औद्योगिक भूखंडों को ई-नीलामी के माध्यम से लोगों को उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया था।

### अंसल ईडब्ल्यूएस मामले में एसटीपी रिकॉर्ड सहित अदालत में तलब

गुरुग्राम। सेक्टर-57 स्थित अंसल के प्रोजेक्ट में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए आवंटित प्लॉटों के नाम पर हुए हजारों करोड़ रुपये के घोटाले में अदालत ने वरिष्ठ नगर योजनाकार (एसटीपी) को प्रोजेक्ट के रिकॉर्ड सहित हाजिर होने के लिए कहा है। मामले की अगली सुनवाई 12 नवंबर को होनी है। साथ ही सुशांत लोक की रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) के उपाध्यक्ष अमर जिंदल को मौके का निरीक्षण करके अदालत को अपनी रिपोर्ट सौंपने को कहा है। वादी पक्ष से अधिवक्ता यतीश कुमार गोयल ने बताया कि गोपाल अंसल ने सेक्टर-57 स्थित सुशांत लोक-2 और और सुशांत लोक-3 में 500 एकड़ में एक कालोनी विकसित की थी। बिल्डर को दिए गए लाइसेंस की शर्तों के अनुसार बिल्डर को 20 फीसदी प्लॉट आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के लए अवांटित करना अनिवार्य है। यह प्लॉट 500 रुपये प्रति वर्ग गज के हिसाब से आवंटित होने चाहिए, लेकिन गोपाल अंसल ने ऐसा नहीं किया और जो प्लॉट ईडब्ल्यूएस के लिए थे उन्हें बेच कर करोड़ों रुपये के घोटाले को अंजाम दिया। अधिवक्ता यतीश कुमार गोयल ने बताया कि सुशांत लोक निवासी राजेंद्र कुमार गोयल ने इस संबंध में स्थानीय अदालत में मुकदमा दायर किया था।

### सूदखोर जितेंद्र बंसल समेत दो की 11 संपत्ति होगी कुर्की

लोनी। बलराम नगर कॉलोनी में मिठाई कारोबारी चंचल अग्रवाल ने जिस सूदखोर जितेंद्र बंसल के उत्पीड़न से परेशान होकर अपने घर में सुसाइड किया था, पुलिस ने सूदखोर और उसके साथी की संपत्ति पर कुर्की की कार्रवाई करने का फैसला लिया है। पुलिस ने 11 अलग-अलग स्थानों पर बनी संपत्तियों को चिह्नित किया है। करीब 6 करोड़ की संपत्ति पर पुलिस जल्द कुर्की की कार्रवाई करेगी। डीसीपी विवेक यादव ने बताया कि 30 जून को चंचल अग्रवाल ने अपने घर बलराम नगर में फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली थी। आत्महत्या से पूर्व चंचल ने अपनी डायरी में एक सुसाइड नोट लिखा था। उसने लिखा था कि सूदखोर जितेंद्र उर्फ जीतू बंसल से उन्होंने करीब 40 लाख रुपये ब्याज पर लिए थे। इन पैसों के बदले वह सूदखोर को 2 करोड़ रुपये अदा भी कर चुका है। इसके बाद भी सूदखोर एक करोड़ रुपये बकाया बता रहा था। आरोपी ने उनके मकान के कागजात भी अपने पास रख लिए थे। इस मामले में पुलिस ने मृतक के परिजनों की तहरीर पर आरोपी जितेंद्र बंसल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। जांच में जितेंद्र का एक साथी विजय कुमार उर्फ डालू का नाम भी सामने आया था। पुलिस ने जितेंद्र बंसल और विजय को गिरफ्तार किया था। दोनों आरोपी ब्याज पर पैसा बांटने का कार्य करते हैं। दोनों यूपी साहूकारी अधिनियम के अंतर्गत ऐसा करने के लिए अधिकृत नहीं हैं।

# एनडीएमसी को नयी दिल्ली में 100 से कम एक्यूआई रखने में मिली सफलता

नयी दिल्ली। नयी दिल्ली नगरपालिका परिषद ( एनडीएमसी) ने राष्ट्रीय राजधानी में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान पिछले पांच दिनों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) को 100 से कम रखने में सफलता हासिल की है।

एनडीएमसी ने एक बयान जारी करके बताया कि जी-20 शिखर सम्मेलन के पहले दिन नौ सितंबर को एनडीएमसी क्षेत्र में औसत एक्यूआई 39.20 दर्ज किया गया। एनडीएमसी क्षेत्र में 20 स्थानों में से 17 स्थानों पर पाँच से नौ सितंबर के दौरान एक्यूआई 100 से कम रहा है। उसने कहा कि नयी दिल्ली नगरपालिका परिषद के लगभग 2100 स्वच्छता कर्मचारी सफाई का काम कर रहे हैं जिनमें से 1000 को विशेष रूप से नयी दिल्ली क्षेत्र में जी20 के लिए चिह्नित सड़कों और बाजार क्षेत्रों में लगाया गया है। साफ सफाई, स्वच्छता और पर्यावरण के अनुकूल वातावरण के मद्देनजर चौबीसों घंटे स्वच्छता बनाए रखने के लिए इन कर्मचारियों को तीन शिफ्टों में तैनात किया गया है।

नयी दिल्ली क्षेत्र में सघन स्वच्छता अभियान के दौरान एनडीएमसी टीम ने 56 सड़कों की गहन सफाई पर विशेष ध्यान केंद्रित किया, साथ ही गोल चक्करों और त्रिकोणीय द्वीपों ( टी-पॉइंट्स ) से गाद हटाने पर भी अतिरिक्त ध्यान दिया गया। छह प्रेशर जेट मशीन पानी के टैंकरों को लगाकर इन 56 सड़कों के दोनों तरफ के फुटपाथों की दो बार धुलाई एक अतिरिक्त प्रयास किया गया है। इस इलाके में सड़क चैनलों की गहनता से सफाई के लिए कुल 06 मैकेनिकल रोड स्वीपर (एमआरएस) प्रतिदिन 02 शिफ्टों में काम कर रहे है। पर्यावरण की बेहतरी के लिए सड़कों पर धूल और वायु प्रदूषण को रोकने के लिए 04 एंटी स्मॉग गन भी निरन्तर कार्य में लगी हुई हैं।

बागवानी अपशिष्ट आदि कचरा उठाने के लिए कुल 36 ऑटोटिपर और 17 कॉम्पैक्टर और 10 खुले डंपर और 03 लोडर तैनात किए गए हैं। पालिका परिषद की बागवानी ग्रीन टीम ने अपने वृक्षारोपण अभियान में बेहतर पारिस्थितिक संतुलन के लिए हरित आवरण को बढ़ाने के लिए नई दिल्ली क्षेत्र में विभिन्न प्रजातियों के 32 लाख झाड़ियाँ और 3100 पेड़ लगाए।

## दिल्ली पुलिस के आदेश का उल्लंघन, पटेल नगर में उड़ाया ड्रोन

**नई दिल्ली।** दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन के चलते कड़ी सुरक्षा है। इसी बीच शुक्रवार को मध्य दिल्ली के पटेल नगर इलाके में ड्रोन उड़ाने का मामला सामने आया है। सूचना मिलने के बाद, पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की और आगे की जांच की, तो पता चला कि पटेल नगर इलाके में एक जन्मदिन की पार्टी मनाई जा रही थी। इस कार्यक्रम को कवर करने और वीडियो बनाने के लिए फोटोग्राफरों द्वारा ड्रोन उड़ाया गया था। पुलिस ने इस मामले में लोक सेवकों द्वारा विधिवत प्रसारित आदेशों की अवज्ञा के लिए आईपीसी 188 के तहत मामला दर्ज किया है। शिखर सम्मेलन की वजह से दिल्ली पुलिस हाई अलर्ट पर है। ऐसे में नागरिकों द्वारा कानून की किसी भी प्रकार की अवज्ञा करने पर सख्त कार्रवाई की जा सकती है। समिट से पहले, दिल्ली पुलिस ने राजधानी में नो-फ्लाई जोन की घोषणा की, सुरक्षा बढ़ाई और कई यातायात प्रतिबंध भी लगाए थे। जिनका दिल्ली के लोगों को जी20 शिखर सम्मेलन के अंत तक पालन करना होगा। नई दिल्ली जिले में वाहनों की आवाजाही भी प्रतिबंधित कर दी गई है, क्योंकि इस क्षेत्र को शुक्रवार सुबह 5 बजे से रविवार रात 11.59 बजे तक नियंत्रित क्षेत्र -1 के रूप में चिह्नित किया गया है। किसी भी तरह के अभूतपूर्व खतरे का मुकाबला करने के लिए, भारतीय वायु सेना के लड़ाकू विमानों को यूएवी या ड्रोन सहित दिल्ली के आसमान में किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखने के लिए स्टैंडबाय मोड पर रखा गया है। मंगलवार (29 अगस्त) को दिल्ली पुलिस ने एक नोटिस जारी कर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली को नो-फ्लाई जोन घोषित किया था।


### बेटे ने मां की बेरहमी से हत्या की

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार इलाके में नशे के लिए रुपये न देने पर एक युवक ने अपनी बुजुर्ग मां की चाकू गोदकर बेरहमी से हत्या कर दी। मृतका की शिनाख्त राजकुमारी (60) के रूप में हुई है। शोर-शराबा सुनकर राजकुमारी का पड़ोसी नीरज पटेल (33) उनको बचाने के लिए आया तो आरोपी ने उस पर भी चाकू से हमला कर दिया। पेट में चाकू लगने के बाद नीरज बुरी तरह जख्मी हो गया। बेहद नाजुक हालत में उसे एलबीएस अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। हत्या के बाद आरोपी सूरज (25) मां के शव के पास ही बैठा रहा। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। छानबीन के दौरान पुलिस को पता चला है कि सूरज मानसिक रूप से बीमार है। उसका इलाज भी चल रहा है। पुलिस ने हत्या और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से जांच की जा रही है। पुलिस ने सूरज के बाकी परिजनों व पड़ोसियों के बयान दर्ज किए हैं। राजकुमारी का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक राजकुमारी अपने बेटे सूरज के साथ 21/400, त्रिलोकपुरी में किराए के मकान में रहती थी। इनके पति प्रेम प्रकाश की कई साल पहले मौत हो चुकी है। राजकुमारी का बेटा सूरज मानसिक रूप से बीमार है। अक्सर वह नशा करने के लिए मां से रुपये मांगता रहता है। मां के मना करने पर वह उनसे झगड़ा करता था। शनिवार दोपहर के समय आरोपी अपनी मां से रुपये मांग रहा था। मना करने पर अचानक आरोपी ने घर में मौजूद चाकू से मां पर हमला कर दिया। आरोपी पेट, चेहरे, सीने पर चाकू के कई वार करता रहा।

## जी-20 समिट की सुरक्षा के बीच दिल्ली में मर्डर

**मामूली झगड़े में शख्स को ईंट से पीट-पीटकर मारा**

नई दिल्ली। जी-20 समिट के दौरान राजधानी दिल्ली में चाक चौबंद सुरक्षा दावों के बीच साउथ ईस्ट दिल्ली में एक शख्स की ईंट और पत्थर से पीट-पीटकर निर्मम हत्या कर दी गई। वारदात ओखला फेज टू स्थित संजय कॉलोनी इलाके का है। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




जानकारी के अनुसार, शुक्रवार रात में करीब 4 से 5 लड़के 14 वर्षीय किशोर की पिटाई कर रहे थे। किशोर के पिता मो. हनीफ जब अपने बेटे का बचाने वहां गए तो उन लड़कों ने हनीफ की ईंट से पीट-पीटकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी लड़के वहां से फरार हो गए। मारपीट के कारण हनीफ के दो नाबालिग बेटे भी घायल हो गए।

घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए एम्स की मोर्चरी में भेज दिया है। वारदात के बाद से आरोपी पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं। पुलिस के मुताबिक 38 वर्षीय मो. हनीफ अपने परिवार के साथ ओखला फेज टू स्थित संजय कॉलोनी में रहते थे। वह मंडी में पल्लेदार का काम करते थे और उनके परिवार में पत्नी और चार बेटे हैं।

शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे हनीफ का 14 वर्षीय बेटा गली में खड़ी अपनी बाइक लेने गया था। उस पर पहले से 4 से 5 लड़के बैठे हुए थे। किशोर ने जब उन्हें हटने को कहा तो वो लड़के उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। उसने गाली देने का विरोध किया तो आरोपियों ने किशोर की पिटाई शुरू कर दी।

वहीं, जब मो. हनीफ अपने बेटे को बचाने और लड़ाई छुड़ाने के लिए गए, तो उन लड़कों ने हनीफ को भी ईंट से पीटना शुरू कर दिया और उन्हें बुरी तरह से घायल कर दिया और मौके से फरार हो गए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल हनीफ को एम्स ट्रॉमा में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने हनीफ को मृत घोषित कर दिया।

बताया जा रहा है कि हार्ट पर चोट लगने के कारण उनकी मौत हो गई। वहीं आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से नाराज परिजन और स्थानीय लोग देर रात तक थाने पर मौजूद रहे। पुलिस हत्या का मामला दर्ज कर जांच कर फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

## दिल्ली कोर्ट से नवीन जिंदल को मिली विदेश जाने की अनुमति

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कोयला खदान आवंटन में कथित अनियमितताओं से जुड़े तीन मामलों में आरोपी कांग्रेस नेता एवं उद्योगपति नवीन जिंदल को 11 से 13 सितंबर के बीच ओमान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की यात्रा पर जाने की अनुमति दे दी है।



स्पेशल जज अरुण भारद्वाज ने जिंदल के आवेदन को यह कहते हुए स्वीकार कर लिया कि वह पहले भी कई बार विदेश यात्रा कर चुके हैं और निर्धारित समय के भीतर मुकदमे की सुनवाई के लिए भारत लौट आए हैं।

जज ने कहा, इस कोर्ट की राय है कि आवेदक/अभियुक्त 11 से 13 सितंबर तक ओमान और संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा पर जाने के लिए अदालत की अनुमति का हकदार है। न्यायाधीश ने जिंदल को एक करोड़ रुपये की सावधि जमा राशि जमा करने और किसी भी सबूत के साथ छेड़छाड़ नहीं करने या किसी भी तरह से किसी भी गवाह को प्रभावित करने की कोशिश नहीं करने का निर्देश दिया।

जिंदल ने अदालत में आवेदन देकर कारोबार के सिलसिले में दोनों देशों की यात्रा पर जाने की अनुमति मांगी थी। जिंदल को जिन मामलों में आरोपी बनाया गया है उनमें से एक झारखंड में अमरकोंडा मुर्गदंगल कोयला खदान के आवंटन में कथित अनियमितता से जुड़ा है। इस मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) कर रही है।

कोयला खदान आवंटन से ही जुड़े एक अन्य मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अलग से धनशोधन के आरोप की जांच कर रहा है। सीबीआई द्वारा जांच किया जा रहा तीसरा मामला मध्य प्रदेश में उर्तन नॉर्थ कोयला खदान के आवंटन में कथित अनियमितताओं से जुड़ा है। जिंदल के आवेदन का सीबीआई और ईडी ने विरोध नहीं किया।

### दसवीं व बारहवीं के छात्र अतिरिक्त प्रैक्टिस पेपर से करें तैयारी

नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने दसवीं व बारहवीं परीक्षा की तैयारी शुरु कर दी है। अगले साल फरवरी से शुरु होने वाली बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी बेहतर तरीके से हो सके इसके लिए बोर्ड ने अतिरिक्त अभ्यास पेपर जारी किए हैं। इसमें पचास फीसदी कंपिटेंसी(योग्यता आधारित) प्रश्न भी शामिल है। यह पेपर कक्षाओं के संपूर्ण पाठ्यक्रम पर आधारित है। छात्र बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट से इन्हें डाउनलोड कर अभ्यास कर सकते हैं। सीबीएसई ने बारहवीं के बॉयोलॉजी, बिजनेस स्टडी, केमिस्ट्री, इकोनॉमिक्स,अंग्रेजी कोर, भूगोल, इतिहास, गणित, व फिजिक्स विषयों व दसवीं के साइंस, गणित, हिंदी ए, व राजनीति विज्ञान के अतिरिक्त अभ्यास पेपर जारी किए हैं। इसके साथ ही मार्किंग स्कीम भी जारी की गई है।

## ई नीलामी के नियमों में हुआ बदलाव

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण तीसरी बार सेक्टर-18 में रिमोवबेल एंड रिकंस्ट्रटेबल क्योस्क की योजना निकाल रहा है। वो इसलिए क्योंकि हर बार कोई न कोई आंवटी अव्यवहारिक यानी बेस प्राइस से कही ज्यादा बोली लगाकर अपना नाम तो दर्ज करवा देता था, लेकिन आवंटन पत्र मिलने के समय वो नीलामी में जितना पैसा बोलता था जमा नहीं करता था। इस तरह की करीब सात क्योस्क है जिनमें अव्यवहारिक बोली लगाई गई। इन क्योक्स की दोबारा से योजना लाई जा रही है। लेकिन अब नियमों में बदलाव किया गया है।

प्राधिकरण के ओएसडी ने बताया कि पहले योजना में ईएमडी जब्त करने का प्राविधान नहीं था। लेकिन इस बार से जो आंवटी आवंटन पत्र लेने के दौरान बोली का एक मुश्त पैसा प्राधिकरण में जमा नहीं करेगा। उसकी एर्नेस्ट मनी डिपॉजिट जब्त कर ली जाएगी। ये ईएमडी क्योस्क या दुकान का तीन महीने का एडवांस किराया होगा। यदि वो बोली की एक मुश्त रकम जमा करता है तो ईएमडी का पैसा उसी में समायोजित कर लिया जाएगा। साथ ही विफल होने वाले आवेदन कर्ता को 30 दिन में ईएमडी का पैसा वापस मिल जाएगी। सेक्टर-18 को नोएडा का मिनी कनाट प्लेस कहते है। यहां 17 क्योस्क की योजना निकाली गई। जिसमें पहले फेज में आठ क्योस्क आंवटित हुए। दूसरे फेज में 9 क्योस्क की योजना निकाली गई। इसमें से सभी 9 क्योस्क के लिए बोली लगाई गई। लेकिन बोली के अनुरुप सिर्फ दो लोगों ने ही पैसा जमा किया।

### गौतमबुद्ध नगर में चोरी करने वाले गिरफ्तार

गौतम बुद्ध नगर। सेंट्रल नोएडा की ईकोटेक 3 थाना पुलिस ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। यह चोर दिन में रेकी करने के बाद रात में बंद पड़ी हुई कंपनियों और घरों को निशाना बनाया करते थे और उनमें रखा हुआ सामान चोरी करके फरार हो जाए करते थे। पुलिस ने इन लोगों के कब्जे से चोरी के सोने चांदी के आभूषण, नगदी व अन्य सामान बरामद किया है। दर्शन ईकोटेक 3 थाना क्षेत्र में बंद पड़े मकान और कंपनियों में चोरी की वारदातें लगातार हो रही थी इसको लेकर पुलिस चोरों की तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस ने लोकल इंटेलीजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर हबीबपुर गांव से तीन चोरों को गिरफ्तार किया। इन लोगों के कब्जे से पुलिस ने चोरी किये गये सोने चांदी के आभूषणो,बैट्ररी/इन्वेटर व चोरी किये गये रुपये व घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद की। पुलिस ने इटावा निवासी विवेक, भंगेल निवासी शहजाद व बुलंदशहर निवासी विजय को गिरफ्तार किया। यह लोग केवल 19 और 20 वर्ष के हैं, जो अपने शौक को पूरा करने के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम दिया करते थे। चोरी के समान को इधर-उधर बेचकर उससे अवैध धन अर्जित कर अपने शौक पूरा किया करते थे। ईकोटेक 3 थाना प्रभारी सुनील कुमार दत्त ने बताया कि ये लोग शातिर किस्म के चोर हैं, जो दिन में घूम कर रेकी करते थे और पता लगाते थे कि कौन सी कंपनी बंद पड़ी हुई है और कौन सा घर कई दिनों से बंद है और उसके बाद रात में घर और कंपनी में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम देते थे।

## 2660 फर्जी कंपनी बनाने वाले तीन आरोपियों की मुनादी

**हरियाणा आवास पर नोएडा पुलिस ने की मुनादी कर चिपकाया नोटिस, 25-25 हजार का इनामी**

नोएडा। 15000 करोड़ के जीएसटी गड़बड़ी मामले में फर्जी तरीके से 2660 कंपनियां बनाने वाले तीन लोगों के हरियाणा स्थित आवास पर नोएडा पुलिस ने मुनादी की है और नोटिस चिपकाए हैं। मुनादी में नोएडा पुलिस ने बताया है कि इनकी सूचना देने वाले को 25 हजार का इनाम दिया जाएगा। क्योंकि नोएडा पुलिस ने प्रत्येक व्यक्ति पर 25 - 25 हजार रुपए का इनाम घोषित कर रखा है। इन्होंने फर्जी तरीके से 2660 कंपनियों का रजिस्ट्रेशन कराकर करोड़ों रुपए का राजस्व का सरकार को नुकसान पहुंचाया है। तीनों ही नोएडा के थाना सेक्टर-20 के



वांछित है। दरअसल इस पूरे गैंग ने मिलकर करीब 15 हजार करोड़ रुपए का फर्जी वाड़ा फर्जी जीएसटी कंपनियां बनाकर किया था। पुलिस ने इस मामले की शुरुआत में 8 लोगों को गिरफ्तार किया था। इसके बाद गिरफ्तारी का सिलसिला बढ़ता चला गया। अब तक करीब 20 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इस गैंग में शामिल वांछित कुनाल मेहता उर्फ गोल्डी पुत्र राकेश कुमार मेहता निवासी - 739/13 मुल्तानी चौक हिसार जनपद हिसार हरियाणा, आशीष अलावादी पुत्र नवीन अलावादी निवासी 412 नियर चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल शिव मंदिर वाली गली सिरसा हरियाणा, बलदेव उर्फ बल्ली पुत्र सतेन्द्र कुमार निवासी 679/13 दौगरान मोहल्ला बाल्मीकी चौक हिसार हरियाणा के बंद आवासों पर 9 सितंबर को थाना सेक्टर-20 नोएडा पुलिस ने न्यायालय द्वारा जारी नोटिस अंतर्गत धारा 82 सीआरपीसी चस्पा कर नोटिस लगाई है और इनके खिलाफ लाउड हेलर से मुनादी की गयी है।

नोएडा पुलिस ने 1 जून को 2660 फर्जी कंपनी बना जी-एसटी में रजिस्ट्रेशन कराकर 15 हजार करोड़ से अधिक का फ्रॉड करने वाले एक अंतरराज्यीय रैकेट का खुलासा किया था। इन जालसाज़ ने पिछले पांच साल से फर्जी फर्म बनाकर जीएसटी रिफंड आईटीसी (इनपुट टैक्स क्रेडिट) प्राप्त कर सरकार को हजारों करोड़ का चूना लगाया था। मामले में नोएडा पुलिस के साथ राज्य व केंद्र की जी एसटी टीम भी जांच कर रही है।

## गाजियाबाद में पत्नी की गला रेतकर हत्या

गाजियाबाद। गाजियाबाद में शनिवार को एक युवक ने पत्नी की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी। इसके बाद वह मौके से भाग गया। महिला का शव कमरे में चारपाई पर पड़ा मिला। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं। वारदात शालीमार गार्डन के गणेशपुरी ए-ब्लॉक में सुबह 11 से 12 बजे के बीच हुई है। हालांकि पुलिस को दोपहर करीब एक बजे इसकी सूचना मिली। 25 साल की पूनम अपने बच्चों के



साथ शाहजहांपुर के गांव परौर में रहती थी। पति अजय और ससुर गाजियाबाद में किराए पर रहते थे। दोनों पाइप मार्केट में रिक्शा चलाने का काम करते थे।

पूनम 7 सितंबर की रात ही तीन बच्चों को लेकर गाजियाबाद आई थी। सुबह करीब 11 बजे अजय ने तीनों बच्चों को अपने पिता के साथ मार्केट में टॉफी-बिस्किट खरीदने भेज दिया। अजय के पिता जब घर पर लौटे, तो बहू की लाश चारपाई पर पड़ी थी।

### रामलीला मंचन के लिए कलाकारों ने शुरू किया अभ्यास

गुरुग्राम। आने वाले दिनों में रामलीला के मंचन को ध्यान में रखते हुए रामलीला कमेटियों ने अभ्यास शुरू कर दिया हैं। इसी क्रम में कलाकारों ने शनिवार को भगवान श्री राम की पूजा अर्चना करके अभ्यास सत्र का शुभारंभ किया। साइबर सिटी के विभिन्न क्षेत्रों में रामलीला कमेटियां भगवान श्रीराम की लीला का मंचन पिछले कई दशकों से करती आ रही हैं।

### 350 में से सिर्फ 50 स्कूलों ने की फीस समायोजित

नोएडा। शिक्षा विभाग के कई बार रिमाइंडर भेजने के बाद भी अब तक जिले के 350 में से सिर्फ 50 स्कूलों ने ही फीस समायोजित की है। अभिभावकों का आरोप है कि फीस समायोजित करने की मांग पर स्कूल बच्चे का नाम कटाने की धमकी दे रहे हैं। वहीं, अब ऑल नोएडा स्कूल्स पैरेंट्स एसोसिएशन गूगल फार्म के जरिए दो हजार अभिभावकों को जोड़कर फीस समायोजित नहीं करने वाले स्कूलों की मान्यता रद्द करने की मांग करने जा रहा है। निजी स्कूलों को दो महीने पहले जिला विद्यालय निरीक्षक की ओर से सर्कुलर भेजकर कोरोना काल की फीस समायोजित करने विवरण मांगा था। निजी स्कूल शीर्ष अदालत के आदेश का हवाला देकर फीस समायोजित नहीं कर रहे थे। इसके बाद प्रदेश सरकार ने न्यायालय के आदेश का स्पष्टीकरण जारी किया गया था। इस पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने पांच जुलाई को जिले के यूपी बोर्ड, सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड के 350 स्कूलों को सर्कुलर भेजकर एक सप्ताह में फीस समायोजित करके विवरण मांगा था। इसके बाद विभाग ने रिमाइंडर भी भेजा है।

# संपादकीय

## वैवाहिक विवादों में सोच समझ कर लें निर्णय

महिला पति पर अपनी ही बच्ची के यौन उत्पीड़न का आरोप लगा कर पाक्सो कानून के तहत उसे कठोर सजा दिलाने की कोशिश करती देखी जाए, तो निस्संदेह यह गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए।

जब भी कोई फरियादी अदालत में पहुंचता है, तो आमतौर पर उसका प्रयास विपक्षी को हराने और सबक सिखाने का होता है। इस तरह वह कई झूठे आरोप भी लगाता है। वैवाहिक विवादों में यह प्रवृत्ति कुछ अधिक दिखाई देती है। पति और पत्नी के बीच का मनमुटाव और रोज का कलह जब असहनीय हो जाता है और संबंध विच्छेद के लिए महिला या उसके परिजन अदालत का दरवाजा खटखटाते हैं, तो अक्सर उसमें दहेज उत्पीड़न, यौन शोषण, हिंसक व्यवहार, क्रूरता, विवाहेतर संबंध आदि के आरोप लगाए जाते हैं।

चूंकि कानून की इन धाराओं में पुरुषों को कड़ी सजा का प्रावधान है, दहेज उत्पीड़न में पुरुष के परिजनों को भी सजा दी जा सकती है, इसलिए इन धाराओं का जानबूझ कर उपयोग करने का प्रयास किया जाता है। मगर जब कोई महिला पति पर अपनी ही बच्ची के यौन उत्पीड़न का आरोप लगा कर पाक्सो कानून के तहत उसे कठोर सजा दिलाने की कोशिश करती देखी जाए, तो निस्संदेह यह गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। दिल्ली उच्च न्यायालय ने ऐसे ही एक मामले में सुनवाई करते हुए, जीत हासिल करने के मकसद से ऐसे गंभीर आरोप लगाने की बढ़ती प्रवृत्ति पर आपत्ति जताई।

एक महिला ने तलाक की अर्जी के साथ अपने पति पर मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न, क्रूरता, दहेज की मांग और बेटी के निजी अंगों को अनुचित तरीके से छूने आदि का आरोप लगाते हुए दो प्राथमिकियां दर्ज कराई थी। मगर अदालत ने जांच में पाया कि महिला ने केवल जीतने और पति को कठोर सजा दिलाने के मकसद से यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण यानी पाक्सो कानून का सहारा लेना चाहा था।

चूंकि इस कानून के तहत आरोपी को तुरंत गिरफ्तार करने का प्रावधान है, इसलिए जाहिर है, प्रतिशोध में यह आरोप लगाया गया। अदालत ने इस आरोप को खारिज कर दिया। यह अकेला मामला नहीं है, जब वैवाहिक विवादों अर कटुता के चलते बच्चों को भी अदालत में घसीट लिया जाता है। पति और पत्नी अपने अहंकार और नाहक नाक ऊंची रखने की होड़ में यह भूल जाते हैं कि इससे बच्चों के मन और जीवन पर क्या असर पड़ेगा।

विचित्र स्थिति तब हो जाती है, जब किसी बच्ची की तरफ से उसके पिता पर ही यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया जाए। इस बढ़ती प्रवृत्ति पर दिल्ली उच्च न्यायालय की चिंता इस बात का संकेत है कि वैवाहिक विवादों में निर्णय देते समय अधिक सतर्कता और मानवीय मूल्यों की परवाह की जरूरत होती है। दहेज प्रताड़ना के बढ़ते मामलों के मद्देनजर जब दहेज निषेध कानून बनाया गया था, तब उसे भी काफी कठोर रखा गया था। मगर बाद में अदालतों ने पाया कि कई महिलाएं इस कानून का दुरुपयोग कर रही हैं, तो अदालतों ने इस मामले में सुनवाई को लेकर सतर्कता बरतनी शुरू कर दी। ऐसा नहीं माना जा सकता कि दहेज निषेध कानून बनने की वजह से देश में दहेज लेने की प्रवृत्ति कम हुई है या दहेज प्रताड़ना के मामले रुक गए हैं, मगर इसे हथियार बना कर एक पक्ष को सबक सिखाने की बढ़ती प्रवृत्ति के मद्देनजर अदालतों ने ऐसे मामलों की सुनवाई में सावधानी बरतनी शुरू कर दी।

इसी तरह पाक्सो कानून के दुरुपयोग की शिकायतें आ रही हैं, तो स्वाभाविक ही अदालतों की चिंता बढ़ रही है। यह कानून काफी संवेदनशील है, बच्चों को यौन उत्पीड़न से सुरक्षित रखने का कारगर उपाय माना जाता है। अगर इसका दुरुपयोग केवल किसी को सबक सिखाने की मंशा से होता है, तो इसका असल मकसद ही खतरे में पड़ जाएगा।

## अहम पदों पर बैठे व्यक्ति को सोच समझकर करनी चाहिए व्याख्या

पिछले दिनों समूचे हिमाचल प्रदेश को भारी बारिश और भूस्खलन की वजह से एक बड़ी त्रासदी का सामना करना पड़ा।

किसी व्यक्ति की धारणा, आस्था या फिर मान्यता उसका निजी मामला हो सकता है, लेकिन अगर उसकी वजह से कोई भ्रम फैलता, गलत धारणाओं के विकास की भूमिका बनती है तो उसके औचित्य पर सवाल उठने स्वाभाविक हैं। खासकर विज्ञान के क्षेत्र से जुड़ा और अहम पद पर आसीन व्यक्ति अगर वास्तविकताओं की व्याख्या करने के बजाय ऐसी बात कहता है, जिसका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है, तो यह अपने आप में एक बड़ी विडंबना है।

पिछले दिनों समूचे हिमाचल प्रदेश को भारी बारिश और भूस्खलन की वजह से एक बड़ी त्रासदी का सामना करना पड़ा। बड़े पैमाने पर सड़कें तबाह हो गईं, दो सौ से ज्यादा लोगों की जान चली गई, बहुत सारे घर जमींदोज हो गए। अब भी वहां हालात सामान्य नहीं हो सके हैं। भारी तबाही के बाद अब जाकर उसके कारणों पर लोगों का ध्यान जाना शुरू हुआ है और उस पर सवाल उठने लगे हैं। ऐसी स्थिति में हिमाचल प्रदेश के मंडी स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान यानी आइआइटी के निदेशक का एक विचित्र बयान आया है कि राज्य के लोग जानवरों को मार कर मांस खाते हैं, इसी वजह से वहां प्राकृतिक त्रासदी आई है।

हैरानी की बात है कि यह बात उन्होंने संस्थान के सभागार में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कही। यह बेहद अफसोसनाक है कि जिस संस्थान को देश और दुनिया भर में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नए प्रतिमान गढ़ने के लिए जाना जाता रहा है, उसे नेतृत्व देने वाले व्यक्ति के रूप में ऐसे विचार को वे न केवल संस्थान में जाहिर कर रहे हैं, बल्कि विद्यार्थियों को यह मानने के लिए जोर भी दे रहे हैं।

जबकि हिमाचल प्रदेश में पिछले कुछ महीनों में हुई तबाही के कारणों की खोज करने और भविष्य में उससे बचने के उपाय निकालने के मामले में आइआइटी की एक अहम भूमिका हो सकती है। मगर इस महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी को निभाने के लिए विद्यार्थियों को कोई दिशा देने के बजाय निदेशक ने तबाही के लिए ऐसा कारण दिया है, जिसके सामने आने के बाद उसे एक अजीबोगरीब बयान के रूप में देखा जा रहा है।

यह विज्ञान की उपलब्धियां ही रही हैं, जिनके जरिए आज प्रकृति के गूढ़ रहस्यों को खोज निकाला गया है। किसी भी आपदा की स्थिति में समर्पण करने के बजाय उसके कारणों की पहचान की जाती है, उससे निपटने के उपाय निकाले जाते हैं। हिमाचल प्रदेश में इस साल की भारी बारिश और बादल फटने की घटनाओं के बाद नदियों के उफनने और उसकी तेज धार की वजह से सड़कें तबाह होने से लेकर पहाड़ धंसने से व्यापक पैमाने पर जानमाल के नुकसान के कारण स्पष्ट रहे हैं।

राज्य भर में पेड़ों की अंधाधुंध कटाई, पहाड़ काट कर चौड़ी सड़कें बनाना, नदियों के रास्ते में होटलों और पुलों का निर्माण आदि कुछ ऐसे वजहें रही हैं, जो सामान्य बारिश को भी आपदा की शक्ल देने के लिए काफी हैं। इसमें और भी जिम्मेदार कारकों की खोज करके उसका समाधान निकालने की जरूरत है। लेकिन तबाही के लिए जानवरों का मांस खाने को जिम्मेदार बताया जाना एक भ्रामक बयान है।

विडंबना है कि मंडी के आइआइटी के निदेशक पहले भी अपने भूत-प्रेत या अंधविश्वास से जुड़े कुछ अन्य विचारों के लिए विवादों में रहे हैं। अब उनके ताजा विवादित बयान को चाहे जिस तरह देखा जाए, लेकिन ऐसे गैरजरूरी और निराधार विचारों से विज्ञान और वैज्ञानिक सोच के विकास की राह जरूर बाधित होती है।

# मानवता का कल्याण और सुख, सदैव सुनिश्चित किये जाने को लेकर दो कदम और आगे बढ़े जी 20 के देश

कमलेश पांडे

जी-20 शिखर सम्मेलन के पहले सत्र में बोलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वन अर्थ वन फैमिली पर प्रमुखता से बात की और मानव केंद्रित विकास की बात करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति ने हमेशा से इसे बढ़ावा दिया है।

नई दिल्ली जी20 लीडर्स घोषणा पत्र पर सभी देशों की सहमति बन गई है। कुल 37 पेज के नई दिल्ली घोषणा पत्र से 125 देशों ने सहमति जताई है, जिससे बहुत सारी बातें स्पष्ट हो चुकी हैं। इसका आशय स्पष्ट है कि मानवता का कल्याण और सुख, सदैव सुनिश्चित किये जाने सम्बन्धी पीएम मोदी के आह्वान पर जी 20 के देश दो कदम और आगे बढ़ चुके हैं, जो पूरी दुनिया के लिए राहत और खुशी की बात है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद बताया कि हमारे टीम के हार्ड वर्क से और आप सभी के सहयोग से नई दिल्ली जी20 लीडर्स घोषणा पत्र पर आम सहमति बन गई है। इससे साफ है कि कूटनीति के मोर्चे पर भारत को बड़ी कामयाबी मिली है। सच कहा जाए तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व गुरु के अलावा विश्व मित्र की भारत की नई छवि स्थापित करने में अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की है।

जी-20 शिखर सम्मेलन के पहले सत्र में बोलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने %वन अर्थ वन फैमिली पर प्रमुखता से बात की और मानव केंद्रित विकास की बात करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति ने हमेशा से इसे बढ़ावा दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम शुरू करने से पहले मोरक्को में आए विनाशकारी भूकंप में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना प्रकट की और कहा, कार्यक्रम शुरू करने से पहले मैं कुछ देर पहले मोरक्को में आए भूकंप के प्रभावित लोगों के लिए संवेदना प्रकट करना चाहता हूं। मैं ये कहना चाहता हूं कि पूरा विश्व उनके साथ है और हम उन्हें हरसंभव मदद देने को तैयार हैं।

अपने उद्घाटन भाषण के दौरान मोदी ने कहा, जहां हम एकत्र हुए हैं, वहां से कुछ दूर ढाई हज़ार साल पुराना स्तंभ है जिस पर प्राकृत भाषा में लिखा है- मानवता का कल्याण और सुख, सदैव सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा, दुनिया इस समय कई संकटों का सामना कर रही है। यूक्रेन युद्ध और जलवायु परिवर्तन विश्व के सामने खड़ी बड़ी चुनौतियां हैं। इसलिए वैश्विक स्तर पर भरोसा बहाल करने का समय आ गया है। उन्होंने आगे कहा, भारत पूरी दुनिया से अपील कर रहा है कि हम मिलकर ग्लोबल ट्रस्ट डेफिसिट को विश्वास, भरोसे में बदलें। ये सभी के साथ मिलकर चलने का वक्त है। हम सभी के लिए सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास हमारे लिए पथप्रदर्शक बन सकता है।

मोदी ने अपनी बात पर बल देते हुए कहा कि, हमें आने वाली पीढ़ी के लिए वैश्विक अर्थव्यवस्था में उथल-पुथल, नॉर्थ और साउथ के बीच का फर्क, ईस्ट और वेस्ट के बीच का फर्क, अनाज संकट, खाद संकट जैसी चुनौतियों को नहीं दे सकते। यदि आज हमलोग नहीं सम्भले तो निकट भविष्य में इसका सामना करना ही पड़ेगा।



वहीं, दिल्ली में हो रहे जी-20 शिखर सम्मेलन में अफ़्रीकन यूनियन यानी अफ़्रीकी संघ को स्थायी सदस्य के तौर पर जी-20 में शामिल कर लिया गया है, इस बात की जानकारी देते हुए मोदी ने कहा कि, सबका साथ की भावना से ही भारत ने अफ़्रीकन यूनियन को जी-20 का स्थायी सदस्य बनाने की बात की थी। आप सबकी सहमति से मैं अफ्रीकन यूनियन के अध्यक्ष को जी-20 के स्थायी सदस्य के रूप में अपना स्थान ग्रहण करने के लिए आमंत्रित करता हूं।

वहीं, बैठक के बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि जी 20 बैठक में एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य पर जोर दिया गया है। पहली बार अफ्रीकन यूनियन को स्थायी सदस्यता दी गई है। भारत की हरित विकास पहल को मंजूरी दी गई है। संतुलित, समावेशी, मजबूत और स्थायी विकास पर जोर दिया गया है। बहुपक्षीय व्यवस्था को पुनर्जीवित करने पर बल दिया गया है। सभी देश डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर पर फोकस करेंगे। साथ ही सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने पर जोर देंगे। इसके अलावा भी उन्होंने बहुत महत्वपूर्ण बातें कही है।

वहीं, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उनके बाद मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि जी 20 बैठक में भारत की अध्यक्षता में कई समाधान मिले हैं। वैश्विक समस्याओं के निराकरण पर जोर देते हुए उनके समुचित समाधान पर फोकस किया गया है। मजबूत टिकाऊ और समावेशी विकास पर मुहर लगी है। 21वीं सदी की वैश्विक चुनौतियों पर चर्चा हुई। विकासशील देशों पर ध्यान देने की प्रतिबद्धता जताई गई, ताकि कोई भी देश पीछे ना छूटे। ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर बात हुई। बायो फ्यूल एलायंस बनाया जाएगा। क्रिप्टो पर पालिसी को लेकर भी चर्चा हुई। हमें चुनौती पूर्ण समय में अध्यक्षता मिली। निजी डेटा की सुरक्षा पर भी बात हुई। इसके अलावा भी उन्होंने बहुत महत्वपूर्ण बातें कही है।

वहीं, जी 20 के शेरपा अमिताभ कांत ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि बैठक में यह तय हुआ कि किसी देश की अखंडता के खिलाफ बल प्रयोग नहीं किया जाएगा। परमाणु हथियारों का इश्तेमाल या धमकी स्वीकार्य नहीं होगा। सभी देशों को यूएन चार्टर के मुताबिक काम करना चाहिए। किसी भी देश की अखंडता के खिलाफ धमकी, बल प्रयोग नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सबने माना कि आज का युग युद्ध का नहीं है। आतंकवाद के सभी रूपों की निंदा की गई है। किसी भी रूप में आतंकवाद स्वीकार्य नहीं है। आतंकी समूहों के खिलाफ सहयोग देने पर सहमति बनी। इसके अलावा भी उन्होंने बहुत महत्वपूर्ण बातें कही है।

इस घोषणा पत्र में वैश्विक आतंकवाद का 9 बार और यूक्रेन का 4 बार जिक्र आया है, लेकिन यूक्रेन के सम्बंध में रूस का जिक्र नहीं किया गया है। यह बुलन्द भारत की दबंग तस्वीर को अभिव्यक्त करता है। आखिर जी 20 के देशों ने माना है कि परस्पर अब और अधिक अविश्वास नहीं किया जा सकता है, क्योंकि भारत के शांति और विकास के मंत्र से सबकी आस जगी है।

बता दें कि 09 सितंबर शनिवार को जब जी20 शिखर सम्मेलन की शुरुआत हुई तो सुबह साढ़े दस से दोपहर डेढ़ बजे तक पहला सत्र वन अर्थ पर आयोजित किया गया। वहीं, वन फैमिली पर दूसरा सत्र दोपहर 3 बजे से 4.45 बजे तक चला। वहीं शाम 7 बजे डिनर पर सभी राष्ट्राध्यक्ष ने पारस्परिक मुलाक़ात किया और रात 8 बजे से 9.15 बजे तक बातचीत हुई। वहीं रविवार को जी20 सम्मेलन के आखिरी दिन वन फ़्यूचर पर तीसरा सत्र सुबह 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस सत्र के बाद जी20 शिखर सम्मेलन समाप्त हो जाएगा।

जी20 ग्रुप में 19 देश शामिल हैं- अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राज़ील, कनाडा, चीन, फ़्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, रिपब्लिक ऑफ़ कोरिया, मेक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, यूनाइटेड किंगडम और अमेरिका। ग्रुप का 20वां सदस्य यूरोपीय संघ है। अफ़्रीकी यूनियन के इस संगठन में स्थायी सदस्य के रूप में शामिल होने के बाद अब 19 देश और दो संघ इसके सदस्य हो गए हैं।

शनिवार को सबेरे जी-20 सम्मेलन के लिए सभी विदेशी राष्ट्राध्यक्षों और प्रतिनिधियों के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम पहुंचने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद प्रगति मैदान पहुंच गए थे। यहां पर बने भारत मंडपम में उन्होंने एक एक कर सभी विदेशी नेताओं का स्वागत किया। खास बात यह कि स्वागत कार्यक्रम के लिए जो मंच तैयार किया गया है, उसके पीछे कोणार्क चक्र की प्रतिकृति लगाई गई है। बता दें कि कोणार्क चक्र पहली बार 13वीं सदी में राजा नरसिंहदेव प्रथम के शासन काल में बनाया गया था। ये चक्र भारत के प्राचीन ज्ञान, यहां की सभ्यता और स्थापत्य कला को दर्शाता है। माना जाता है कि कोणार्क चक्र के घूमने की तुलना कालचक्र से की जाती है और इसे आगे बढ़ने और बदलाव के रूप में देखा जाता है।

## महिलाओं के आर्थिक विकास में विशेष सहयोग की चर्चा

भारत जी 20 के सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए गौरवशाली मेजबानी कर रहा है द्ययह पहला अवसर है जब विश्व के इतने शक्तिशाली राजनेता एक साथ भारत की राजधानी दिल्ली में एकत्र हैद्य इस सम्मेलन में अंतर्राष्ट्रीय शांति ,स्पेस रिसर्च, विज्ञान, शिक्षा,चिकित्सा, सामरिक विषयों के साथ-साथ विश्व बंधुत्व और मानवीय दृष्टिकोण के पहलुओं की बात तो होगी ही इसके साथ ही महिला सशक्तिकरण एवं मानवीय संवेदनाओं के विकास में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी चर्चा होगीद्य जी20 में निश्चित तौर पर मानवीय दृष्टिकोण और महिला सशक्तिकरण की जोर-जोर से भारत अपनी तरफ से पहल करेगा और ऐसा होना भी चाहिए। पूरे विश्व में भारत के साथ महिलाओं की राष्ट्र के प्रति आर्थिक विकास में बड़ी महती भूमिका रही है। हर रात की सुबह होती है, और सुबह चमकदार और उजाले से भरपूर होती है। भारत में महिलाओं की मुक्ति तथा सशक्तिकरण का प्रश्न स्वतंत्रता एवं भारत की मुक्ति के साथ अनिवार्य रूप से जुड़ गया है। स्वतंत्र काल से जुड़ी हुई महिला सशक्तिकरण की यात्रा आज तक अनवरत जारी हैद्य आज भी महिलाएं सामाजिक राजनीतिक आर्थिक एवं सांस्कृतिक सभी मोर्चों और सवालों पर पुरुषों के समकक्ष संघर्ष करती नजर आ रही है। आज राष्ट्र निर्माण में नारी अपनी भूमिका से न केवल परिचित है बल्कि उसकी गंभीर जिम्मेदारी का निर्वहन करने के लिए भी तत्पर व सक्षम है। वर्तमान में भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से एक हैद्य भारत विकास की दर आज बड़ी से बड़ी वैश्विक शक्ति से टक्कर लेने की जद पर है। विकास की गाथा में देश की आधी आबादी यानी महिलाओं की भूमिका बढ़ती जा रही है। अनेक सामाजिक आर्थिक विसंगतियों के बावजूद आज हर मोर्चे पर महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी होती दिखाई दे रही है। यह आत्मविश्वास उन्हें सदियों के संघर्ष के बाद हासिल हुआ है, प्राचीन काल में अपाला तथा गोसा जैसी विदुषी महिलाओं ने अपनी कीर्ति पताका फैलाई थी, भारतीय समाज में उन्हें सम्मान और बराबरी का दर्जा दिया गया है ,परंतु मध्यकाल में भारत अपनी संकुचित एवं संकट दृष्टि का शिकार हो गया था महिलाओं को घर की चारदीवारी में क्या होना पड़ा थाद्य इसी के साथ कैद हो गई थी उनकी योग्यता,ऊर्जा,शक्ति, आकांक्षाएं और व्यक्तित्व विकास की संभावनाएं। भारत एवं भारत के बाहर विदेशों में भारतीय मूल की ऐसे सैकड़ों महिलाएं हैं जिन्होंने भारत देश का नाम रोशन किया है उनके नाम की सूची बड़ी लंबी है उनका उल्लेख न करते हुए समग्र रूप से उनका नमन करते हुए यह बताना चाहूंगा कि महिलाएं निरंतर उच्च पदों पर आसीन हो रही है इन सब के साथ सबसे पुराने बजट तथा घर के अर्थशास्त्र को संभालने की भूमिका का भी कुशलतापूर्वक सदियों से प्रबंधन करती आ रही है। इसके साथ ही वे अपनी शैक्षणिक योग्यता में निरंतर सुधार कर रही है।

## मैंने कभी ईश्वर को नहीं देखा

मैंने ईश्वर को नहीं देखा
पर पैदा होने से अब तक
मां को देखा मां मैं मुझे ईश्वर दिखाई
दिए।
मैंने कभी पर्वत नहीं देखे थे
पिता को देखा ध्यान से
मुझे पर्वत और चट्टान
दिखाइ दिए, कहते हैं पर्वतों में
ईश्वर का वास होता है
मैंने पिता के चेहरे
में ईश्वर देखा।
फिर जीवन में पत्नी आई
पत्नी का चेहरा मां
से मिलता जुलता।
फिर बिटिया हुई
बिटिया को देखा
बिटिया में मां दिखाई दी
फिर बिटिया और मां में
साक्षात लक्ष्मी पार्वती दिखाई दी,
मान लो तो देवता है
वरना एक पत्थर ही तो है,
बिटिया में मां पत्नी दोनों दिखाई दी
दोनों ईश्वर की प्रतिमान।
मां के चले जाने के बाद
बिटिया और पत्नी में
पूरी पूरी मां दिखाई देती है
उस मां के चेहरे में
ईश्वर के दर्शन हो जाते हैं।
पर मैंने ईश्वर को नहीं देखा
बेटी पत्नी और मां को देखा
सचमुच सीधे और सपाट
भाव में ईश्वर को देख लिया,
मां अब हर स्त्री के चेहरे
में स्पष्ट दिखाई देती है
और हर स्त्री के चेहरे में अब
निश्चल भाव से
ईश्वर दिखाई देते हैं।

# भारत अमेरिका के लिए आपसी संबंधों को मजबूत करने का सही वक्त



(सीए) मनीष कुमार गुप्ता

दुनिया के दो देश जिनकी हर नीतियों और संबंधों का विश्व के अन्य देशों पर असर पड़ता है। दरअसल आज तेजी से बदल रही दुनिया में अमेरिका और भारत के बीच के संबध पहले से काफी ज्यादा बेहतर और मधुर हुए हैं। गौरतलब हो कि दुनिया में जहां अमेरिका महाशक्ति के रूप में अपना स्थान बनाए हुए है। वहीं दूसरी ओर भारत भी विश्व की उभरती हुई महाशक्ति के रूप में अपना स्थान पाने के लिए लगातार आगे बढ़ता जा रहा है।

ऐसे में विश्व के मौजूदा हालात को देखते हुए भारत-अमेरिका के लिए एक दूसरे से अपने संबंधों को मजबूत करने का सबसे ज्यादा सही वक्त है। गौरतलब हो कि दुनिया में आज अमेरिका भले ही सुपर पावर बना हुआ है। लेकिन कुछ अन्य देश मसलन चीन और रूस भी अमेरिका को चुनौती देने के लिए उसके सामने खड़े होने को तैयार हैं।

### भारत-अमेरिका के बीच संबंधों की मजबूती का प्रमुख कारण बना चीन

गौरतलब हो कि हाल ही में कुछ महीनों पहले भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी अमेरिका यात्रा पर वाशिंगटन डीसी पहुचें थें। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वागत में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाईडेन ने अपने आवास पर राजकीय रात्रिभोज का आयोजन किया था। इतना ही नहीं अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाईडेन ने अमेरिकी संसद में अपना भाषण देते हुए कहा था कि, भारत अमेरिका के आपसी संबंधों ने आज एक नई उचाई को छू लिया है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सफल विदेश नीति और कूटनीति दम पर आज अमेरिका जैसा देश भी भारत के साथ अपने बेहतर संबंध स्थापित करने के लिए आतुर है। दरअसल अमेरिका और भारत के बीच मजबूत होते संबंधों का सबसे प्रमुख कारण है चीन की शक्ति का तेजी से बढ़ना है। गौरतलब हो कि चीन की बढ़ती हुई ताकत से जहां एशिया महाद्वीप में सबसे ज्यादा खतरा भारत को है। वहीं दूसरी ओर चीन की सुपर पॉवर बनने की महत्वाकांक्षा के चलते कहीं ना कहीं अमेरिका भी चीन को लेकर चिंतित है। दरअसल यदि चीन की ताकत लगातार बढ़ती रही तो वह आने वाले भविष्य में अमेरिका और भारत दोनों को चुनौती दे सकता है। नतीजतन चीन की बढ़ती ताकत भी कहीं ना कहीं भारत और अमेरिका के बीच मजबूत होते हुए संबंधों का स्तंभ है। ऐसे में विश्व परिदृश्य में चल रहें मौजूदा हालात के लिहाज से भारत और अमेरिका के दोनों के लिए अपने आपसी संबंधो को मजबूत करने का सबसे अच्छा समय है।

### व्यापार और रक्षा सौदों से भी भारत-अमेरिका के संबंधों को मिलेगी नई मजबूती

भारत और अमेरिका के आपसी संबंधों को पहले से ज्यादा मजबूत होने के कई और भी कई कारण है। दरसअल आज भारत-अमेरिका के बीच बेहतर संबंधों का आधार दोनों देशों के बीच होने वाले व्यापक व्यापार, रक्षा उपकरण से जुड़े सौदे, अंतरिक्ष, प्रद्यौगिकी के अलावा जलवायु संबंधी पहलों और अमेरिका में भारतीय प्रवासियों की बढ़ती भूमिका भी दोनों दशों के बीच मजबूत रिश्तों का आधार बन सकती है। इसके अलावा आज अमेरिका में रह रहें भारतीय प्रवासी हर क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के साथ ही अमेरिका की अमीर जातियों में भी शुमार हो चुकें हैं। ऐसे में कहीं ना कहीं अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाईडेन को भी प्रवासी भारतीयों के महत्व का अंदाजा लग चुका है।

### अमेरिका बना भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझीदार

भारत अमेरिका के बीच मजबूत होते संबंधों का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वैश्विक व्यापार के लिहाज से मौजूदा समय में अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझीदार बन चुका है। गौरतलब हो कि भारत-अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार का दायरा वर्ष 2020-21 में 192 अरब डालर तक पहुंच गया था। जबकि अपने पड़ोसी देश चीन के साथ भारत का व्यापार मौजूदा समय में महज 136 अरब डालर का ही है।

ऐसे में यदि यह कहा जाए कि आने वाले समय में अमेरिका और भारत के संबंध में दुनिया में अन्य देशों की तुलना में ज्यादा बेहतर और मजबूत बन सकतें हैं, तो इसमें कोई भी अतिशयोक्ति नहीं होगी। इसके अलाव भारत का अमेरिका के साथ व्यापारिक निर्यात में तकरीबन 30 अरब डालर से अधिक का व्यापार अधिशेष है। जबकि चीन के साथ भारत का व्यापार का घाटा 80 अरब डालर का है। हालांकि गलवान घाटी में भारत चीन के बीच हुई झड़प के बावजूद भी भारत के आयात का 10 प्रतिशत से अधिक का हिस्सा अब भी अकेले चीन से ही आता है। नतीजतन भविष्य में अमेरिका के साथ व्यापार, प्रौद्योगिकी ओर निवेश बढ़ाना भारत के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है।

### हिन्द प्रशांत महाक्षेत्र में केवल भारत ही दे सकता है चीन को टक्कर

एशिया महाद्वीप के हिन्द प्रशांत महाक्षेत्र में केवल भारत ही एकलौता ऐसा देश है जो कि चीन जैसे शक्तिशाली देश को भी टक्कर दे सकता है। दरअसल हिंद प्रशान्त महाक्षेत्र में चीन लगातार अपनी ताकत को बढ़ा रहा है। हालांकि चीन अपनी विस्तारवादी सोच के चलते हिंद प्रशांत के समुद्री क्षेत्र पर अपना अधिकार करना चाहता है। लेकिन अमेरिका यह कतई नहीं चाहता है कि चीन का हिंद प्रशांत महाक्षेत्र में प्रभुत्व बढ़ें।

ऐसे में अमेरिका चीन के खिलाफ भारत को मजबूती प्रदान करना चाहता है, ताकि किसी तरह से चीन को रोका जा सकें। ऐसे में कहीं ना कहीं भारत के लिए अमेरिका से अपने संबंधों को और मजबूत करने का अच्छा अवसर है।

### अमेरिका के साथ मजबूत संबंधों से भारत बनेगा विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था

दरअसल मौजूदा समय में चीन की बढ़ती हुई ताकत से चिंतित अमेरिका का झुकाव भारत की तरफ बढ़ा है।

जबकि वहीं भारत ने भी अमेरिका को उसकी चिंता को समझते हुए उसके साथ खड़े रहने का पूरा भरोसा दिया है। लेकिन अमेरिका के साथ भारत के बने इन संबंधों का केवल अमेरिका को ही नहीं अपितु भारत को भी लाभ होगा। दरअसल मौजूदा समय में चीन दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। जबकि वहीं भारत के साल 2030 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का अनुमान है। ऐसे में अमेरिका को चीन की अपेक्षा भारत के दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का ज्यादा फायदा मिलेगा। क्योंकि भारत के साथ अमेरिका का निर्यात का व्यापार सबसे ज्यादा है। गौरतलब हो कि भारत मौजूदा समय में तकरीबन 100 अरब डालर से अधिक का निर्यात अमेरिका को करता है।

इतना ही नहीं पिछले सात वर्षों में अमेरिका को भारत की ओर से किए जाने वाले निर्यात में दो गुना की वृद्धि हुई है। इस लिहाज से कहीं ना कहीं अमेरिका के साथ अपने संबंधों को मजबूत करके भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के अपने लक्ष्य को आसानी से हासिल कर सकता है।

*अमेरिका भारत के बीच मौजूदा वैश्विक परिवेश में चल रहें संबंध दोनों देशों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। क्योंकि यदि दोनों देश अपनी नीतियों को आपसी तालमेल के आधार पर बनातें हैं तो दोनों देश विश्व की दो महाशक्तियां बन सकतें हैं। इतना ही नहीं भारत और अमेरिका के बीच मजबूत दोस्ती से दोनों देशों की कई आंतरिक और वाळय समस्याओं का भी समाधान हो सकता है।*

## शार्ट न्यूज

### बहराइच :ऑटो और ई-रिक्शा की टक्कर में 10 से 12 लोग हुए घायल

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती ज़िले में शनिवार को ऑटो और ई-रिक्शा में टक्कर हो गयी। जिसमें सवार करीब 10 से 12 यात्री घायल हो गए, जिसमें से कुछ लोगों को गंभीर चोट भी आई। सूत्रों ने बताया कि यह हादसा भिनगा कोतवाली क्षेत्र के भिनगा-सिरसिया मार्ग पर हुआ है। ऑटो चालक सवारियों को बैठाकर सिरसिया के ताल बघौड़ा से भिनगा की तरफ आ रहा था। ऑटो रिक्शा भिनगा के करीब राजा वीरेंद्र कांत सिंह महाविद्यालय के पास पहुंचा। तभी ई-रिक्शा बैक करते समय ऑटो से टकरा गया, जिसके चलते ऑटो पर सवार करीब दर्जन भर सवारियां गिरकर चोटिल हो गई। घायल सवारियों में से कुछ गंभीर रूप से चोटिल हो गई, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

### हत्या मामले के दो दोषियों को आजीवन कारवास और 40 हजार का जुर्माना

प्रतापगढ़ । उत्तर प्रदेश के प्रताप गढ़ जिले में अदालत ने युवक की गोली मारकर हत्या मामले में दोष सिद्ध होने पर दो लोगो को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है साथ ही चालीस चालीस हजार रुपये का अर्थ दण्ड लगाया है । अदालत ने अर्थ दण्ड की आधी धनराशि मृतक के पिता को देने का आदेश दिया है। प्रताप गढ़ जिले के थानां सांगीपुर के देउम पश्चिमी गांव के राकेश तिवारी 24 फरवरी 2019 को अपने बेटे निखिल तिवारी के साथ निमंत्रण में जा रहे थे। देउम चौराहे पर देउम पश्चिम के चंदन तिवारी और पिचूरा पूरे रामबक्स के सौरभ सिंह ने रोक लिया , दोनो निखिल तिवारी को गाली देने लगे , चंदन ने राकेश को तमंचा लगाया और सौरभ ने निखिल तिवारी के सीने में गोली मार दी , हॉस्पिटल ले जाने पर डॉक्टरों ने निखिल को मृत घोषित कर दिया , मामले की सुनवाई करते हुये जिला जज अब्दुल शाहिद ने दोनो आरोपियों चंदन तिवारी और सौरभ सिंह पर दोष सिद्ध पाया और उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई है ।

### बलिया : हिंदू देवताओं के खिलाफ अभद्र पोस्ट करने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**बलिया।** उत्तर प्रदेश के बलिया जनपद के बैरिया थाना क्षेत्र में हिन्दू धर्म देवता भगवान राम व कृष्ण के विरुद्ध सोशल नेटवर्किंग साइट फेसबुक पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले के बैरिया थाना क्षेत्र के बैजनाथ छपरा गांव निवासी अमन कुमार वर्मा उर्फ चन्द्रशेखर के विरुद्ध क्षेत्र के ही कोटवा गांव निवासी संतोष सिंह व अन्य की तहरीर पर पुलिस ने भारतीय दण्ड संहिता व सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की सुसंगत धारा के तहत नामजद मुकदमा शुक्रवार की देर शाम दर्ज किया है । संतोष सिंह व अन्य ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि अमन कुमार वर्मा उर्फ चंद्रशेखर ने गत 6 सितम्बर श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दिन सोशल नेटवर्किंग साइट फेसबुक पर हिन्दू धर्म देवता भगवान राम व कृष्ण को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी पोस्ट की है। शिकायतकर्ता संतोष सिंह व अन्य लाल बहादुर शास्त्री, विनोद सिंह , विशाल का आरोप लगाया है कि फेसबुक पर पोस्ट के जरिए उनकी धार्मिक भावनाओं को आहत किया गया है ।

### संभल में 6 महीने की बच्ची से रेप

संभल। संभल में एक 6 महीने की बच्ची के साथ रिश्ते में मामा लगने वाले युवक ने रेप किया। आरोपी बच्ची को खिलाने के बहाने गोद में उठाकर ले गया था। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर मां मौके पर पहुंची तो बच्ची लहूलुहान अवस्था में देख आरोपी को पकड़ लिया। इसके बाद परिजनों ने आरोपी को पीट दिया। घटना के बाद बच्ची को गोद में लेकर मां थाने पहुंची। पुलिस को पूरा मामला बताया। आनन-फानन में पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद बच्ची को अस्पताल ले जाया गया। फिलहाल बच्ची की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। वारदात कोतवाली बहजोई क्षेत्र के एक गांव की है। पीड़िता की मां ने पुलिस को बताया, आरोपी संजीव मेरे घर से 500 मीटर दूर गांव मंडनपुर थाना बहजोई में रहता है। बीते गुरुवार की शाम को वह मेरे घर आया। घर के आंगन में मैंने अपनी 6 महीने की मासूम बच्ची को चारपाई पर लिटाया था। आरोपी ने आते ही मुझसे पानी मांगा। मैंने पानी लेने गई तो उसने बच्ची को खिलाने के बहाने गोद में उठा लिया। जब मैं पानी लेकर आई तो वो बच्ची को दुलार कर रहा था।

### माफिया विनोद पर अब एक लाख का इनाम

गोरखपुर। फरार माफिया विनोद उपाध्यक्ष पर गोरखपुर पुलिस ने इनाम बढ़ा कर 1 लाख रुपये कर दिया। गोरखपुर में टॉप 10 और यूपी के टॉप 61 अपराधियों में शामिल मोस्ट वांटेड विनोद उपाध्याय 2 माह से अधिक समय से फरार है। शुक्रवार को छ्त्र अखिल कुमार ने उसपर घोषित इनाम 50000 से बढ़ा कर 1 लाख रुपये कर दिया। हालांकि, गोरखपुर पुलिस अब तक एक भी माफिया को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। खुद से जेल जा चुके माफियाओं पर बुलडोजर चलवाने के बाद पुलिस अंडरग्राउंड क्राइम में शामिल 1 लाख के इनामी माफिया विनोद उपाध्याय की तलाश में लगी जरूर है। लेकिन, अभी तक पुलिस उसे खोजने में नाकाम रही है। उधर, खबर है कि माफिया विनोद भी अन्य माफियाओं की तरह कोर्ट में सरेंडर करने के लिए तैयार है, लेकिन उसकी योजना नहीं बन पा रही है। इससे पहले माफिया सुधीर सिंह, माफिया राकेश यादव और माफिया अजीत शाही को भी पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी। बल्कि सभी माफिया खुद कोर्ट में सरेंडर कर जेल चले गए।

### कानपुर में नवजात को जिंदा दफनाया

**कानपुर देहात।** कानपुर देहात में 8-9 घंटे के नवजात को खेत की मिट्टी में जिंदा दफना दिया गया। शनिवार सुबह पास से निकल रही महिलाओं की खेत में हिलती हुई मिट्टी पर नजर पड़ी, तो वो घबरा गईं। उन लोगों ने दूसरे ग्रामीणों को बुलाया। इसके बाद मिट्टी को हटाया गया, तो नीचे एक जिंदा नवजात निकला। बच्चे के शरीर पर खून लगा हुआ था। पूरे शरीर पर मिट्टी चिपकी थी। शरीर पर हल्के-हल्के घाव भी थे। गांव के लोग नवजात को अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां बच्चे का इलाज चल रहा है। उसकी हालत अभी स्थिर है। मामला मूसानगर थाना क्षेत्र के पुरंदर गांव का है। पूरी घटना का वीडियो भी सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि गांव के लोग पहले तो मिट्टी हटाने में डर रहे हैं। वहीं, बच्चे के सांसें लेने के चलते मिट्टी भी हिल रही है। बच्चे के रोने की आवाज भी आ रही है। इसी बीच एक युवक हाथ से मिट्टी हटाकर बच्चे को निकालता है। फिर उसे गोद में उठाता है। नवजात हाथ-पैर हिला रहा था। इसके बाद धीरे-धीरे आंखें खोलता है। बच्चे को सुरक्षित देखकर ग्रामीण खुश हो जाते हैं। फिर गांव वाले घर से पीले रंग का कपड़ा लाते हैं। उसमें बच्चे को लपेट देते हैं। इसके बाद एक महिला बच्चे को गोद में उठा लेती है। सभी लोग बच्चे को लेकर अस्पताल चले आते हैं।

### मेरठ में वकीलों ने किया लोक अदालत का बहिष्कार

**मेरठ।** हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज कांड के बाद वकीलों का गुस्सा अभी भी शांत नहीं हैं। शनिवार को वकीलों ने मेरठ कचहरी में लोक अदालत का बहिष्कार किया। अधिवक्ताओं ने कचहरी कैम्पस में मार्च निकालकर प्रोटेस्ट किया। एडवोकेट्स ने पुलिस, प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध जताया। वकीलों को रोकने के लिए कैम्पस में भारी संख्या में फोर्स भी तैनात रही। इसके बावजूद वकीलों ने मार्च निकाला और विरोध जताया। अधिवक्ताओं ने कार्य से विरत रहते हुए प्रोटेस्ट किया। कचहरी में वकील पहुंचे लेकिन आज शनिवार को होने वाली लोक अदालत को नहीं चलने दिया। वकीलों ने कहा कि जब तक हापुड़ कांड में पीड़ित वकीलों को न्याय नहीं मिलता हमारी लड़ाई जारी रहेगी। वकीलों की मांग है कि हापुड़ प्रकरण में वकीलों पर जो मुकदमा हुआ है वो वापस लिया जाए। पीड़ित वकीलों को आर्थिक मुआवजा प्रदान किया जाए। साथ ही हापुड़ के डीएम, एसएसपी का तबादला होना चाहिए।

## गोसेवकों को मुख्यमंत्री का उपहार

# अब मिलेंगे रु 50 प्रति गोवंश

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने शनिवार को पशुओं में लंपी वायरस से बचाव के प्रबंधन की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। हाल के दिनों में गोवंश पर लंपी वायरस का दुष्प्रभाव देखने को मिला है। इस संक्रमण के कारण कई राज्यों में व्यापक पशुधन हानि हुई है। प्रदेश में इसके प्रसार को रोकने के लिए हमें मिशन मोड में काम करना होगा। स्थिति सामान्य होने तक प्रदेश में पशुमेलों का आयोजन स्थगित रखा जाए। अंतरराज्यीय पशु परिवहन पर रोक लगाई जाए। पशुपालकों को संक्रमण के लक्षण और उपचार के बारे में पूरी जानकारी दी जाए। गोआश्रय स्थलों में अनावश्यक लोगों का प्रवेश



प्रतिबंधित कर दिया जाए।

लंपी वायरस से सुरक्षा के लिए पशु टीकाकरण का विशेष अभियान चलाया जाना जरूरी है। टीके की उपलब्धता के लिए। यह मच्छर इत्यादि से फैलने वाला वायरस है, ऐसे में ग्राम्य विकास, नगर विकास और पशुपालन विभाग परस्पर समन्वय से गांव व शहरों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाए। किसी भी दशा में संक्रमण का प्रसार न हो।

लंपी वायरस से संक्रमित गोवंश, स्वस्थ हुए गोवंश और गैर संक्रमित गोवंश के लिए पृथक-पृथक बाड़े की व्यवस्था की जाए। निराश्रित गोवंश स्थलों/कान्हा उपवनों के साथ-साथ आम पशुपालकों को भी इस बारे में जागरूक किया जाए।

निराश्रित गोवंश संरक्षण की दिशा में सतत प्रयासों के संतोषप्रद परिणाम मिल रहे हैं। वर्तमान में 6889 निराश्रित गोवंश स्थलों में 11.89 लाख गोवंश संरक्षित हैं। इनके साथ-साथ गोवंश संरक्षण के लिए संचालित मुख्यमंत्री सहभगिता योजना के भी आशातीत परिणाम मिले हैं। अब तक 01 लाख 85 हजार से अधिक गोवंश इस योजना के तहत गो-सेवकों को सुपुर्द किए गए हैं। निराश्रित गोवंश स्थलों तथा गोवंश की सेवा कर रहे सभी परिवारों को गोवंश के भरण-पोषण के लिए वर्तमान में रु 30 प्रति गोवंश की दर से धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है। अब इसे बढाकर रु 50 प्रति गोवंश किया जाए। इस संबंध में कोई भी बकाया अवशेष न रहे।

राज्य सरकार पशु संवर्धन, संरक्षण के लिए सेवाभाव के साथ सतत प्रयासरत है। गोवंश सहित सभी पशुपालकों के प्रोत्साहन के लिए सरकार द्वारा अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। पात्र लोगों को इसका लाभ मिलना सुनिश्चित कराया जाए।

## बलरामपुर में वकीलों ने लोक अदालत का किया बहिष्कार

बलरामपुर। हापुड़ में वकीलों पर किए गए लाठीचार्ज और विरोध प्रदर्शन करने वाले अधिवक्ताओं पर किए गए मुकदमे के विरोध में शनिवार को जिला एवं सत्र न्यायालय पर आयोजित लोक अदालत का वकीलों ने बहिष्कार किया।

वकीलों ने जिला एवं सत्र न्यायलय के मुख्य द्वार पर इकठ्ठा होकर पुलिस और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और हापुड़ की घटना के दोषी पुलिसकर्मियों को बर्खास्त करने और आंदोलन के दौरान अधिवक्ताओं पर दर्ज किए मुकदमों को वापस लेने की मांग की। आंदोलनकारी अधिवक्ताओं ने योगी सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए चेतावनी दी की जब तक उनकी मांगे मानी नहीं जाती आंदोलन चलता रहेगा। अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष सत्य देव तिवारी ने कहा कि हापुड़ में पहले अधिवक्ताओं पर अत्याचार किया गया और उन्हें पुलिस से पिटवाया गया। जब इस घटना के विरोध में अधिवक्ताओं ने आंदोलन किया तो उन पर फर्जी मुकदमे कायम कर दिए गए।

उन्होंने कहा की पुलिस और सरकार के अत्याचार से अधिवक्तागण घबराने वाले नहीं हैं। अधिवक्ता आर-पार की लड़ाई के लिए तैयार खड़ा है।

रामानंद मिश्र, अजय बहादुर सिंह, संदीप उपाध्याय अमित पांडे अध्यक्ष युवा बार संघ कमलेश्वर सिंह, अनिल शुक्ला, आशीष भारती, रमेश पाठक, संजय तिवारी, अरुण श्रीवास्तव, सुशील कुमार मिश्र, केके तिवारी , सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद थे।

## सैनिक स्कूल के स्विमिंग पूल में डूबकर छात्र की मौत

**लखनऊ।** लखनऊ के एक सैनिक स्कूल में 11वीं के छात्र की स्विमिंग पूल में डूबने से मौत हो गई। शुक्रवार रात को छात्र दोस्तों के साथ पूल में नहाने गया था। नहाने के बाद सभी छात्र हॉस्टल लौट आए। सोने से पहले हॉस्टल में बच्चों की गिनती हुई, तो छात्र मिसिंग था। इसके बाद छात्रों ने वार्डन और प्रिंसिपल को इस बारे में बताया। फिर छात्र की तलाश शुरू हुई। जब अन्य छात्र स्विमिंग पूल के पास पहुंचे तो छात्र का शव पानी में उतरा रहा था। इसके बाद पुलिस का सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। पूरा मामला सरोजनीनगर स्थित कैप्टन मनोज पांडेय सैनिक स्कूल का है। मृतक छात्र का नाम ओम गुदौलिया (17 साल) है। वह उरई का रहने वाला था। बच्चे के पिता मनोज को रात में करीब 9 बजे बेटे के लापता होने की सूचना मिली।

## महोबा : चार लाख के गांजे के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

महोबा । उत्तर प्रदेश में महोबा जिले के श्रीनगर क्षेत्र में शनिवार को पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करों के एक अन्तर्राजयीय गिरोह के चार सदस्यों को दबोच कर उनके पास से करीब चार लाख रुपये कीमत का गांजा बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता ने यहां बताया कि सीमावर्ती मध्य प्रदेश की ओर से मादक पदार्थो की तस्करी होने की मिल रही सूचनाओं पर सक्रिय पुलिस ने सुबह सघन चेकिंग अभियान चलाकर एक बोलेरो कार को सूरा चौकी के पास पकड़ा। जिसकी तलाशी



में भारी मात्रा में गांजा बरामद किया गया। यह गांजा छत्तीसगढ़ से तस्करी करके लाया जा रहा था। तस्करों द्वारा उक्त सूखे गांजा को काफी मजबूती से एक.एक किलोग्राम की पेकिंग में बोलेरो कार की सीटों के भीतर बहुत सलीके से छिपाकर रखा गया था। जिसे साधारणतया खोज पाना और पकड़ा जाना बेहद मुश्किल था।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बरामद किए गए गांजा का वजन 62 किलोग्राम है जिसकी कीमत चार लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस द्वारा बोलेरो में पकड़े गए चारो तस्कर पवन कुशवाहा ,कंधीलाल, पुष्पेंद्र यादव और पवन महोबा मुख्यालय के सत्तीपुरा इलाके के निवासी है। पुलिस की पूछताछ में इन युवकों ने मादक पदार्थो की तस्करी में गत काफी समय से संलिप्त होने की जानकारी दी है। वे छत्तीसगढ़ से गांजा तस्करी करके लाते थे और उसे मध्य प्रदेश व उत्तर प्रदेश के विभिन्न इलाकों में फैले अपने एजेंटों के माध्यम से विक्रय करते थे। इन तस्करों की निशानदेही पर पुलिस ने बुलेरो कार से गाड़ी की तीन अलग-अलग नम्बर प्लेट भी बरामद की है। छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के परिवहन रजिस्ट्रेशन नम्बर की इन फर्जी प्लेटो को उनके द्वारा सम्बंधित राज्य में गाड़ी पहुचने पर इस्तेमाल किया जाता था। एसपी ने बताया कि मामले में अभियोग पंजीकृत करके पुलिस ने तस्करों को जेल भेज दिया है।

## रायबरेली : वकीलों की हड़ताल जारी, लोक अदालत का किया बहिष्कार

**रायबरेली।** हापुड़ की घटना के विरोध में उत्तर प्रदेश के रायबरेली में सेंट्रल बार एसोसिएशन सिविल कोर्ट के तत्वावधान में वकीलों ने लोक अदालत का बहिष्कार करते हुए आज भी अपनी हड़ताल जारी रखी।

दीवानी कचेहरी परिसर में शनिवार को लोक अदालत का आयोजन था जिसका विरोध करते हुए सेंट्रल बार एसोसिएशन सिविल कोर्ट रायबरेली के प्रस्ताव पर वकीलों ने कार्य का बहिष्कार कर दिया। लोक अदालत के बहिष्कार के दौरान अधिवक्ताओं और न्यायालय के एक - आध कर्मियों से छिटपुट झड़प की भी खबरे आयी है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नही हो पाई है। रायबरेली में आंदोलनरत अधिवक्ताओ और सेंट्रल बार एसोसिएशन का कहना है कि बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के स्पष्ट निर्देश आने के बाद ही आगे का कोई फैसला लिया जाएगा।

गौरतलब है कि विगत 29 अगस्त को हापुड़ में निहत्थे वकीलों पर पुलिस ने बर्बर लाठीचार्ज किया था जिसमे तमाम महिला और पुरूष वकील घायल हुए थे। जिसको उत्तर प्रदेश की बार कौंसिल ने अपने संज्ञान में लिया और उसके आह्वान व निर्देश पर अधिवक्ताओं ने घटना के विरोध में और अपनी मांगों को लेकर न्यायिक कार्यो का बहिष्कार कर दिया। बार काउंसिल ने हापुड़ के जिला अधिकारी और पुलिस अधीक्षक के ट्रांसफर व दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने समेत अपनी कई मांगे रखी थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार लगभग 50 पुलिस कर्मियों के खिलाफ बीती छह तारीख को मुकदमा तो दर्ज किया गया है लेकिन शेष मांगो की पूर्ति को लेकर अभी भी अधिवक्ता गण आंदोलित है।

### ग्रामीण की धारदार हथियार से हत्या

**प्रतापगढ़** । उत्तर प्रदेश में प्रताप गढ़ जिले के थानाक्षेत्र संग्राम गढ़ में बंधवा विजयी मऊ गांव के एक व्यक्ति की धारदार हथियार से हत्या कर दी गयी है। पुलिस ने आज बताया कि बंधवा विजयी मऊ गांव के निवासी हरिश्चंद्र पटेल (55) पुत्र विसेसर पटेल की धारदार हथियार से हत्या कर दी गयी है। विसेसर पटेल शनिवार रात में अपनी आटा की चक्की पर सोने गया था। उसका खून से लथपथ पड़ा हुआ उसका शव सवेरे ग्रामीणों ने देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी , सूचना मिलते ही सी ओ लाल गंज , एस ओ संग्राम गढ़ भारी पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की पड़ताल शुरू कर दी है ।

### महोबा : पुलिस ने भारी मात्रा में पकड़ा तंबाकू मिला गुटखा, तीन गिरफ्तार

महोबा। उत्तर प्रदेश में महोबा जिले के कुलपहाड़ क्षेत्र में पुलिस ने शनिवार को बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए भारी मात्रा में तम्बाकू मिश्रित अवैध गुटखा बरामद किया है। पुलिस ने इस सम्बंध में तीन लोगों को गिरफ्तार भी किया है जबकि एक अन्य भाग निकलने में कामयाब हो गया। पुलिस उप अधीक्षक हर्षिता गंगवार ने बताया कि पुलिस ने एक सूचना पर मंगरोल तिराहा के निकट मध्य प्रदेश की ओर से आ रहे पिकप वाहन यूपी 95 बी.3175 को पकड़ा। जिसमे भारी मात्रा में तम्बाकू मिश्रित गुटखा को परिवहन करके लाया जा रहा था। पुजारी ब्रांड गुटखा के नाम से पाउच पेकिंग में उक्त गुटखा बड़ी.बड़ी झोलो में भरकर लाया जा रहा था। पूरे प्रदेश में तम्बाकू मिश्रित गुटखा में प्रतिबंध होने के बावजूद यहां दुकानदारों द्वारा इसे कालाबाजारी करके मध्य प्रदेश से लाकर बाजार में खपाया जा रहा था। इसी के चलते मामले में कार्यवाही करते हुए गुटखा को जब्त किया गया है। पुलिस उप अधीक्षक ने बताया कि पिकप कार में गुटखा के साथ पुलिस ने पुष्पेंद्र पाल ग्राम धौर्रा ,अखिलेश साहू ग्राम डिगरिया और संदीप अग्रवाल बेलाताल को मौके पर गिरफ्तार किया गया है। जबकि छतरपुर निवासी डब्बे महाराज फरार हो गया।

## इटवा में ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर, युवक की मौत

**इटवा।** इटवा थानांतर्गत इटवा-बढ़नी मार्ग पर तेज रफ्तार में जा रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर मौत हो गई।

घटना के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। मौके पर भारी भीड़ जुट गई। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक युवक के भाई ने घटना से संबंधित तहरीर थाने पर देते हुए आवश्यक कार्रवाई की मांग की।

इटवा थाना के कपियवा निवासी 25 साल के राजेश प्रजापति पुत्र सोमई शनिवार को आवश्यक कार्य हेतु सेमरी जा रहे थे। अभी तकियवा के पास पहुंचे थे कि बढ़नी की तरफ से आ रही तेज रफ्तार की ट्रक यूपी 41 बी टी 3718 ने बाइक को ठोकर मारते हुए राजेश को रौंद दिया। मौके पर ही मौत हो गई।

ठोकर इतनी तेज थी कि बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। घटना देख भारी भीड़ एकत्रित हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़ फरार हो गया। आनन फानन में युवक को सीएचसी इटवा लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित किया। मृतक राजेश प्रजापति अपने पांच भाइयों में तीसरे नंबर पर था। पत्नी अंजू के अलावा दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। मौत की खबर पर पूरे परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के भाई चंद्रशेखर प्रजापति ने पुलिस को तहरीर देते हुए ट्रक चालक पर आवश्यक कार्रवाई की मांग की।

# ट्रक ने दो मासूम बहनों को कुचला, मौत

### झांसी में दादा के साथ तेरहवीं से लौट रही थीं, कुचलते हुए भाग निकला ट्रक, दादा घायल

**झांसी।** झांसी में बेकाबू ट्रक ने पीछे से एक बाइक को टक्कर मार दी। बाइक पर सवार दो मासूम बहनें सड़क पर गिर गईं। ट्रक दोनों को कुचलता हुआ भाग गया, जबकि बाइक चला रहे बच्चियों के दादा गंभीर रूप से घायल हो गए। उनको मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। हादसा शुक्रवार रात को कानपुर बाइपास पर मैरी गांव के पास हुआ। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में रखवाया है। आज पोस्टमॉर्टम होगा।

#### दोनों के ऊपर से निकल गए पहिए

उन्नाव बालाजी के परासरी गांव




निवासी काशीराम विश्वकर्मा की रिश्तेदारी पिछोर में है। यहां एक महिला की मौत हो गई थी। शुक्रवार को तेरहवीं थी। काशीराम अपने बड़े बेटे गजेंद्र की दो बेटियों सोनाक्षी (12) और परी (10) को लेकर तेरहवीं में पिछोर गए थे। बच्चियों के चाचा प्रदुम और फूफा राजा ने बताया कि खाना खाकर वे बाइक से वापस घर लौट रहे थे। शुक्रवार रात 9 बजे वे मैरी गांव के पास पहुंचे, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे एक ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद काशीराम सड़क किनारे गिरे तो वे बच गए, जबकि दोनों बहनें सड़क पर गिरी। ट्रक उनको कुचलते हुए भाग निकला।

#### काशीराम के फोन करने पर पहुंचा भतीजा

काशीराम के साथ तेरहवीं में उसका भतीजा राजू और अन्य परिजन भी गए थे। वे दूसरी बाइक से पीछे से आ रहे थे। हादसे के बाद काशीराम ने राजू को फोन कर हादसे की सूचना दी। इसके बाद परिजन मौके पर पहुंच गए। इस दौरान भीड़ भी एकत्र हो गई। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। तुरंत तीनों घायलों को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। जहां पर परी और सोनाक्षी को मृत घोषित कर दिया गया। काशीराम को भी सिर और हाथ, पैर में गंभीर चोट है। उनको भर्ती करवाया गया है।

#### रोते-बिलखते पहुंचे परिजन

हादसे की सूचना पर परिजन रोते बिलखते हुए मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। 4 भाई-बहनों में सोनाक्षी और परी बड़ी थी। उनसे छोटी एक बहन छुटकी (4) और सबसे छोटा एक भाई अरमान (3) है। उनके पिता गजेंद्र मजदूरी करते हैं। मौत की खबर सुनते ही मां राजकुमारी बेहोश हो गई।

## बलिया में युवती की हत्या का खुलासा : सगे भाई ने मारी थी गोली

बलिया। बलिया के चितबड़ा गांव में एक भाई ने अपनी बहन की हत्या कर दी थी। इस घटना का खुलासा पुलिस ने कर दिया है। पुलिस के अनुसार बहन के फोन के बात करने पर भाई ने उसकी गोली मारकर हत्या की है। थाना अंतर्गत ग्राम रामपुरचिट में गोली मार कर हत्या की घटना का पुलिस ने सफल अनावरण करते हुए हत्यारे को गिरफ्तार कर लिया है।

युवती का सगा भाई ही हत्यारा निकला है। वह फोन पर बात करने से नाराज था। इसी के चलते उसने ऐसा कांड किया। पुलिस ने अभियुक्त की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त तमंचा व खोखा बरामद कर लिया है।

भाई की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त तमंचा व खोका कारतूस बरामद



किया गया है। जिसे वह खेत में ले जाकर छुपा दिया था। अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि वह अपनी बहन को फोन पर बात करने से बार बार मना करता था लेकिन वह नहीं मानी। इसलिए वह घटना वाली रात फिर उसे समझाने गया लेकिन फिर वह नहीं मान रही थी। जिससे गुस्से में आकर गोली चला दी। जिससे उसकी मौत हो गयी। अभियुक्त ने सुना कि हत्या में फांसी की सजा होती है, जिसके डर से ये बात उसने किसी को नहीं बतायी। वो अब बिहार भागने की फिराक में था। जिसकी गिरफ्तारी चितबड़ा गांव पुलिस टीम द्वारा की गयी। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त का न्यायालय में चालान कर दिया।

### चित्रकूट में बांध में डूबने से युवक की मौत

**चित्रकूट।** चित्रकूट के मानिकपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भरोसा बांध पर गए धर्मेंद्र की बांध में डूबने से मौत हो गई। इस सूचना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को भेजा है। बता दें की मानिकपुर कस्बे के आर्य नगर निवासी धर्मेंद्र कुमार (48) की बांध में डूबने से मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि धर्मेंद्र कुमार सुबह बांध की तरफ आया था। जिसका पैर फिसलने से बांध में वह डूब गया। पड़ोसियों ने बताया कि वो तैरना भी नहीं जानता था। मौत के बाद राहगीरों ने पूरे मामले की सूचना मानिकपुर थाने में की थी। इस संबंध में थाना प्रभारी वीर प्रताप सिंह ने बताया कि शव को बांध से बाहर निकलवा लिया गया है। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को भेजा गया है।

## चित्रकूट में जमीन को लेकर युवक की हत्या

चित्रकूट। चित्रकूट जिले के पहाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत रास्ते से विवाद को लेकर आपस में दो रिश्तेदारों में मारपीट हो गई। जिसमें विजय बहादुर की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को भेजा है। शुक्रवार को रास्ते के विवाद को लेकर विजय बहादुर का हरिश्चंद्र, रामानंद, रामविलास पुत्रगण हरिश्चंद्र से विवाद हो गया। विजय बहादुर और हरिश्चंद्र एक दूसरे के रिश्तेदार हैं। विवाद को लेकर दोनों पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। जिसमें विजय बहादुर बुरी तरह घायल हो गया।

घायल को परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां से इलाज के बाद घायल को प्रयागराज रेफर किया गया। विजय बहादुर की प्रयागराज में मौत हो गई। मारपीट में तीन लोग घायल हैं जिनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

मौत के बाद विजय बहादुर की पुत्री तुलसा देवी ने आरोप लगाया है कि कुछ दिनों पहले रास्ते को लेकर विवाद हुआ था। जिसमें विजय बहादुर पहाड़ी थाना में शिकायत की थी और पहाड़ी पुलिस ने मामले को समझौता कर शांत कर दिया था फिर से मारपीट हुई और विजय बहादुर की मौत हो गई बेटी का आरोप है कि अगर पुलिस इस समय कडी कार्रवाई कर देती तो आज यह हादसा ना होता।

# एमडीबी को अधिक मजबूत और सशक्त बनाने पर जोर : सीतारमण

**नयी दिल्ली।** भारत की अध्यक्षता में जी- 20 देशों ने बहुस्तरीय विकास बैंकों (एमडीबी) को अधिक सशक्त और मजबूत बनाने पर जोर दिया है ताकि 21वीं सदी में विकासशील देशों, विशेष रूप से सबसे गरीब और सबसे कमजोर देशों को विकास की धारा में लाने में मदद की जा सके।

जी-20 देशों के राष्ट्राध्यक्षों के शिखर सम्मेलन के साथ ही आज यहां हुयी फाइनेंशियल ट्रैक की बैठक तथा नयी दिल्ली घोषणापत्र में इस संबंध में किये गये उल्लेख का हवाला देते हुये वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि एमडीबी को सशक्त और मजबूत बनाने पर जोर दिया गया है। उन्होंने कहा हम ऑपरेटिंग मॉडल को बढ़ाकर, जवाबदेही और पहुंच में सुधार करके और विकास प्रभाव को अधिकतम करने के लिए वित्तपोषण क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि करके बेहतर, बड़े और अधिक प्रभावी एमडीबी देने के लिए काम कर रहे हैं। विकास के लिए अरबों से खरबों डॉलर की लंबी छलांग लगाने के लिए सभी स्रोतों से वित्तपोषण जुटाने के हमारे प्रयासों के लिए मजबूत एमडीबी महत्वपूर्ण होंगे। हम अधिक प्रभावी, विश्वसनीय, जवाबदेह और वैध संस्थान प्रदान करने के लिए वैश्विक अंतरराष्ट्रीय आर्थिक और वित्तीय संस्थानों में निर्णय लेने में विकासशील देशों के प्रतिनिधित्व और आवाज को बढ़ाने की आवश्यकता को रेखांकित करते हैं।

उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय वित्त प्रणाली को विकासशील देशों और ईएमई को गरीबी से लड़ने, वैश्विक चुनौतियों से निपटने और विकास प्रभाव को अधिकतम करने में मदद करने के लिए काफी अधिक वित्तपोषण प्रदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत निम्न और मध्यम आय वाले देशों की विकास आवश्यकताओं को संबोधित करने पर निरंतर ध्यान देने के साथ 21वीं सदी की वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए एमडीबी को विकसित और मजबूत करने के महत्वाकांक्षी प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सीतारमण ने कहा, हम एमडीबी की पूंजी पर्याप्तता फ्रेमवर्क (सीएएफ) की जी-20 स्वतंत्र समीक्षा की सिफारिशों को लागू करने के लिए जी-20 रोडमैप का समर्थन करते हैं और एमडीबी के अपने शासन ढांचे के भीतर उनकी दीर्घकालिक वित्तीय




स्थिरता, मजबूत क्रेडिट रेटिंग की सुरक्षा करते हुए इसके महत्वाकांक्षी कार्यान्वयन का आह्वान करते हैं। हम एमडीबी, विषय विशेषज्ञों और शेयरधारकों के साथ बातचीत सहित क्रमिक आधार पर कार्यान्वयन की प्रगति की नियमित समीक्षा का भी आह्वान करते हैं।

हम सीएएफ सिफारिशों को लागू करने में उनकी प्रगति के लिए एमडीबी की सराहना करते हैं, विशेष रूप से जोखिम उठाने की क्षमता और वित्तीय नवाचार की परिभाषाओं को अपनाने के संबंध में। हम वैश्विक उभरते बाजारों (जीईएम) डेटा को समय पर जारी करने और 2024 की शुरुआत में एक स्टैंड-अलोन इकाई के रूप में जीईएम 2.0 के लॉन्च पर एमडीबी के बीच चल रहे सहयोग की सराहना करते हैं। हम एमडीबी को हाइब्रिड पूंजी जैसे क्षेत्रों में सहयोग करने के लिए भी प्रोत्साहित करते हैं।

उन्होंने कहा कि एमडीबी, क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों और शेयरधारकों के बीच बातचीत सराहना योग्य है। सूचना और रेटिंग पद्धतियों के आदान-प्रदान में निरंतर पारदर्शिता को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, हम इस बात पर ध्यान देते हैं कि प्रारंभिक सीएएफ उपाय, जिनमें कार्यान्वयन और विचाराधीन उपाय भी शामिल हैं, संभावित रूप से अगले दशक में लगभग 200 अरब डॉलर की अतिरिक्त ऋण देने की गुंजाइश पैदा कर सकते हैं, जैसा कि जी20 सीएएफ रोडमैप में अनुमान लगाया गया है। हमें सीएएफ कार्यान्वयन पर निरंतर और आगे के लिए अतिरिक्त प्रोत्साहन देने की आवश्यकता होगी।

नयी दिल्ली घोषणापत्र में इसको लेकर कहा गया है, हम एमडीबी से अपने दृष्टिकोण, प्रोत्साहन संरचनाओं, परिचालन दृष्टिकोण और वित्तीय क्षमताओं को विकसित करने के लिए व्यापक प्रयास करने का आह्वान करते हैं ताकि वे अपने जनादेश के अनुरूप रहते हुए वैश्विक चुनौतियों की एक विस्तृत श्रृंखला को संबोधित करने में अपने प्रभाव को अधिकतम करने के लिए बेहतर ढंग से सुसज्जित हों। सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की दिशा में प्रगति में तेजी लाने की प्रतिबद्धता जतायी गयी है। सीतारमण ने कहा,21वीं सदी के लिए एमडीबी पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने और विकसित करने की तत्काल आवश्यकता को पहचानते हुए, हम रिपोर्ट के खंड 01 को तैयार करने में एमडीबी को मजबूत करने पर जी-20 स्वतंत्र विशेषज्ञ समूह के प्रयासों की सराहना करते हैं और अक्टूबर में अपेक्षित खंड 02 के संयोजन में इसकी जांच की उम्मीद करते हैं। हम खंड 01 की सिफारिशों पर ध्यान देते हैं और एमडीबी की प्रभावशीलता को बढ़ाने की दृष्टि से उचित समय पर अपने शासन ढांचे के भीतर इन सिफारिशों को प्रासंगिक और उचित मानते हुए चर्चा करने का विकल्प चुन सकते हैं। हम एमडीबी की वित्तीय क्षमता को मजबूत करने पर अक्टूबर 2023 में चौथे जी-20 एफएमसीबीजी के मौके पर आगामी जी-20 उच्च स्तरीय सेमिनार में इस पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा, विकास की जरूरतों और वैश्विक चुनौतियों को पूरा करने के लिए निवेश को बढ़ाने के लिए निवेश पर बड़े पैमाने पर जोर देने की आवश्यकता है और इस संदर्भ में आईएमएफ और विश्व बैंक से अन्य प्रासंगिक अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ समन्वय में, ईएमडीई में घरेलू संसाधन जुटाने के प्रयासों का समर्थन करने के लिए उम्मीद करते हैं। हम एमडीबी से अपने विकास प्रभाव को अधिकतम करने के लिए नवीन वित्तपोषण मॉडल और नई साझेदारियों के माध्यम से निजी पूंजी का लाभ उठाने का आह्वान करते हैं।

## शार्ट न्यूज

### वैश्विक जैव ईंधन एलायंस की घोषणा




नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान अमेरिका के राष्ट्रपति जोसेफ बाइडन, ब्राजील के राष्ट्रपति एल इनासियो, इटली की प्रधानमंत्री जिओर्जिया मेलोनि और अर्जेंटिना के राष्ट्रपति अल्ब्रेटो फार्नांडिस की मौजूदगी में शनिवार को वैश्विक जैव ईंधन एलायंस की घोषणा की। भारत की अध्यक्षता में आज यहां दो दिवसीय जी-20 शिखर सम्मेलन की शुरूआत हुयी। इस मौके पर इसकी शुरूआत की गयी। यह एलायंस परिवहन क्षेत्र में भी टिकाऊ जैव ईंधन के उपयोग को तेज करेगा और सहयोग की सुविधा भी प्रदान करेगा। एलायंस को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है और कई जी-20 देश इसमें रुचि रखते हैं। अन्य नवीकरणीय ऊर्जा के विपरीत जैव ईंधन का उत्पादन कृषि और जैविक सामग्रियों से कम समय में किया जाता है, जिन्हें बायोमास कहा जाता है। इसका उपयोग उत्सर्जन में कमी को बढ़ावा देता है और दुनिया भर के देशों को अपने शुद्ध शून्य कार्बन पदचिह्न तक पहुंचने में सक्षम बनाता है।

### पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव

**नयी दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में लगातार जारी तेजी के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज भी टिकाव रहा, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर साप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 0.41 प्रतिशत बढ़कर 87.23 डॉलर प्रति बैरल पर और लंदन ब्रेंट क्रूड चढ़कर 90.65 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। देश के चार महानगरों में पेट्रोल और डीजल की कीमत इस प्रकार रही।

### रेल से भारत को पश्चिम एशिया से जोड़ने पर चर्चा

अमेरिका, सऊदी अरब, भारत और अन्य देश रेलवे मार्ग से भारत को पश्चिम एशिया के देशों को जोड़ने के बारे में चर्चा कर रहे हैं। इस मामले के जानकार अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि इस क्रम में भारत के बंदरगाह से पश्चिम एशिया के देशों को जोड़ा जा सकता है। इससे खाड़ी देशों और दक्षिण पूर्व के बीच कारोबार बढ़ेगा। इस बातचीत में संयुक्त अरब अमीरात और यूरोप को भी शामिल किया गया है। इस मामले के जानकार सूत्र ने बताया कि इस हफ्ते जी20 के नेताओं की बैठक के बाद इस रेल लाइन के बारे में स्पष्ट परिणाम निकलने की उम्मीद नहीं है। इस मामले के जानकार लोगों में से एक ने बताया कि यह बातचीत महीनों से जारी है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन अपनी भारत यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। संभावना यह भी है कि वे इस रेल मार्ग के बारे में सऊदी के शासक मोहम्मद बिन सलमान से भी बातचीत करें। रेल से संबंधित यह योजना महत्त्वपूर्ण समय पर आगे बढ़ रही है और इस योजना में कई देशों के बंदरगाह जोड़े जा सकते हैं। यह चीन के बेल्ट और रोड परियोजना के जवाब में तैयार की जा रही है। इस क्रम में बाइडन जी-20 के विकासशील देशों के लिए अमेरिका को वैकल्पिक साझेदार व निवेशक के तौर पर पेश कर रहे हैं।

### वैश्विक वित्तीय संरचना पुरानी, सुधार की जरूरत : महासचिव एंटोनियो गुटेरस

संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने शुक्रवार को कहा कि वैश्विक वित्तीय संरचना पुरानी, काम करने में अक्षम और अनुचित है। उन्होंने कहा कि इसमें गहन संरचनात्मक सुधार करने की जरूरत है। संवाददाताओं से बात करते हुए गुटेरस ने कहा कि यही बाद संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के बारे में भी कही जा सकती है। महासचिव ने कहा, 'हमें यूएन चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून के मुताबिक 21वीं सदी की हकीकतों को ध्यान में रखते हुए एक प्रभावी अंतरराष्ट्रीय संस्था बनाने की जरूरत है।' उन्होंने कहा, 'यही वजह है कि मैं सख्त कदमों की वकालत कर रहा हूं, जिससे कि उन वैश्विक संस्थानों को हकीकत में सार्वभौमिक बनाया जा सके और वे आज की वास्तविकताओं का प्रतिनिधित्व करें और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं की जरूरतों को लेकर और अधिक प्रतिक्रिया दे सकें।'संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत को शामिल किए जाने के सवाल पर गुंटेरेस ने संकेत दिए कि भारत प्रमुख उम्मीदवार है। उन्होंने कहा, 'यह फैसला करना मेरे हाथ में नहीं है कि कौन सा देश संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का सदस्य होगा। यह स्वाभाविक है कि भारत आज ऐसा देश है, जिसकी आबादी पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा है, साथ ही विश्व की बहुपक्षीय व्यवस्था का एक महत्त्वपूर्ण साझेदार है।'

### छत्तीसगढ़ में गोबर बेचने वालों की संख्या में 46 प्रतिशत की वृद्धि

छत्तीसगढ़ सरकार की गाय का गोबर खरीदने की योजना ने कई और लोगों को इसे बेचने के लिए प्रोत्साहित किया है। पिछले एक साल में राज्य में गोबर बेचने वालों की संख्या में 46त्न की वृद्धि देखी गई है। छत्तीसगढ़ भारत का एकमात्र राज्य है जो जुलाई 2020 में शुरू की गई गोधन न्याय योजना के तहत गाय का गोबर खरीदता है। गांवों में, पशु शेड जिन्हें गोठान कहा जाता है, निवासियों के लिए आय का एक प्रमुख स्रोत बन गए हैं। ये गौठान अब विभिन्न कार्य करके स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दे रहे हैं उन्हें गोबर पेंट, वर्मीकम्पोस्ट (कीड़ों से बनी जैविक खाद) और अन्य उर्वरकों जैसे मूल्यवान उत्पादों में बदलना। कुल मिलाकर, गांवों में गौठान गाय के गोबर और गोमूत्र को इकट्ठा करके और उन्हें पेंट और उर्वरक जैसे उपयोगी उत्पादों में बदलकर लोगों को पैसा कमाने में मदद कर रहे हैं। तीन साल पहले योजना शुरू करने के बाद से छत्तीसगढ़ सरकार ने पशुपालकों से 247 करोड़ रुपये से अधिक का गोबर खरीदा है। पशुपालकों को प्रति किलोग्राम गोबर के लिए 2 रुपये का भुगतान किया जाता है। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने कहा, पिछले 1 साल में, गोधन न्याय योजना से 100,000 से अधिक पशुपालकों को लाभ हुआ है, यानी उन्होंने सरकार को गाय का गोबर बेचकर पैसा कमाया है। अगस्त 2022 में लाभान्वित पशुपालकों की संख्या 252,685 थी।

### विकसित देश बनने के लिए 2047 तक 8-9 प्रतिशत की औसत वृद्धि दर जरूरी

भारत को 2047 तक विकसित देश बनने के लिए अगले 20 वर्षों तक 8-9 प्रतिशत की दर से बढ़ने की जरूरत है। डेलॉयट दक्षिण एशिया के सीईओ रोमल शेट्टी ने यह बात कही। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने की दिशा में काम करने का आह्वान किया है। शेट्टी ने कहा कि भारत को 'चीन प्लस वन' रणनीति से फायदा मिल सकता है, क्योंकि कोई दूसरा देश इस तरह के परिचालन के पैमाने और आकार की पेशकश नहीं कर सकता, जैसा यहां उपलब्ध है। अंतरिक्ष क्षेत्र का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारत में पहले ही 200 स्टार्टअप हैं और यहां 2040 तक 100 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश आ सकता है। शेट्टी ने पीटीआई-भाषा को बताया, हमें एक विकसित अर्थव्यवस्था बनने के लिए कम से कम 2047 तक 8-9 प्रतिशत की दर से बढ़ने की जरूरत हैज्‍ मध्यम आय स्तर से आगे बढ़ना होगाज्‍ इस गति से वृद्धि आसान नहीं है। दुनिया में बहुत कम देश ऐसे हैं, जो सालाना 8-9 प्रतिशत की गति से बढ़ने में सक्षम हैं। मोदी ने हाल ही में पीटीआई-भाषा को दिए एक साक्षात्कार में कहा था कि भारत निकट भविष्य में शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में होगा। उन्होंने कहा था, मुझे यकीन है कि 2047 तक हमारा देश विकसित देशों में होगा। हमारी अर्थव्यवस्था और भी अधिक समावेशी होगी।

# वैश्विक डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण पर जी-20 सहमत

एजेंसी

नयी दिल्ली ।जी-20 देशों के राष्ट्राध्यक्ष भारत में सफल रहे डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) के वैश्विक स्तर पर उपयाग के लिए सहमत हो गये हैं।

जी-20 के नयी दिल्ली घोषणा पत्र में इसको शामिल किया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यहां संवाददाता सम्मेलन में यह बता कही। घोषणापत्र के फोकस क्षेत्रों में से एक डिजिटल युग की चुनौतियों का सामना करने के लिए %डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) का निर्माण% था।

इसमें मानव अधिकारों का सम्मान करने, व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा, गोपनीयता सुनिश्चित करने और बौद्धिक संपदा अधिकारों को बनाए रखने पर जोर देने के साथ सुरक्षित, विश्वसनीय, जवाबदेह और समावेशी डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया। इन सिद्धांतों को लचीलेपन को बढ़ावा देने, प्रभावी सेवा वितरण को सक्षम करने और डिजिटल क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक माना गया।

इसका एक महत्वपूर्ण पहलू डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर सिस्टम के लिए जी-20 फ्रेमवर्क का समर्थन था, जिसे एक स्वैच्छिक और अनुशंसित ढांचे के रूप में पेश किया गया था। यह ढांचा डीपीआई के जिम्मेदार विकास, तैनाती और शासन का मार्गदर्शन करने के लिए डिज़ाइन किया गया था, यह सुनिश्चित करते हुए कि यह अखंडता और समावेशिता के उच्चतम मानकों का पालन करता है।

घोषणापत्र में ग्लोबल डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर रिपॉजिटरी (जीडीपीआईआर) की स्थापना और रखरखाव की भारत की योजना का स्वागत किया गया। यह वर्चुअल रिपॉजिटरी जी-20 सदस्य देशों के लिए एक मंच के रूप में काम करेगी और संभावित रूप से डीपीआई-संबंधित ज्ञान, प्रथाओं और अनुभवों के स्वैच्छिक साझाकरण को सक्षम करते हुए, इसकी पहुंच को आगे बढ़ाएगी।

वैश्विक समावेशिता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता के अनुरूप, घोषणापत्र में वन फ्यूचर अलायंस (ओएफए) के भारतीय अध्यक्षता के प्रस्ताव को भी स्वीकार किया गया। इस स्वैच्छिक पहल का उद्देश्य क्षमता निर्माण करना, तकनीकी सहायता प्रदान करना और निम्न और मध्यम आय वाले देशों (एलएमआईसी) में डीपीआई के कार्यान्वयन को सुविधाजनक बनाने के लिए पर्याप्त धन सहायता प्रदान करना है। ओएफए को डिजिटल विभाजन को कम करने और यह सुनिश्चित करने की दिशा में एक सक्रिय कदम के रूप में पेश किया गया था कि सभी देश डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का लाभ उठा सकें।

## मानसून और आपूर्ति की समस्याओं से प्रभावित हो रही है महंगाई : सीतारमण

नयी दिल्ली ।वित्त मंत्री सीतारमण ने विदेशी या अनाज की आपूर्ति के कारण महंगाई बढ़ने से इंकार करते हुये शनिवार को कहा कि घरेलू स्तर पर मानसून और आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं के कारण महंगाई घट-बढ़ रही है। सीतारमण ने जी- 20 शिखर सम्मेलन में फाइनेंशियल ट्रैक की बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में महंगाई को लेकर पूछे जाने पर कहा कि रूस, यूक्रेन युद्ध और अनाज के कारण महंगाई पर असर नहीं के बराबर हो रहा है। उन्होंने कहा कि घरेलू स्तर पर मानसून और आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं के कारण महंगाई अधिक प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि भारत अभी अनाज का मुख्यत: आयात नहीं कर रहा है। खाद्य तेलों में भी सूरजमुखी तेल का ही आयात किया जा रहा है। इसलिए विदेशी कारकों से महंगाई पर असर कम हो रहा है।

# उद्योग जगत को अब भी आयात का सहारा

भारतीय कंपनी जगत इनपुट के लिए काफी हद तक आयात पर निर्भर बना हुआ है। सूचीबद्ध भारतीय फर्मों ने वस्तुओं और सेवाओं के आयात के लिए पिछले साल की तुलना में 35.5 प्रतिशत अधिक विदेशी मुद्रा राजस्व खर्च किया है, जबकि वित्त वर्ष 23 में इन कंपनियों ने शुद्ध बिक्री में पिछले साल के मुकाबले 26.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की थी।

इसके परिणामस्वरूप बैंकों और वित्तीय फर्मों को छोड़कर बिजनेस स्टैंडर्ड के नमूने में शामिल 795 सूचीबद्ध कंपनियों की शुद्ध बिक्री और विदेशी मुद्रा खर्च का अनुपात वित्त वर्ष 23 में आठ साल के शीर्ष स्तर 30.6 प्रतिशत पर पहुंच गया, जो एक साल पहले 28.5 प्रतिशत और वित्त वर्ष 16 में 27.1 प्रतिशत के निचले स्तर पर था इसके विपरीत पिछले वित्त वर्ष में निर्यात के जरिये इन कंपनियों द्वारा अर्जित किया गया संयुक्त विदेशी मुद्रा राजस्व इससे पिछले साल की तुलना में 13.7 प्रतिशत अधिक रहा, जिसमें राजस्व वृद्धि की तुलना में बहुत धीमी रफ्तार से इजाफा हुआ था। इसके परिणामस्वरूप कंपनियों की शुद्ध बिक्री में निर्यात का योगदान वित्त वर्ष 23 में घटकर 11 साल के निचले स्तर 19.2 प्रतिशत पर आ गया। एक साल पहले यह 21.3 प्रतिशत था।

नतीजतन भारतीय कंपनी जगत के विदेशी मुद्रा व्यय और विदेशी मुद्रा राजस्व के बीच का अंतर वित्त वर्ष 23 में उछलकर 8.81 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड शीर्ष स्तर पर पहुंच गया, जो पिछले वित्त वर्ष में इन कंपनियों की शुद्ध बिक्री के 11.4 प्रतिशत के बराबर था। नमूने में शामिल इन कंपनियों ने वित्त वर्ष 23 में 14.82 लाख करोड़ रुपये का संयुक्त विदेशी मुद्रा राजस्व दर्ज किया था, जो एक साल पहले 13.03 लाख करोड़ रुपये से अधिक था।

# केवाईसी की लागत 10 रुपये प्रति ग्राहक से घटकर 5 रुपये हुई

नई दिल्ली। जी-20 के लिए तैयार नीतिगत रिपोर्ट में विश्व बैंक ने कहा कि भारत में डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) ने भारत में निजी क्षेत्र के संस्थानों की कार्यकुशलता बढ़ाई और उनके खर्च कम किए। काम जटिल से आसान हुए, कारोबार करने में लगने वाला समय भी बच रहा है।

कई गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थानों (एनबीएफसी) में एसएमई को ऋण देने का कन्वर्जन रेट (उपभोक्ता हासिल करने की दर) 8 प्रतिशत सुधरी, अवमूल्यन दर में 65 प्रतिशत बचत हो रही है और फ्रॉड पकड़ने से जुड़े खर्च भी 66 प्रतिशत कम हुए। बैंकों के लिए तो और भी फायदे हैं, नए ग्राहक को अपने उत्पाद की जानकारी देने का खर्च 2,000 रुपये से घटकर सिर्फ 8.30 रुपये रह गया है।

केवाईसी का न केवल अनुपालन आसान हुआ, लागत भी 10 रुपये प्रति ग्राहक से घटकर 5 रुपये रह गई। उनके लिए कम आय वर्ग के नए ग्राहकों को सेवा देना आसान हुआ है, वे इस सेवा व नए उत्पादों से मुनाफा कमा रहे हैं।

भारत के अकाउंट एग्रीगेटर (एए) ढांचे ने डाटा के बुनियादी ढांचे को मजबूत किया। नागरिकों का अपने डाटा पर खुद नियंत्रण बढ़ा। डाटा पर काम कर रहीं कंपनियां अब केवल उन्हीं से उनके डाटा उपयोग करने की इलेक्ट्रॉनिक सहमति ले सकती हैं। आरबीआई इस ढांचे के लिए नियम बनाता है।

इसके तहत 11.3 करोड़ खातों द्वारा डाटा साझा करने की अनुमतियां दी गईं। अकेले जून 2023 में 29 लाख लोगों ने यह अनुमतियां दीं, यानी रोजाना औसतन 97 हजार अनुमतियां।

भारत ने डाटा सशक्तिकरण और संरक्षण प्रणाली यानी डेपा के जरिये नागरिकों का अपने निजी डाटा पर नियंत्रण बढ़ाया। विश्व बैंक ने दर्ज किया है कि पीएम मोदी के नेतृत्व में हमारे देश ने सामान्य रास्ते से लगने जा रहे 47 साल के बजाय महज 6 साल में 80 प्रतिशत वित्तीय समावेशन हासिल कर लिया है।

# भारत को मध्य-पूर्व और यूरोप से जोड़ेगा इकोनॉमिक कॉरिडोर

**नई दिल्ली।** भारत मध्य पूर्व यूरोप कनेक्टिविटी कॉरिडोर जल्द ही लॉन्च किया जाएगा। यह भारत, यूएई, सऊदी अरब, श्व, फ्रांस, इटली, जर्मनी और अमेरिका को शामिल करते हुए कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचे को लेकर सहयोग पर एक पहल होगी। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने शनिवार को इस आर्थिक कॉरिडोर का एलान कर दिया है। इस दौरान भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मानव सभ्यता के विकास के लिए मजबूत कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचा आधार रहा है। भारत ने इस विषय को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।

भारत मध्य पूर्व यूरोप कनेक्टिविटी कॉरिडोर लॉन्च इवेंट के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान, ईटली की प्रधानमंत्री जॉर्जियो मेलोनी व अन्य नेता मौजूद रहे।

हमारा मानना है कि विभिन्न देशों के बीच संपर्क से न केवल व्यापार बढ़ता है बल्कि उनके बीच विश्वास भी बढ़ता है। कनेक्टिविटी पहल को बढ़ावा देकर, हमें यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि हम दर्शन से



चिपके रहें। इनमें अंतरराष्ट्रीय नियमों का पालन करना, सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना शामिल है।

### बाइडन ने आर्थिक कॉरिडोर के लिए पीएम मोदी को कहा धन्यवाद

भारत में जी-20 समिट में हिस्सा लेने आए जो बाइडन ने आर्थिक कॉरिडोर की घोषणा करते हुए कहा कि,यह वास्तव में एक बड़ी बात है। मैं प्रधानमंत्री को धन्यवाद कहना चाहता हूं। एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य जो इस जी 20 शिखर सम्मेलन का फोकस है, पर ही आधारित है। यह कई मायनों में, उस साझेदारी का भी प्रतीक है जिसके बारे में हम आज बात कर रहे हैं। टिकाऊ, लचीला बुनियादी ढांचे का निर्माण, गुणवत्ता वाले बुनियादी ढांचे में निवेश करना और एक बेहतर भविष्य बनाने के लिए हम इकोनॉमिक कॉरिडोर तैयार करेंगे। पिछले साल, हम इसके लिए प्रतिबद्ध होकर एक साथ आए थे।

बाइडन ने कहा, आज मैं उन प्रमुख तरीकों को उजागर करना चाहता हूं जिनमें संयुक्त राज्य अमेरिका और हमारे सहयोगी इस आर्थिक गलियारे को वास्तविकता बनाने के लिए काम कर रहे हैं। आप अगले दशक में उस वाक्यांश को एक से अधिक बार सुनने जा रहे हैं, मुझे उम्मीद है। जैसा कि हम निम्न-मध्यम आय वाले देशों में बुनियादी ढांचे के अंतर को दूर करने के लिए काम करते हैं, हमें अपने निवेश के प्रभाव को अधिकतम करने की आवश्यकता है। यही कारण है कि कुछ महीने पहले घोषणा की गई थी कि संयुक्त राज्य अमेरिका आर्थिक गलियारों में निवेश करने के लिए हमारे भागीदारों के साथ काम करेगा।

### चीन के बीआरआई को इकोनॉमिक कॉरिडोर से दिया जाएगा जवाब

भारत, अमेरिका, सऊदी अरब और भारत यूरोपीय संघ चीन की महत्वाकांक्षी बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) का मुकाबला करने के उद्देश्य से जी 20 शिखर सम्मेलन के मौके पर शनिवार को एक बहुराष्ट्रीय रेल और बंदरगाह सौदे की घोषणा की। दिल्ली में चल रही जी-20 की बैठक का मुख्य आकर्षण इस मेगा ज्वाइंट इंफ्रास्ट्रक्चर डील रहा। इस सौदे की घोषणा प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान और यूरोपीय संघ के नेताओं के साथ मिलकर की।

यह महत्वाकांक्षी परियोजना भारत, मध्य पूर्व के साथ-साथ यूरोप के बीच व्यापार को बढ़ावा देना और उन क्षेत्रों को बांधने के लिए एक आधुनिक स्पाइस रूट की स्थापना करना है।

# सात अक्तूबर तक चरणबद्ध तरीके से खत्म हो जाएगा आईसीसीआर

मुंबई। आरबीआई इंक्रीमेंटल कैश रिजर्व रेशियो (आईसीसीआर) को चरणबद्ध तरीके से 7 अक्तूबर तक पूरी तरह खत्म करेगा। शनिवार को आईसीसीआर 25 फीसदी से कम किया जाएगा। इसके बाद 23 सितंबर को 25 फीसदी और हटा दिया जाएगा। बाकी 50 फीसदी सात अक्तूबर को हटाया जाएगा। दरअसल, 2000 रुपये के नोट को परिचालन से बंद करने के फैसले के बाद बैंकों में नकदी बढ़ गई थी। इसे नियंत्रित करने के लिए आरबीआई ने आईसीसीआर लागू किया था। जब भी बैंक में नकदी तेजी से बढ़ती है इससे निपटने को आरबीआई अतिरिक्त आईसीसीआर शुरू करता है। इसका मतलब बैंकों को पहले से तय सीमा से ज्यादा पैसा आरबीआई के पास रखना होता है। आईसीसीआर खत्म होने से बैंकों को उनका पैसा वापस मिलेगा। इससे बैंक ज्यादा कर्ज दे पाएंगे।

### बॉब के 6,000 एटीएम में यूपीआई सुविधा

बैंक ऑफ बड़ौदा ने देश के 6,000 एटीएम में यूपीआई से नकदी निकासी की सुविधा शुरू की है। यह पहला सरकारी बैंक है जिसने यह सुविधा शुरू की है। बैंक ने शुक्रवार को बताया कि उसके ग्राहक मोबाइल पर यूपीआई एप के जरिये बैंक के किसी भी एटीएम से बिना डेबिट कार्ड के नकदी निकाल सकते हैं। जितने भी खाते यूपीआई से जुड़े होंगे, सभी से निकासी होगी।

### विदेशी मुद्रा भंडार में 4.03 अरब डॉलर की बढ़ोतरी

देश का विदेशी मुद्रा भंडार एक सितंबर को समाप्त सप्ताह में 4.03 अरब डॉलर बढ़कर 598.89 अरब डॉलर पहुंच गया। इससे पिछले सप्ताह में मुद्रा भंडार में तीन करोड़ डॉलर की गिरावट आई थी।

आरबीआई के शुक्रवार के आंकड़ों के मुताबिक, एक सितंबर वाले हफ्ते में विदेशी मुद्रा संपत्ति 3.442 अरब डॉलर बढ़कर 530.691 अरब डॉलर पहुंच गई। स्वर्ण भंडार बढ़कर 44.93 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

### रियल एस्टेट क्षेत्र से राज्यों को मिले 2 लाख करोड़

राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों ने वित्त वर्ष 2022-23 में रियल एस्टेट क्षेत्र से दो लाख करोड़ की कमाई की है। यह कमाई स्टांप ड्यूटी जैसे अन्य साधनों से हुई है। एक रिपोर्ट के अनुसार, यह राज्यों के कुल राजस्व का 5.4 फीसदी हिस्सा है।

## अब चिप कारोबार में भी हाथ आजमा सकती है रिलायंस, वैश्विक कंपनियों से होगी टक्कर

नई दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज चिप निर्माण क्षेत्र में उतर सकती है। ऐसा होता है तो वेदांता सहित अन्य वैश्विक कंपनियों के साथ रिलायंस की टक्कर होगी। रिलांयस चिप की जरूरतों को पूरा करने और बढ़ती मांग का लाभ उठाना चाहती है। रिलायंस चिप बनाने वाली ऐसी विदेशी कंपनियों के साथ बात कर रही है, जो उसके साथ तकनीकी भागीदार बन सकें। देश में अभी तक चिप निर्माण का कोई प्लांट नहीं है। वेदांता और फॉक्सकॉन चिप प्लांट के लिए साथ आए थे। लेकिन एक साल बाद कोई प्रगति नहीं होने पर सौदा टूट गया। अब दोनों अलग होकर आवेदन कर रही हैं। भारत का चिप बाजार 2028 तक 80 अरब डॉलर होने का अनुमान है, जो अभी 23 अरब डॉलर है। भारत में एडवांस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के लिए रिलायंस ने एनविडिया के साथ भागीदारी की है। दोनों एआई बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए मिलकर काम करेंगी, जो भारत में सबसे तेज सुपरकंप्यूटर से भी ताकतवर है। एआई किसानों को मौसम की जानकारी और फसलों की कीमतें प्राप्त करने के लिए उनकी स्थानीय भाषा में मोबाइल से बात करने में मदद करेगी।

## शार्ट न्यूज

### कुआलालंपुर इंटरनेशनल टग ऑफ वार चैंपियनशिप में खेलेगा प्रकाश सिंह

सिरसा। मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में आगामी 14 सितंबर को प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय टग ऑफ वार चैंपियनशिप में भारत की टीम में दक्षिण हरियाणा बिजली निगम की नाथूसरी सब डिवीजन में कार्यरत लाइनमैन प्रकाश सिंह का चयन हुआ है। बिजली कर्मचारियों व अधिकारियों ने लाइनमैन प्रकाश सिंह को बधाई दी व मिठाई बांटकर कर खुशी जताई। यह जानकारी देते हुए श्याम खोड ने बताया कि ऑल इंडिया टग आफ वार का टूर्नामेंट पंचकूला में 23 अगस्त से 26 अगस्त तक शक्ति भवन पंचकूला मे आयोजित हुई। जिसमें कुल 17 पॉवर यूटिलिटीज की टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें फाइनल मुकाबला पंजाब पॉवर यूटिलिटी और हरियाणा पावर स्पोर्ट्स ग्रुप के बीच खेला गया। जिसमें हरियाणा पॉवर स्पोर्ट्स ग्रुप की टीम ने खिताब अपने नाम किया ओर मलेशिया के कुआलालंपुर में 14 सितंबर को होने वाली इंटरनेशनल टग ऑफ वार में भारत की टीम में चुने जाने पर हरियाणा पॉवर स्पोर्ट्स ग्रुप की विजेता टीम का हिस्सा रहे। प्रकाश सिंह का सिरसा लौटने पर बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता राजेन्द्र सभरवाल ने मिठाई खिलाकर स्वागत किया व शुभकामनाएं दी।

### भारत-पाक मैच में बारिश का हो सकता है 'खेला'

कोलंबो। एशिया कप सुपर फोर चरण में रविवार को होने वाले भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबले में बारिश का खेल करोड़ों क्रिकेट प्रेमियों की उम्मीदों पर पानी फेर सकता है। मौसम विभाग ने कोलंबों में रविवार को भारी बारिश के आसार व्यक्त किये हैं। मौसम पूर्वानुमान के मद्देनजर आयोजकों ने पहली बार सुपर फोर चरण के इस मुकाबले के लिये रिजर्व डे का प्राविधान किया है मगर संडे में क्रिकेट का मजा लेने वालों के लिये यह सूचना मायूस कर देने वाली है। सितंबर में कोलंबों में बहुत कम बारिश होती है और पिछले कुछ सालों में इसी मौसम में यहां पर वनडे मैचों का सफलतापूर्वक आयोजन हुआ है। लेकिन एक सच्चाई यह भी है कि कुछ मैचों को बारिश के कारण छोटा भी करना पड़ा है। श्रीलंका में पूर्वोत्तर मानसून की शुरुआत अक्तूबर के बीच से होती है और सितंबर में इतनी बारिश नहीं होती है। बारिश को देखते हुए इस मैच के लिए रिजर्व डे भी रखा गया है, लेकिन मैच अधिकारियों की कोशिश होगी कि मैच को उसी दिन समाप्त किया जाए। इसी कारण मैच को निर्धारित समय से 1.30 घंटे और लंबा किया जा सकता है। अगर रविवार को मैच समाप्त नहीं हुआ तो टीमें सोमवार को मैच जहां पर रूका था, वहां से खेलने उतरेंगी।

### लेबनान को मात देने के लिए भारत तैयार

चियांग माई (थाईलैंड)। इराक से पेनल्टी पर करारी हार के बाद भारतीय सीनियर पुरुष टीम रविवार को 49वें किंग्स कप के तीसरे स्थान के लिये प्ले-ऑफ में लेबनान से भिड़ने के लिए तैयार है। भारतीय टीम पिछले तीन महीने में चौथी बार लेबनान से भिड़ेगी। भारतीय समयानुसार यह मुकाबला शाम चार बजे से खेला जायेगा। भारत ने लेबनान के खिलाफ तीन मुकाबलों में एक भी गोल नहीं खाया है। इंटरकांटिनेंटल कप में 0-0 से ड्रा के बाद भुवनेश्वर में भारत ने फाइनल में 2-0 से जीत दर्ज की थी जबकि सैफ चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में इगोर स्टिमैक की टीम पेनल्टी पर शीर्ष पर रही थी । प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारतीय कोच स्टिमैक ने स्वीकार किया कि दोनों टीमें एक-दूसरे को अंदर और बाहर से जानती हैं और रविवार को एक और रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा। उन्होने कहा यह अब भारत और लेबनान के बीच एक नियमित प्रतियोगिता है। तीन महीने में हम चौथा मैच खेलने जा रहे हैं। हम एक दूसरे को बहुत अच्छे से जानते हैं। इसमें कोई रहस्य नहीं है। उन्होने कहा हम कोचों के लिए, यह बहुत आसान काम है। विरोधियों का ज्यादा विश्लेषण करने की जरूरत नहीं है. इसलिए यह सिर्फ अपने खेल, अपने खिलाड़ियों और 90 मिनट में पिच पर प्रभावी होने के तरीके पर ध्यान केंद्रित करने के बारे में है।

### नॉर्थैंप्टनशायर के लिए क्रिकेट खेलेंगे करूण नायर

लंदन। मध्य क्रम के भारतीय बल्लेबाज़ करूण नायर नॉर्थैंप्टनशायर के लिए काउंटी क्रिकेट खेलेंगे। वह ऑस्ट्रेलिया के सैम व्हाइटमैन की जगह लेंगे। नायर ने एक बयान जारी करते हुए कहा, मैं नॉर्थैंप्टनशायर की तरफ़ से काउंटी क्रिकेट खेलने के लिए उत्साहित हूं। मुझे पता है कि पृथ्वी शॉ ने वहां पर अपने समय का लुत्फ़ उठाया है और अब मैं भी वही करना चाहता हूं। उम्मीद है कि मैं टीम के लिए अपनी छाप छोड़ सकूंगा और इन तीन मैचों में जीत दिला सकूंगा। शुक्रवार को इंग्लैंड पहुंचे नायर रविवार को वॉरिकशायर के ख़िलाफ़ मैच का हिस्सा हो सकते हैं। नायर इंग्लैंड के 2016 भारत दौरे के दौरान वीरेंद्र सहवाग के बाद टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक लगाने वाले सिर्फ़ दूसरे भारतीय बने थे। हालांकि इसके बाद उन्हें सिर्फ़ तीन टेस्ट खेलने का मौक़ा मिला और वह वर्तमान में किसी भी फ़ॉर्मेट में चयनकर्ताओं के रडार पर नहीं हैं। उन्होंने 85 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं और कर्नाटका को दो बार रणजी ट्रॉफ़ी जीता चुके हैं। हालांकि इस भारतीय घरेलू सीज़न से वह विदर्भ की ओर से खेलते हुए दिखेंगे। फ़िलहाल नॉर्थैंप्टनशायर की टीम काउंटी चैंपियनशिप के डिविजन वन में 26 अंकों के साथ आख़िरी स्थान पर है और उन्हें डिविजन टू में जाने से बचने के लिए बाक़ी बचे तीन मैचों में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

### डायमंड लीग में अन्नू रानी को सातवां स्थान

ब्रुसेल्स। भारत की भाला फेंक खिलाड़ी अन्नू रानी ने ब्रुसेल्स डायमंड लीग 2023 एथलेटिक्स मीट में सातवें स्थान पर संतोष किया। बेल्जियम के किंग बॉडौइन स्टेडियम में अन्नू रानी का सर्वश्रेष्ठ थ्रो 57.74 मीटर का रहा, जो उनके तीसरे प्रयास में आया। यह उनके व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 63.82 मीटर से काफ़ी कम था, जो एक राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है। वहीं, अन्नू रानी का सीजन का सर्वश्रेष्ठ प्रयास 59.24 मीटर है। मौजूदा विश्व चैंपियन जापान की हारुका कितागुची ने 67.38 मीटर के वर्ल्ड लीडिंग थ्रो के साथ महिलाओं की भाला फेंक स्पर्धा में शीर्ष पर रहीं। उनका यह प्रयास व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ और जापान का राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी था। विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता कोलंबिया की फ्लोर रुइज सहित शीर्ष पांच एथलीट ब्रुसेल्स मीट में 60 मीटर से अधिक का थ्रो करने में सफल रही। दुनिया में पांचवें स्थान पर काबिज़ ओलंपियन विक्टोरिया हडसन 64.65 मीटर के सीजन के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि लातविया की लीना मुजे-सिरमा ने 63.00 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर अपनी जगह बनाई। भारत की महिला भाला फेंक अन्नू रानी 63.82 मीटर के थ्रो के साथ राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक एथलीट हैं। अन्नू रानी डायमंड लीग के आखिरी चरण में हिस्सा लेने वाली एकमात्र भारतीय थीं।

### माउई जंगल की आग : 66 लोग लापता

लॉस एंजेलिस। कैलिफ़ोर्निया के माउई द्वीप के जंगल में लगी की आग के बाद अभी तक 66 लोग लापता हैं। हवाई के गवर्नर जोश ग्रीन ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। जंगल में आग आठ अगस्त को लगी थी और माउई के समुद्र तटीय ऐतिहासिक शहर लाहिना में फैल गई। अधिकारियों के अनुसार, इस आग में 115 लोगों की जान चली गयी और कई स्वदेशी सांस्कृतिक विरासत नष्ट हो गयीं। यह हवाई के इतिहास में सबसे घातक प्राकृतिक आपदाओं में से यह एक रही है। अमेरिका में एक शतक के दौरान की यह सर्वाधिक घातक आग साबित हो रही है। ग्रीन ने शुक्रवार को एक संबोधन में कहा, आज लाहिना और माउई के अन्य क्षेत्रों में लगी आग को एक महीना हो गया है। उन्होंने कहा कि खोज और बचाव टीमों ने लाहिना में अपने प्रयास पूरे कर लिए हैं। गवर्नर ने कहा, अमेरिकी संघीय जांच ब्यूरो ने कहा, उन्हें प्राप्त कॉल और ईमेल के आधार पर 66 लोग अभी भी लापता हैं। गवर्नर के अनुसार, विस्थापित हुए 7,500 से अधिक लोगों को आश्रय स्थलों से 29 होटलों आदि में स्थानांतरित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य के अटॉर्नी जनरल ऐनी लोपेज़ एक स्वतंत्र तृतीय-पक्ष निजी संगठन के माध्यम से आग के कारणों और आपातकालीन प्रतिक्रिया की पूरी जांच कर रहे हैं।

# रोहना बोपन्ना और मैथ्यू एब्डेन की जोड़ी अमेरिकी ओपन के फाइनल में हारी



**न्यूयार्क।** भारत के टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई साथी मैथ्यू एब्डेन शुक्रवार को न्यूयॉर्क में अमेरिका के राजीव राम और ग्रेट ब्रिटेन के जो सैलिसबरी के ख़िलाफ़ फाइनल में हारकर अमेरिकी ओपन 2023 पुरुष युगल का ख़िताब जीतने से चूक गए।

आर्थर ऐश स्टेडियम के हार्ड कोर्ट पर प्रतिस्पर्धा करते हुए, रोहन बोपन्ना और मैथ्यू एब्डेन की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी राजीव राम और जो सैलिसबरी की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी से दो घंटे तक चले मुक़ाबले में 6-2, 3-6, 4-6 से हार गई। इस जीत के साथ, राजीव राम और जो सैलिसबरी की जोड़ी 90 से अधिक वर्षों के बाद तीन बार यूएस ओपन पुरुष युगल का ख़िताब हासिल करने वाली पहली पुरुष युगल जोड़ी बन गई।

बोपन्ना और एब्डेन ने राजीव राम की सर्विस को ब्रेक करते हुए बेहतरीन शुरुआत की। एब्डेन की सटीक सर्विस और बोपन्ना के शक्तिशाली बैक हैंड ने इंडो-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी को पहले सेट में अपनी पकड़ बनाए रखने में मदद की। उन्होंने सातवें गेम में जो सैलिसबरी की सर्विस ब्रेक की और 1-0 की बढ़त हासिल की।

राम और सैलिसबरी ने दूसरे सेट में अच्छी वापसी की और बोपन्ना-एब्डेन की जोड़ी दबाव में आ गई। फोरहैंड से कुछ गलतियां करने के बाद छठे गेम में उनकी सर्विस ब्रेक हो गई। राजीव राम ने एक शानदार शॉट लगाकर सेट को अपने नाम कर लिया और मैच को निर्णायक मुकाबले में पहुंचा दिया। तीसरे सेट के पहले गेम में बोपन्ना और एब्डेन 0-40 से पिछड़ गए। हालांकि, बोपन्ना के एक बेहतरीन फोरहैंड शॉट की मदद से इंडो-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी मैच में अपना संघर्ष जारी रखने में कामयाब रही। 2-2 की बराबरी के बाद राम और सैलिसबरी को तीन ब्रेक प्वाइंट बचाने थे और अगले गेम में बोपन्ना की सर्विस को ब्रेक करते हुए उन्होंने 3-2 की बढ़त हासिल कर ली। बोपन्ना और एब्डेन ने सातवें गेम में भी शुरुआती अंक गंवा दिया। उन्होंने 15-15 से स्कोर को बराबर कर लिया। बोपन्ना ने चार नेट प्वाइंट हासिल करते हुए गेम जीत लिया और खिताब की दौड़ में बने रहे। हालांकि, राजीव राम और जो सैलिसबरी लगातार तीसरा यूएस ओपन खिताब जीतने के लिए मज़बूती के साथ आगे बढ़ते रहे।

यह रोहन बोपन्ना का दूसरा ग्रैंड स्लैम पुरुष युगल फाइनल था। भारतीय टेनिस खिलाड़ी 13 साल पहले पाकिस्तान के ऐसाम-उल-हक कुरेशी के साथ यूएस ओपन के पुरुष युगल फाइनल में पहुंचे थे, लेकिन यह जोड़ी अमेरिका के दिग्गज ब्रायन भाइयों से हार गई थी।

# डेविस कप के लिये लखनऊ पहुंची मोरक्को की टीम

एजेंसी

**लखनऊ।** डेविस कप वर्ल्ड ग्रुप-2 में 16 सितंबर से भारत के खिलाफ दो दिवसीय मुकाबले के लिये मोरक्को की टीम शनिवार को लखनऊ पहुंच गयी। टीम के कप्तान ताहिरी मेहदी के नेतृत्व में बेंचेट्रिट इलियट,ड्लिमी यासिन, मुंडीर एडम,अहौदा वालिद, लालामी लारौसी यूनुस का यहां गर्मजोशी से इस्तकबाल किया गया। पंच सितारा होटल ताज में टीम का स्वागत तिलक लगा कर किया गया। टीम के साथ फिजियो रहरबल मोहम्मद, किनेसिथेरेप्यूट मिसे मारौने के अलावा नईम अहमद और ज़ेमरानी ज़कारिया भी आये हैं।

भारत और मोरक्को के बीच मुकाबला गोमती नगर स्थित मिनी स्टेडियम का हार्ड कोर्ट में खेला जायेगा। सुमित नागल और मुकुंद शशिकुमार क्रमशः 189 और 361वें स्थान पर हैं और उन्हें एकल मैच खेलने की जिम्मेदारी मिलने की उम्मीद है। शीर्ष युगल स्टार रोहन बोपन्ना के पास युकी भांबरी या रामकुमार रामनाथन के साथ युगल मुकाबला खेलने का विकल्प होगा।

भारतीय टीम के आज शाम तक यहां पहुंचने की संभावना है। दोनो टीमे रविवार से बारी बारी अभ्यास सत्र में हिस्सा लेंगी। इस अवसर पर चीन के हांगझू में एशियाई खेलों के लिए जाने वाली भारतीय टीमों के लिए एक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जायेगा।

भारत यूं तो 1921 से डेविस कप में प्रतिस्पर्धा कर रहा है लेकिन वह कभी भी टेनिस का विश्वकप नहीं जीत सका है।

मोरक्को के खिलाफ मुकाबले से भारतीयों को इस महीने के अंत में चीन में होने वाले एशियाई खेलों से पहले अपनी तैयारियों को भी परखने का मौका मिलेगा। 1993 में डेविस कप क्वार्टर फाइनल में फ्रांस पर भारत की 3-2 से जीत इतिहास में अब तक की सर्वश्रेष्ठ जीत रही जिसके नायक लिएंडर पेस बने थे।

## सूर्य को सफल होने के लिये बदलना होगा माइंडसेट : एबी डीविलियर्स

कोलंबो। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज़ एबी डीविलियर्स का मानना है कि एक दिवसीय क्रिकेट में सफलता के लिये विश्व के नंबर एक टी20आई बल्लेबाज़ सूर्यकुमार यादव को अपने माइंडसेट में थोड़ा सा परिवर्तन करना होगा।

विश्वकप के लिये चुनी गयी 15 सदस्यीय भारतीय टीम में जगह बनाने में सफल सूर्यकुमार का वनडे फ़ॉर्म कुछ ख़ास नहीं रहा है। 24 पारियों में उनका औसत सिर्फ़ 24.33 का है और वह इस दौरान सिर्फ़ दो अर्धशतक ही बना पाए हैं। सूर्यकुमार ने ख़ुद स्वीकार किया है कि उनका वनडे रिकॉर्ड बहुत ख़राब है। डीविलियर्स ने कहा, मैं सूर्या का बहुत बड़ा फ़ैन हूं। वह उसी तरह से खेलते हैं, जैसा मैं खेलता हूं लेकिन वनडे में उन्हें अब भी अपनी छाप छोड़नी है। अगर वह अपने माइंडसेट में छोटा सा भी परिवर्तन करते हैं तो वह वनडे में भी सफल हो सकते हैं क्योंकि उनके पास हर तरह की क़ाबिलियत है। उन्होंने कहा, यह राहत की बात है कि सूर्या को विश्व कप दल में जगह मिली है और मैं इसको लेकर बहुत ख़ुश हूं। मुझे उम्मीद है कि उन्हें विश्व कप में एकादश में भी खेलने का मौक़ा मिलेगा। भारतीय दल के संतुलन को देखते हुए यह तो निश्चित है कि वह शुरुआती एकादश में जगह नहीं बना पाएंगे, लेकिन विश्व कप एक लंबा टूर्नामेंट है और देखते हैं कि क्या होता है।

## मेरा कार्यभार अन्य लोगों की तुलना में दो या तीन गुना ज्यादा है : पंड्या




**कोलंबो।** भारतीय क्रिकेट टीम के हरफनमौला खिलाड़ी हार्दिक पंड्या का मानना है कि टीम में उनका कार्यभार किसी विशेषज्ञ बल्लेबाज या गेंदबाज की तुलना में दो से तीन गुना ज्यादा होता है। स्टार स्पोर्ट्स के कार्यक्रम 'फॉलो द ब्लूज़ लाइव' पर विशेष बातचीत में टीम इंडिया के उप-कप्तान हार्दिक पंड्या ने खेल में एक ऑलराउंडर की अनूठी चुनौतियों और मानसिकता पर प्रकाश डाला। उन्होने कहा एक ऑल-राउंडर के रूप में मेरा कार्यभार अन्य सभी की तुलना में दोगुना या तीन गुना है। जब टीम में कोई बल्लेबाज अपनी बल्लेबाजी खत्म कर पवेलियन लौट रहा होता है तो आलराउंडर के तौर पर मेरा काम उसके बाद भी गेंदबाजी करना है। अगर 10 ओवरों की जरूरत नहीं है, तो मेरे 10 ओवर फेंकने का कोई मतलब नहीं है, लेकिन अगर 10 ओवरों की जरूरत है, तो मैं गेंदबाजी करूंगा। उन्होने कहा मेरा हमेशा से मानना रहा है कि मैं खुद को सफल होने का मौका देता हूं। मैंने जो महसूस किया है वह यह है कि चाहे कुछ भी हो, आपको अपना समर्थन करना होगा, आपको विश्वास करना होगा कि आप दुनिया में सर्वश्रेष्ठ हैं।

यह आपको सफलता की गारंटी नहीं देता है, लेकिन साथ ही, यह आपको सफलता की दिशा में काम करने के लिए मार्गदर्शन भी देता है, इसलिए व्यावहारिक रूप से खुद का समर्थन करें। पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने हाल के खेल में हार्दिक पंड्या और इशान किशन के उल्लेखनीय प्रदर्शन की सराहना की और कहा भारत और पाकिस्तान के बीच पिछले मैच में हार्दिक पंड्या और इशान किशन की पारियां कितनी महत्वपूर्ण थीं। मैच का कोई परिणाम नहीं निकला, लेकिन यह भारत के लिए एक शानदार परिणाम था, और मुख्य परिणाम जो भारत चाहता था वह हार्दिक पंड्या, रनों का योगदान था, और इशान किशन ने भी अच्छा खेला। हार्दिक के बारे में बात यह है कि वह बहुत आक्रामक खिलाड़ी हैं, वह जब चाहें लंबे छक्के लगा सकते हैं, लेकिन लगभग 70 मिनट तक हार्दिक पंड्या केवल सिंगल ले रहे थे।

# भारत ने जी20 घोषणा पत्र पर रूस-अमेरिका में सहमति बनवाई

**मेजबानी गौरव ही नहीं चुनौती भी; सबसे ताकतवर आर्थिक संगठन की पूरी कहानी**

भारत से पहले 2022 में इंडोनेशिया ने 374 करोड़ रुपए खर्च कर जी 20 समिट की मेजबानी की थी। समिट के आखिरी दिन जब घोषणा पत्र जारी करने की बात आई तो रूस और अमेरिका में यूक्रेन वॉर के जिक्र को लेकर आपस में ठन गई। समिट को फेल होने से बचाने के लिए इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो ने डिप्लोमेसी का सहारा लिया।

उन्होंने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात की। जोको विडोडो ने लावरोव को घोषणा पत्र जारी होने से पहले ही वापस रूस चले जाने के लिए राजी कर लिया। अमेरिका और पश्चिमी देशों के मन मुताबिक घोषणा पत्र में यूक्रेन में जंग खत्म करने की मांग की गई।

हालांकि उसके अंत में ये हिस्सा जुड़वाया गया कि इस घोषणा पत्र से चीन और रूस सहमत नहीं हैं। इस बार




जी20 समिट होस्ट कर रहे भारत के सामने भी यही चुनौती थी, जिसे देश ने पार कर लिया है।

ऐसे में जानेंगे कि आखिर ये संगठन है क्या जिसकी मेजबानी करना देश के लिए सिर्फ गर्व नहीं बल्कि कठिन परीक्षा भी है।

### कैसे बना जी 20 संगठन

2008 में आया आर्थिक संकट (फाइनेंशियल क्राइसिस) पूरी दुनिया को याद है। इससे ठीक 11 साल पहले 1997 में एशिया में भी एक आर्थिक संकट आया था। इसे एशियन फाइनेंशियल क्राइसिस के नाम से जाना जाता है। ये संकट थाईलैंड से शुरू होकर एशिया के दूसरे देशों में भी फैल गया।

मंदी की वजह से आसियान देशों पर उनकी जीडीपी की तुलना में 167 प्रतिशत तक का कर्ज बढ़ गया। भारी संख्या में लोग बेरोजगार हो गए। क्राइसिस के शुरुआती 6 महीनों में ही इंडोनेशिया की करेंसी की कीमत 80 प्रतिशत और थाईलैंड की करेंसी की कीमत डॉलर की तुलना में 50 प्रतिशत तक गिर गई।

इसका असर विकसित देशों पर न पड़े, इसके लिए जी 7 देशों ने एक बैठक की और एक ऐसा मंच तैयार करने का फैसला किया जहां वैश्विक अर्थव्यवस्था से जुड़े मुद्दों को डिस्कस किया जा सके। तब त्र20 की शुरुआत हुई। उन देशों की पहचान की गई जिनकी अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही थी, या जिनमें तेजी से बढ़ने की कैपेसिटी थी। सभी को एक मंच पर लाया गया।

2007 तक केवल सदस्य देशों के वित्त मंत्री इसकी बैठकों में शामिल होते थे। हालांकि 2007 और 2008 में पश्चिमी और धनी देशों में आई फाइनेंशियल क्राइसिस ने उन्हें मजबूर कर दिया कि वो बातचीत को राष्ट्राध्यक्षों के स्तर तक ले जाएं।

तब से हर साल सभी सदस्य देशों के नेता एक मंच पर आकर अहम मुद्दों को डिस्कस करते हैं। शुरुआत में अमेरिका ने इस बात का विरोध किया था। हालांकि समय की नजाकत को देखते हुए बाद में वो शिखर के सम्मेलन के लिए तैयार हुआ। जी 20 देशों का पहला शिखर सम्मेलन वॉशिंगटन डीसी में ही हुआ।

## दक्षिण अफ्रीकी कद्दावर नेता बुथेलेजी का निधन

केप टाउन। दक्षिण अफ़्रीका के कद्दावर राजनीतिज्ञ एवं मुखर जुलु प्रमुख मैंगोसुथु बुथेलेज़ी का 95 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। बुथेलेजी ने नस्लवादी रंगभेद शासन के दौरान अफ्रीकी नेशनल कांग्रेस (एएनसी) से मोहभंग होने के बाद जुलु इंकथा पार्टी की स्थापना की थी। उल्लेखनीय है कि 1990 के दशक की शुरुआत में दोनों पार्टियों के समर्थकों के बीच झड़पों में हजारों लोग मारे गए थे। तत्कालीन राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला के शासनकाल में बुथेलेजी ने गृह मंत्री के रूप में अपनी सेवाएं दी थीं। बुथेलेजी वहीं एक विद्वान, लेकिन विवादास्पद राजनेता थे। वह श्वेत-अल्पसंख्यक शासन के खिलाफ सशस्त्र कार्रवाई की एएनसी की रणनीति से असहमत थे और एक जातीय-जुलु मातृभूमि के नेता के रूप में उदारवादी मार्ग पर चले। वह दक्षिण अफ्रीका पर अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के विरोधी थे। उनका तर्क था कि वे इससे केवल देश के अश्वेत वर्ग के लोगों को नुकसान होगा। वर्ष 1990 के दशक की शुरुआत में झड़पों के दौरान नेल्सन मंडेला की एएनसी ने उन पर श्वेत-अल्पसंख्यक सरकार के साथ सहयोग करने का आरोप लगाया था। कुछ लोगों को डर था कि हिंसा से गृह युद्ध हो सकता है और लोकतंत्र पटरी से उतर सकता है, जिसके कारण श्री मंडेला को 1994 में राष्ट्रपति बनाया गया। कई लोगों का मानना था कि रंगभेदी सुरक्षा बलों के सदस्य एएनसी से लड़ने के लिए इंकाथा आंदोलन के साथ काम कर रहे थे, लेकिन बुथेलेजी ने हमेशा इससे इनकार किया।

## ब्रिटिश जवान जलाशय में मृत पाया गया

लंदन। रुस के साथ युद्धरत यूक्रेन में अंतरराष्ट्रीय सेना के लिए लड़ने गया एक ब्रिटिश जवान जलाशय में मृत पाया गया। बीबीसी के मुताबिक लंकाशायर के बर्नले के 31 वर्षीय जॉर्डन चैडविक ने 2011 से 2015 तक ब्रिटिश सेना में स्कॉट्स गार्ड के रूप में कार्य किया। उनकी मां ब्रेंडा चैडविक ने कहा कि उनका परिवार अपने बेटे की मौत से 'तबाह' हो गया। जॉर्डन को जो के नाम से भी जाना जाता था। यूक्रेनी अंतरराष्ट्रीय सेना ने सात अगस्त को उनकी स्वदेश वापसी का इंतजाम किया था। गत 26 जून को श्रीमती चैडविक ने कहा कि उन्हें लंकाशायर पुलिस ने सूचित किया कि उनके बेटे की हत्या कर दी गई है। विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (एफसीडीओ) ने अगले दिन उनसे संपर्क किया और दुखद समाचार की पुष्टि की। उन्होंने कहा,हमें हालांकि उनके अटूट साहस और लचीलेपन पर बेहद गर्व है, लेकिन उनकी मृत्यु विनाशकारी रही है। बेटे, भाई, पोते, भतीजे और चाचा को उनसे बेहद प्यार था। एफसीडीओ के एक प्रवक्ता ने कहा,हम यूक्रेन में मारे गए एक ब्रिटिश व्यक्ति के परिवार को सहायता प्रदान कर रहे हैं और स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में हैं।

## अमेरिका में बंदूक हिंसा के कारण 30 दिनों के लिए बंदूकें ले जाने पर प्रतिबंध

ह्यूस्टन। अमेरिकी राज्य न्यू मैक्सिको के गवर्नर मिशेल लुजान ग्रिशम ने शुक्रवार को एक कार्यकारी आदेश जारी करके राज्य के सबसे बड़े शहर अल्बुकर्क में आग्नेयास्त्रों को खुले तौर पर और छुपाकर ले जाने पर 30 दिनों के लिए प्रतिबंध लगा दिया। आदेश की अवधि के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर बंदूकें ले जाने पर अस्थायी रूप से प्रतिबंध लगा दिया गया। डेमोक्रेटिक गवर्नर ने एक बयान में कहा, जब न्यू मैक्सिकोवासी भीड़ में रहने, अपने बच्चों को स्कूल ले जाने, बेसबॉल खेल छोड़ने से डरते हैं; जब उनके अस्तित्व के अधिकार को हर मोड़ पर हिंसा की संभावना से खतरा होता है। उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, बंदूक हिंसा एक गर्वनर और एक राज्य के रूप में मेरे लिए अविश्वसनीय चुनौतियां पैदा करने वाली है। उन्होंने कहा कि वह कानूनी लड़ाई के लिए तैयार हैं। एनबीसी से संबद्ध एक टेलीविजन स्टेशन, स्थानीय मीडिया आउटलेट केओबी की एक रिपोर्ट के अनुसार, आदेश केवल अत्यधिक हिंसक अपराध दर और आग्नेयास्त्र से संबंधित आपातकालीन कक्ष यात्राओं वाले समुदायों में खुले और छुपाए गए कानूनों को निलंबित करता है, जिसमें वर्तमान में केवल अल्बुकर्क मेट्रो शामिल है। पुलिस को आग्नेयास्त्र ले जाने पर अस्थायी प्रतिबंध से छूट दी गई है।

## दुनिया का सबसे महंगा सिक्का, कीमत 192 करोड़

**4 किलो सोने से बना, ईस्ट इंडिया कंपनी ने इससे क्वीन एलिजाबेथ-2 को श्रद्धांजलि दी**

ईस्ट इंडिया कंपनी ने क्वीन एलिजाबेथ-2 की पहली डेथ एनिवर्सरी (पुण्यतिथि) पर एक सिक्का जारी किया है। इसकी कीमत 192 करोड़ रुपए है। इसे 4 किलोग्राम सोने से बनाया गया है। इसमें 6 हजार 400 हीरे भी जड़े हुए हैं। इसे द क्राउन कॉइन नाम दिया गया है।

इसे अब तक का सबसे महंगा सिक्का कहा जा रहा है। इसके पहले डबल ईगल नाम के सिक्के को दुनिया का सबसे महंगा सिक्का माना जाता था। इस डबल ईगल की कीमत 163 करोड़ रुपए थी। इसे ऑगस्टस सेंट गॉडंस ने 1933 में डिजाइन किया था।

8 सितंबर 2022 को क्वीन एलिजाबेथ का निधन हुआ था। एक साल बाद ईस्ट इंडिया कंपनी ने उन्हें श्रद्धांजलि



देने के लिए द क्राउन कॉइन जारी किया। इस सिक्के के किनारों पर महारानी एलिजाबेथ-2 के कोट्स लिखे हैं। पहला कोट है-उम्र के साथ अनुभव आता है और अगर इसका सही तरीके से इस्तेमाल किया जाए तो यह एक गुण हो सकता है (With age comes e&perience and that can be a virtue if properly used)।

दूसरा कोट है- अपने पुराने मतभेदों को पीछे छोड़कर हम एक साथ आगे बढ़ने के लिए तैयार हो सकते हैं (By being willing to put past differences behind us and move forward together)।

### बास्केट बॉल के साइज का है सिक्का

स्काई न्यूज के मुताबिक, इस सिक्के का साइज बास्केट बॉल के बराबर है। इसका डायमीटर (व्यास) 9.6 इंच है। इसमें दिवंगत सम्राट की तस्वीरें भी लगी हैं। इन तस्वीरों को प्रसिद्ध चित्र कलाकारों मैरी गिलिक, अर्नोल्ड माचिन, राफेल मैकलॉफ और इयान रैंक-ब्रॉडली ने बनाया है।

वहीं, इस सिक्के को बनाने में भारत, जर्मनी, यूके, श्रीलंका और सिंगापुर के कारीगरों को लगाया गया था।

## पाकिस्तान में नया पोलियो संक्रमण

इस्लामाबाद ।पाकिस्तान में पूर्वी पंजाब प्रांत का राजधानी शहर लाहौर में एक और जंगली पोलियो वायरस संक्रमण की पहचान की गयी है। देश के स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इस साल लाहौर में चौथे पोलियो मामला की पुष्टि हुई है। बयान में कहा गया है कि लाहौर में पोलियो के चार में से तीन मामले आनुवंशिक रूप से अफगानिस्तान में संक्रमण के एक समूह से जुड़े हुए हैं। बयान में कहा गया है कि इस साल स्वास्थ्य मंत्रालय ने 1700 नमूनों की जांच की जिसमें से 22 या लगभग एक प्रतिशत में जंगली पोलियो वायरस पाया गया। बयान में कहा गया है कि 2023 में अब तक पोलियो वायरस से दो बच्चे पक्षाघात से पीड़ित हो गये हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

## शार्ट न्यूज़

### साँई की महिमा पर बनी दो एपिसोड की सीरीज मास्क टीवी ओटीटी पर हुई रिलीज़ - चिरंजीवी भट्ट




भारत मे आजकल पर्व त्योहारों की धूम मची है ।अभी हाल फिलहाल पवित्र सावन मास बिता और फिर रक्षाबंधन के बाद श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के साथ ही आजकल मुम्बई में गणपति का जोर चल रहा है, ऐसे भक्तिमय माहौल में निर्माता अंजू भट्ट और चिरंजीवी भट्ट मास्क टीवी ओटीटी पर साईं भक्तों के लिए एक छोटा सा तोहफ़ा लेकर आए है ।जो आगामी गुरुवार से मास्क टीवी ओटीटी पर वेबकास्ट के लिए तैयार है । यह दो एपिसोड की वेबसिरिज विशेषकर साईं भक्तों की विशेष डिमांड को ध्यान में रखते हुए बनाई गई है , जिसका प्रसारण भी साईं पूजा के विशेष मौक़े पर दर्शकों के लिए उपलब्द्ध कराया जाएगा ।50-50 मिनट की दो एपिसोड की यह सीरीज साईं बाबा के 28 सितम्बर को होने वाले पर्व के उपलक्ष्य में प्रसारित होने वाला है । वैसे भी मास्क टीवी ओटीटी समयानुकूल और परिस्थितिजन्य फिल्में व वेबसिरिज लेकर आने के लिए ही दर्शकों के बीच मे प्रसिद्ध है ।और इसपर पहले से ही मिशन सेवेंटी, एंजेल्स , मसूरी हाउस , बुरहान हीरो या विलेन , लीच , डबल शेड्स , आजमगढ़ , आरती जैसे कई विषयप्रधान फिल्में व वेबसिरिज प्रसारित हो रही हैं ।इन सीरीज और फिल्मों की ट्रैफिक भी अच्छी खासी मात्रा में इस ओटीटी प्लेटफॉर्म की व्यूवरशिप को इंगेज किए हुए है ।

### अरविन्द अकेला कल्लू और चाँदनी सिंह की फ़िल्म ''भुलक्कड़'' की शूटिंग बस्ती में शुरू



फ़िल्म निर्माता संजय कुमार गुप्ता के अम्बे फिल्म्स के बैनर तले बन रही भोजपुरी फ़िल्म भुलक्कड़ की शूटिंग उत्तरप्रदेश के बस्ती जिले में आज से शुरू हो चुकी है । इस फ़िल्म में भोजपुरी फिल्मों के चहेते सुपर स्टार अरविंद अकेला कल्लू और चाँदनी सिंह की जोड़ी रोमांस का तड़का लगाते हुए दिखाई देगी पर्दे पर।इस जोड़ी को इस फ़िल्म से सम्बंधित कैरेक्टर लुक में देखने के बाद यही चर्चा है कि फ़िल्म कमाल करेगी जब भी रिलीज़ की जाएगी । फ़िल्म भुलक्कड़ की कहानी लिखी है सुप्रसिद्ध लेखक मनोज कुशवाहा ने ,वहीं इस फ़िल्म के निर्देशक हैं प्रवीण कुमार गुदड़ी ।भुलक्कड़ का संगीत निर्देशन किया है ओम झा ने, और नृत्य निर्देशक हैं कानू मुखर्जी ।फ़िल्म भुलक्कड़ में गीत संगीत के स्तर को भी काफी उम्दा बनाया जा रहा है और उसके लिए ओम झा को स्पस्ट निर्देश दिए गए थे, जिसको लेकर वे दिनरात मेहनत करके गीत संगीत को तैयार किये हैं ।फिल्म में कुल आठ गाने है फिल्म के सभी गानो की शूटिंग बस्ती के खूबसूरत लोकेशन में शूट की जाएगी।अरविन्द अकेला कल्लू ने बताया की ऐसे तो मै बस्ती में कई फिल्मो की शूटिंग कर चूका हु पर यह फिल्म मेरे लिए बहुत खास है फिल्म के निर्माता संजय गुप्ता के साथ यह दूसरी फिल्म है।

### समीर मार्क अभिनीत वीडियो सॉन्ग 'तेरी गलियों में' BLF Music पर हुई रिलीज़ .!



नवोदित मॉडल व अभिनेता समीर मार्क अभिनीत वीडियो सॉन्ग तेरी गलियों में का वीडियो रिलीज़ हो चुका है ।BLF म्यूजिक प्रेजेंट्स तेरी गलियों में एक वेस्टर्न कल्चर पर आधारित एक वीडियो सॉन्ग है जिसे अल्तमश फरीदी ने गाया है । इस वीडियो सॉन्ग में समीर के साथ अक्षा खान भी दिखाई दे रही हैं , जिनके साथ वीडियो सॉन्ग में समीर ने खूबसूरत अभिनय प्रस्तुत किया है। वीडियो सांग की शूटिंग कश्मीर की खूबसूरत वादियों में की गई है । यह एक ट्रेडिशनल सॉन्ग से अलग एक वेस्टर्न संगीत और सूफियाना अंदाज़ वाला वीडियो फ़ीट है जिसे रवि चौपड़ा ने लिखा व शिवा चौपड़ा ने संगीत से सजाया है ।बीएलएफ म्यूजिक के बैनर तले बने इस वीडियो सॉन्ग के निर्माता हैं डॉक्टर ब्रजेश एच वर्मा ।समीर मार्क ने बताया कि इस गाने की शूटिंग कश्मीर की खूबसूरत वादियों में की गई है, जिसमें कश्मीर के खूबसूरत पहाड़ियों को आप बैकग्राउंड में देख सकते हैं और वहाँ के वातावरण में इस गाने की सहजता को महसूस भी कर सकते हैं । बीएलएफ म्यूजिक के यूट्यूब चैनल पर रिलीज़ हुए इस वीडियो सांग को लोग हाथों हाथ ले रहे हैं और इसके रीलीजिंग के एक दिन में ही अच्छे खासे लोगों ने इस गाने को देख लिया है और इसे लगातार पसन्द भी कर रहे हैं।

### नगरपालिका अध्यक्ष ने सौंपे कलश, दिलाई शपथ




**सोनभद्र** ।जनपद मुख्यालय रॉबर्ट्सगंज की नगरपालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने दिल्ली अमृत वाटिका के लिए हर आँगन से मिट्टी लेने के लिए सभी सभासदों को कलश दिए ।इसी तारतम्य में शपथ भी दिलाई घर , द्वार , आँगन से मिट्टी संकलित करने के ।नगरपालिका परिषद की चेयरपर्सन रूबी प्रसाद ने गाँव , चट्टी - चौराहों से गुजरते अपनी माटी देश की राजधानी दिल्ली पहुँचाने की अपील की अमर शहीदों का संस्मरण करते राष्ट्र के लिए त्याग , बलिदान करते सर्वस्व न्यौछावर करने बाले वीरों की निष्ठा व्याख्यायित करते।चेयरपर्सन रूबी प्रसाद ने 8 सितम्बर से 13 सितंबर तक चलने वाले अपनी माटी बटोरते राष्ट्रीय पटल पर थाती के रूप में प्रकीर्णित करने के पावन -पुनीत समुद्देश्य की परिपूर्ति करने के आह्वान के साथ ससँकल्प शपथ दिलाई।

### वेतन वृद्धि को लेकर ग्राम चौकीदारों ने की बैठक

**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**



सादुल्लानगर/बलरामपुर। ग्राम प्रहरी (चौकीदार) ने वेतन वृद्धि व विभिन्न समस्याओं को लेकर बलरामपुर के थाना सादुल्ला नगर अंतर्गत सरकारी डाक बंगला में धर्मराज अर्कवंशी ग्राम प्रहरी चौकीदार के जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में बैठक की गई।जिसमें चौकीदारों की तमाम समस्याओं को लेकर चर्चा किया गया।जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा ने बैठक के कहा कि हम सब को राज्य कर्मचारी का दर्जा भी दिया जाए।व वेतन में वृद्धि किया जाय। इस अवसर पर राम अभिलाष यादव, राम अनुज, खेमराज, सियाराम, कपिल देव, चन्नी दीन,अंबेकेश्वर तिवारी, राम केवल यादव, लालू, विभूति, सहित जिले के तमाम चौकीदार मौजूद रहे।

# हापुड़ की घटना के विरोध में वकीलों ने नही किया न्यायिक कार्य

## दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग पर अड़े , आंदोलन की चेतावनी

**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**



बलरामपुर।हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुई लाठीचार्ज के विरोध में बार काउंसिलआफ उत्तर प्रदेश के आवाह्न पर चौथे दिन भी अधिवक्ता संघ उतरौला ने कलमबंद हड़ताल कर न्यायिक कार्य से विरत रहकर तहसील उतरौला में धरना प्रदर्शन कर विरोध किया।अधिवक्ताओ के हड़ताल से रजिस्ट्री आफिस में कोई भी कार्य नही हो सका।जिससे लाखो रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ।न्यायिक कार्य न होने से फरियादियो को मायूस होकर वापस लौटना पड़ा।

अधिवक्ता संघ उतरौला ने तहसील उतरौला में हापुड़ घटना केविरोध में धरना प्रदर्शन किया। धरना को सम्बोधित करते हुये अधिवक्ता संघ महामन्त्री गयासुद्दीन ने कहा कि पुलिस की कार्यशैली से जनता को न्याय नही मिल पा रहा है।वकीलों पर दर्ज फर्जी मुकदमे तत्काल वापस लिये जाय। मार्कण्डेय मिश्र थाने पर पीड़ितों से दलालो के माध्यम से अवैध धन वसूली की जा रही है। अमित श्रीवास्तव नेकहा कि डरा धमकाकर वकीलों को दबाया नही जा सकता है अधिवक्ता अपने हित की लड़ाई के सक्षम है।धरना प्रदर्शन में हापुड़ के डी एम व एस पी के स्थानांतरण, अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज में दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया जाय,वकीलों पर दर्जफर्जी एफ आई आर को स्पंज किया जाय। घायलों अधिवक्ताओ को इलाज व उचित मुआवजा दिया जाए तथा एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए की मांग की गई।अधिवक्ताओ के विरोध के चलते रजिस्ट्री आफिस में बैनामे से सम्बंधित कार्य चौथे दिन भी नही हो सका।जिससे लाखो रुपये के राजस्व की क्षति हुई है।इस अवसर पर अखिलेश सिंह, निजाम अंसारी,रामसुंदर यादव ,,प्रहलाद यादव,महेंद्र पांडेय, कैलाश उपाध्याय,अब्दुल मोईद सिद्दीकी,,आशीष कसौधन,रवि मिश्रा आलोक गुप्ता,मोहीब खान, बृजेश वर्मा,मुस्लिम खान,सी बी माथुर, शादाब अहमद,अकील अहमद, अजय विमल,आनन्द कुमार,सन्तोष मिश्र सहित तमाम अधिवक्तामौजूद रहे।

## परिवार न्यायालय के जज ने पेश की मिसाल, कई जोड़ो को समझा कर भेजा घर




**सोनभद्र** ।देशभर में तलाक का मुद्दा पिछले कुछ समय से चर्चा ए खास में मिल रहा है। तलाक को लेकर कई तरह के मामले भी सामने आए हैं , समय इतना आगे निकल गया है कि जिन रिश्तो में गर्माहट होती थी अब उनके टूटने में एक पल नहीं लगता।शादी को मजबूत बंधन कहा जाता है लेकिन अब तो मैरिज के कुछ ही महीना बाद तलाक की नौबत आ जाती है । सोनभद्र जनपद की राष्ट्रीय लोक अदालत में अकस्मात् सबकी आंखें नम हो गई जब वर्षों से अलग रह रहे वैवाहिक जोड़े एक दूसरे को माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर फिर से साथ में मरने जीने की कसम खाई ।परिवार न्यायालय के न्यायाधीश राजेन्द्र सिंह की इन दिनों अनोखी पहल देखने को मिली जहाँ हर महीने वैवाहिक दंपति को समझाबुझा कर इक दूजे के साथ रहने के लिए कॉउंसलिंग करते विदाई करवा रहे हैं।उन्होंने बताया कि छोटेमोटे विवादों को तूल देने की बजाय एक दूसरे के गलतियों को नजर अंदाज करें और वैवाहिक जीवन सफल बनाएं।

## कलश में मिट्टी बटोरने के अभियान का हुआ आगाज



**सोनभद्र** ।घर - घर , द्वार - द्वार जा कर कलश में मिट्टी एकत्रीकरण कार्यक्रम का जनपद के खुटहा गांव से श्रीगणेश हुआ।कार्यक्रम में घर - घर जाकर कलश में मिट्टी लिया गया।यह कार्यक्रम पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है जिसमे लोग बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं।कार्यक्रम में भाजपा घोरावल के मण्डल प्रभारी कृष्णमुरारी गुप्ता, जिला मंत्री भाजपा कैलाश सिंह, मण्डल अध्यक्ष अरुण पाण्डेय, पूर्व जिला महामंत्री सूर्यमणि तिवारी, प्रमोद सिंह , बाबूलाल शर्मा मण्डल महामंत्री तथा मण्डल के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। 13 सितम्बर तक चलने वाले इस कार्यक्रम में हर घर से मिट्टी अमृत उद्यान नई दिल्ली के लिए जाएगी।

## श्रम मंत्री का परिभ्रमण सोनभद्र में, दिये आवश्यक निर्देश



**सोनभद्र**। मंत्री श्रम, सेवायोजन, समन्वय विभाग उ0प्र0 अनिल राजभर द्वारा जनपद भ्रमण के दौरान गुरमुरा में स्थापित मुख्यमंत्री अटल आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया गया।इस मौके पर मंत्री ने विद्यालय परिसर में खेलकूद के लिए बेहतर मैदान बनाने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए, जिससे पठन पाठन के साथ ही छात्र - छात्राओं को खेल की सुविधा उपलब्ध हो सके।

विद्यालय के विभिन्न कमरों का बारी - बारी जाकर जायजा लिया और बच्चों को पीने के लिए शुद्ध पेयजल के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की, इसके बाद छात्र - छात्राओं के रहने, सोने व भोजनालय कक्ष का निरीक्षण किया मंत्री ने तथा बच्चों को भोजन के लिए रखे बर्तनों को उठाकर उसके गुणवत्ता जाँची।

इस दौरान मंत्री ने बनाये गये शौचालय की स्थिति देखी और विद्यालय में प्रकाश व्यवस्था के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त कर बेहतर प्रबंध के निर्देश सम्बंधित को दिए। उन्होंने हॉस्टल में खुद भोजन कर गुणवत्ता भी परखी।

श्रम विभाग के अधिकारियों व विद्यालय के शिक्षकों सहित अन्य जिम्मेदारों के साथ समीक्षा बैठक की और विद्यालय के जरुरी जरुरत के कार्यों को शीघ्र ही पूरा कराने के निर्देश सम्बंधितों को दिए।मंत्री ने बिजली के साथ ही विद्यालय में प्रकाश बनाये रखने के वैकल्पिक के रूप में सौर ऊर्जा की समुचित व्यवस्था करने पर पुरजोर बल दिया ।

मंत्री ने कहा कि आगामी 23 सितम्बर,2023 को प्रधान मंत्री का जनपद वाराणसी में भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है, जिसमें प्रधान मंत्री अटल आवासीय विद्यालय का उद्धघाटन भी करसकते हैं।उन्होंने कहा की केन्द्र व प्रदेश सरकार ने श्रमिकों के बच्चों के पढ़ाई लिखाई के प्रति चिंतित हैं तथा इसपर विशेष ध्यान रखते हुए इस तरह के नि:शुल्क आवासीय विद्यालय को खोला जा रहा है, जिससे मजदूर के बच्चे भी उच्च शिक्षा को आसानी से प्राप्त कर सके।विद्यालय परिसर में पौध रोपण किया मंत्री ने और पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधों को बचाये रखने की अपील जनपदवासियों से की।

इस मौके पर पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य शिवमंगल बियार, मंत्री के प्रतिनिधि संजय सिंह, वाराणसी किसान मोर्चा के अध्यक्ष राम प्रकाश सिंह, पूर्व सभासद मुन्ना निषाद, बेटी बचाओ पढ़ाओ बेटी को के संयोजक रवि शंकर श्रीवास्तव, रूप शर्मा आयुक्त मिर्जापुर मंडल पंकज सिंह राणा, सहायक श्रमा आयुक्त मिर्जापुर सुविज्ञ सिंह, श्रम प्रवर्तन अधिकारी शिवेन्द्र प्रताप सिंह सहित अन्य संबंधितगण उपस्थित रहे।

## कान्हा की दीवानी बन जाऊंगी: प्रीति रामानुज

### श्रीमद्भागवत कथा 9 षष्ठम दिवस रासलीला, तुलसी महात्म्य, श्रीकृष्ण - बलराम प्रसंग, रुक्मिणी विवाह संपन्न




गाजियाबाद,। सांस्कृतिक कला संगम समिति, क्रासिंग रिपब्लिक, गाजियाबाद द्वारा गोल्फ कोर्स ग्राउंड में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के षष्ठम दिवस पर कथा वाचिका व्यास जी महाराज प्रीति रामानुज ने श्री शुकदेव मुनि द्वारा राजा परीक्षित को सुनाए गए श्रीकृष्ण रासलीला, तुलसी महात्म्य, श्रीकृष्ण बलराम प्रसंग तथा श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह आदि की कथा के विभिन्न दृष्टांतों का श्रवण कराते अवगाहन कराया श्रोत्रि समुदाय को।

कथा वाचिका व्यास के मुखारविंद से बांस की बांसुरिया पे कान्हा इतरावेज्., काली कमली वाला मेरा यार हैज्ज्, यमुना के तट महा रास रचो हैज्., सांवरिया तुझको किसने सजाया है, आदि भजनों का रसपान कराया श्रद्धालुओं को। कृष्ण-रुक्मिणी विवाह के समय उदात्त भाव से श्रद्धालुओं ने दिल खोलकर कन्यादान किया। कृष्ण एवं रुक्मिणी की भूमिका अविनाश वर्मा तथा सुमीता ने निभाई। श्रीकृष्ण एवं राधिका के झांकी नृत्य का भी लोगों ने आनंद उठाया।क्रासिंगवासियों को घर बैठे कार्यक्रम देखने के लिए वृंदावन की प्रवचन टीवी ने लाइव टेलीकास्ट प्रसारण किया।

कार्यक्रम का संयोजन सांस्कृतिक कला संगम समिति की ओर से क्षितिज सिंघल, तरुण भारत चौहान, आशुतोष चंदन, बी0 पी0 एस0 भाटिया, रवि गुप्ता, रवि शर्मा, विवेक शर्मा, दुर्गेश सिंह, विकास श्रीवास्तव, अर्चना अग्निहोत्री, संजू, दीपशिखा माहेश्वरी, विजय गोयल, अशोक कुमार शर्मा, डॉ0 दिनेश शर्मा, डॉ0 मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव शिखर, संजय अग्निहोत्री, मुकेश चन्द्र श्रीवास्तव, नीरज मिश्रा एवं अन्य पदाधिकारियों ने की। परीक्षित की भूमिका का निर्वहन पी0 एन0 बी0 के अविनाश वर्मा एवं उनकी धर्मपत्नी सुमीता वर्मा ने तथा यजमान की भूमिका अंशुल शर्मा एवं उनकी धर्मपत्नी निमिषा ने निभाई। वृन्दावन के रामानुज फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे सामाजिक एवं धार्मिक कार्यकलापों की जानकारी पं. योगेन्द्र भारद्वाज ने श्रद्धालुओं को दी।

## बारिश से हुए जलभराव के कारण डेंगू और मलेरिया का प्रकोप

**एजेंसी**

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रूप से निचली आबादी में जलभराव और गन्दगी के कारण मच्छरों की वज़ह से डेंगू और मलेरिया का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। अस्पतालों मे पीड़ित मरीजों के परीक्षण में भी डेंगू और मलेरिया के वायरस की पुष्टि हुई है।

स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में कीटनाशक दवाओ के छिड़काव के साथ साफ सफाई के निर्देश भी दिए गए हैं। मौसम के एक बार फिर करवट लेने से दो दिन से लगातार बारिश से अनेक निचले क्षेत्रों जलभराव की समस्या बन गई है जिसकी वजह से मच्छरों का प्रकोप जोर पकड़ रहा है। मच्छरों के प्रकोप के साथ ही बुखार के मरीजों की संख्या भी बढ़ती जा रही है विशेष रूप से नारखी, अराव,कोटला क्षेत्र बुखार के मरीजों से प्रभावित है।

मरीजों की जांच में डेंगू और मलेरिया के वायरस की पुष्टि हो चुकी है। सीएमओ डॉक्टर रामबदन सिंह के द्वारा भी क्षेत्र का दौरा किया जा रहा है। डिप्टी सीएमओ पवन कुमार और मलेरिया अधिकारी डॉ एस पी गुप्ता अपनी टीम के साथ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करने के साथ कैंप लगाकर दबाए वितरण कर पीड़ित मरीजों की जांच जारी है।

## सीओ ने आबकारी की संयुक्त टीम के साथ शराब की दुकानों का किया निरीक्षण



सोनभद्र ।घोरावल से रॉबर्ट्सगंज मुख्य मार्ग पर स्थित घोरावल कस्बे में स्थित देसी शराब की दुकान, बियर की दुकान तथा अंग्रेजी शराब की दुकान का क्षेत्राधिकारी घोरावल अमित कुमार, प्रभारी निरीक्षक घोरावल अंजनी कुमार राय, चौकी इंचार्ज घोरावल जितेंद्र बहादुर सिंह तथा आबकारी विभाग की टीम द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया ।आबकारी विभाग की टीम में आबकारी निरीक्षक ए0 के0 चौधरी सहित आबकारी पुलिस बल उपस्थित रहा। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि तीनों प्रकार की दुकान जो एक साथ स्थित है,इसमें रेट लिस्ट लगी हुई है तथा स्टॉक मिलान करने पर स्टॉक एवं बिक्री की गणना सही पाई गई।आबकारी दुकान के सेल्समैन के माध्यम से उनके मालिकों तक यह संदेश दिया गया कि सीसीटीवी कैमरों की संख्या और बढ़ा लें , अभी सीसीटीवी कैमरे लगे हैं किन्तु उनकी संख्या कम है तथा रेट लिस्ट स्पष्ट रूप से सार्वजनिक दिखने वाले स्थान पर चस्पा की जाय । इस हिदायत के साथ साथ तीनों दुकान में सेल्समैन की जो एक-एक की संख्या थी उसमें बढोत्तरी के निर्देश दिये और कहा कि दुकान के मालिक एक - एक और सेल्समैन की नियमानुसार परमिशन प्राप्त कर लें जिससे कभी यदि कोई सेल्समैन बीमार पड़ जाए या अवकाश पर जाता है तो उसके स्थान पर कार्य करने हेतु दूसरा सेल्समैन रहे ।सी0ओ0 ने कहा कि अन्यथा की दशा में किसी और व्यक्ति को सेल्समैन के रूप में दुकान में बैठने पर कार्यवाही की जाएगी।

## ललितपुर में भ्रष्टाचार के आरोप में तकनीकी सहायक गिरफ्तार

**ललितपुर**। उत्तर प्रदेश के ललितपुर में शनिवार को विकास खण्ड मड़ावरा की ग्राम पंचायत रमगढ़ा में विकास कार्यों में भ्रष्टाचार करने के मामले में फरार चल रहे तकनीकी सहायक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष गिरार दलबल के साथ वांछित अपराधियों की तलाश में घूम रहे थे, इसी दौरान उन्हें फरार चल रहे मध्य प्रदेश के जिला निवाड़ी निवासी परशुराम पुत्र बिहारीलाल को गिरार के पास देखा व गिरफ्तार कर लिया। ग्राम पंचायत रमगढ़ा में तत्कालीन खण्ड विकास अधिकारी दीपेन्द्र पाण्डेय द्वारा थाना गिरार में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि ग्राम पंचायत के विकास कार्यों में अनियमिततायें करते हुए भ्रष्टाचार किया गया है, जिस मामले में ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सचिव सहित तकनीकि सहायक के विरूद्ध धारा 420, 467, 468, 409, 471, 120बी के तहत मामला दर्ज किया गया था। थानाध्यक्ष गिरार ने बताया कि तकनीकी सहायक को गिरफ्तार कर लिया गया है व बचे हुए अन्य आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## राजकीय पशु चिकित्सालय बघेलखंड में डॉक्टर की तैनाती न होने तथा चारदीवारी टूटकर लटका होने से आक्रोशित ग्रामीण

**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**



जरवा(बलरामपुर)। राजकीय पशु चिकित्सालय बघेलखंड में लगभग दो वर्षों से किसी भी डॉक्टर की तैनाती नहीं होने से चिकित्सालय हमेशा बंद रहता था।

लेकिन अभी दो लोगों की तैनाती हुई है जिसमें एक पशुधन प्रसार अधिकारी मोइनुद्दीन तथा एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ओमप्रकाश की तैनाती हुई है।

सुकई गौतम, इमरान, राम कुमार, आकाश, किस्मत अली, रामप्यारे, ननकू, मालिकराम सहित दर्जनों क्षेत्रीय पशुपालकों ने कहा कि पशु अस्पताल में डॉक्टर की तैनाती नहीं होने से हमें पशुओं के इलाज में काफी समस्या होती है। प्राइवेट डॉक्टर से इलाज करवाने पर हमें अधिक पैसे देने पड़ते हैं।

यह सीमावर्ती क्षेत्र है। हमारी आजीविका का कोई साधन नहीं है। दैनिक मजदूरी करके तथा जानवरों का दूध बेचकर ही परिवार का पालन पोषण होता है। ऐसी स्थिति में हमारे पास अधिक धन भी नहीं है कि हम प्राइवेट डॉक्टरों से इलाज का खर्च वहन कर सकें।

सभी ने जिलाधिकारी से अस्पताल में डॉक्टर की तैनाती करवाने तथा अस्पताल के चारदिवारी की मरम्मत व बिजली की व्यवस्था करवाने की मांग की है।

अस्पताल में तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ओमप्रकाश ने बताया कि पशु चिकित्सालय की चारदीवारी टूटी हुई है मुख्य दरवाजे पर लगे लोहे का गेट टूट कर नीचे गिर चुका है। तथा एक दरवाजा टूट कर आधा लटका हुआ है। शाम के समय गांव के छोटे-छोटे बच्चे चारदीवारी पर चढ़कर खेलते हैं तथा गेट को पकड़ कर लटकते हैं। जिस कारण बड़ा हादसा भी हो सकता है। जिसे लगवाना और दुरुस्त करवाना अति आवश्यक है। यहां हमेशा जंगली जानवरों का खतरा बना रहता है। गेट बंद रहने से पशु अस्पताल में आवारा पशु नहीं जा पाएंगे और हम सभी सुरक्षित रहेंगे। अस्पताल में बिजली की व्यवस्था न होने से गर्मी का भी दंश झेलना पड़ता है।

खंड पशु चिकित्सा अधिकारी गैंसड़ी डॉ राजेश सिंह ने बताया कि पत्र लिखकर समस्याओं से उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया गया है बजट आने पर दुरुस्त करवा दिया जाएगा। ग्राम प्रधान नसीम से भी दुरुस्त करवाने के लिए कहा गया है उन्होंने भी बजट न होने का हवाला देकर किनारा काट लिया।